वर्ष- 11 अंक-236
लखनऊ, मंगलवार 16 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 2.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार : सीएम योगी 03

कांग्रेस भ्रष्टाचार व परिवारवाद की गारंटी देने वाली पार्टी : पुष्कर धामी 12

## अष्टमं महागौरी



**श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥**

मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। इनकी आयु आठ साल की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद होने की वजह से इन्हें श्वेताम्बरधरा भी कहा गया है। कहते हैं कि शिव को पति रूप में पाने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी। इस कारण इनका शरीर काला पड़ गया, लेकिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शंकर ने इनके शरीर को गंगा जल से धोकर कांतिमय बना दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### के कविता की न्यायिक हिरासत 23 तक बढ़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के. कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सीबीआई की हिरासत समाप्त होने के बाद कविता को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। जज कावेरी बावेजा ने उन्हें सीबीआई के मामले में 23 अप्रैल तक जेल भेज दिया। ईडी के मामले में भी उनकी हिरासत 23 अप्रैल तक है। राउज एवेन्यू कोर्ट में कविता ने कहा, यह सीबीआई हिरासत नहीं, बल्कि बीजेपी हिरासत है। वे दो साल से बार-बार पूछ रहे हैं, नया कुछ भी नहीं है। सीबीआई ने 11 अप्रैल को कविता को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था।

### टीम ने कार से बरामद की ढाई लाख की नकदी

**हमीरपुर ।** लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को उड़नदस्ता टीम ने 2.66 लाख से अधिक रुपये की नकदी बरामद कर जब्त कर ली है।
अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में गठित उड़नदस्ता व स्टेटिक निगरानी टीम ने मझगवां थाना क्षेत्र में मजिस्ट्रेट व पुलिस की संयुक्त रूप से संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी गिरवर बैरियर के पास एक कार संदिग्ध रूप से आते दिखाई दी। चेकिंग कराई गई तो कार में सवार पौथियां हमीरपुर निवासी अभिषेक पुत्र रामनरेश के पास से 2.66 लाख पांच सौ रुपये की नकदी मिली। एएसपी ने बताया कि बरामद नकदी जब्त कर ली गई है।

### डाक मतपत्र से 109 वर्ष की बुजुर्ग महिला ने किया मतदान

**कांकेर।** जिले में लोकसभा चुनाव के लिए 85 वर्ष आयु से ऊपर एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए आज सोमवार से मतदान आरम्भ हुआ। प्रशासन द्वारा गठित कुल 22 टीमें डाक मतपत्र के माध्यम से घर पंहुचकर मतदान की प्रक्रिया पूरी करवाने का काम कर रहे हैं। जिले के कोरर क्षेत्र के सेलेगांव की बुजुर्ग मतदाता जोहतरीन साहू उम्र 109 वर्ष ने आज मतदान कर लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। विदित हो कि जिले में ऐसे मतदातओं की कुल संख्या 340 है, जिसमें 85 वर्ष आयु से अधिक वर्ग के 219 और दिव्यांगजन मतदाताओं की संख्या 121 है।

### पतंजलि कंपनी व डी-मार्ट पर 1.40 लाख का जुर्माना

**इंदौर।** बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि के खिलाफ नापतौल विभाग ने कार्रवाई की है। पैकेट में 53 ग्राम बिस्किट कम निकलने पर विभाग ने प्रकरण दर्ज किया है। साथ ही सुपर मार्केट डी-मार्ट को भी कार्रवाई के दायरे में लिया है। दोनों के खिलाफ विभाग ने जुर्माना लगा दिया है। अधिकारी के मुताबिक, कंपनी पर एक लाख 20 हजार रुपये और सुपर मार्केट पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। नवंबर 2023 में महेंद्र जाट ने कनाड़िया स्थित डी-मार्ट कंपनी से 800 ग्राम पतंजलि बिस्किट का पैकेट खरीदा था। इसके बदलने में 125 रुपये दिए। पैकेट का वजन कम होने पर महेंद्र ने जागरूक उपभोक्ता समिति को मामले की जानकारी दी। समिति ने इसकी शिकायत नापतौल विभाग से की। जांच करने पर पैकेट का वजन 746.70 ग्राम निकला।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल में एक चुनावी रैली में कांग्रेस और राहुल गांधी पर बोला हमला, कहा

# कांग्रेस के लिए खानदानी सीट बचाना मुश्किल

**▶ केरल के लोगों को एलडीएफ-यूडीएफ से रहना होगा सावधान**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को केरल में एक चुनावी रैली में कांग्रेस और राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से हमला बोला। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में अपने पारिवारिक गढ़ को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे एक प्रमुख कांग्रेस नेता ने केरल में शरण ली है।

त्रिशूर के अलाथुर शहर में इस चुनावी रैली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिये बिना प्रधानमंत्री ने तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस के एक बड़े नेता, जिनको यूपी में अपनी खानदानी सीट पर इज्जत बचाना मुश्किल हो गया है, उन्होंने केरल में ठिकाना लिया है। कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने के लिए यहां कांग्रेस ने उस संगठन की राजनीतिक शाखा से गुप्त समझौता किया है, जिसको



देश में बैन किया गया है। केरल के लोगों के प्रति अपनी वास्तविक चिंता जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, केरल के लोगों को एलडीएफ-यूडीएफ दोनों से सावधान रहना होगा।

प्रधानमंत्री ने विपक्ष की कड़वी सच्चाई को भी उजागर किया और कहा, केरल में भले ही कांग्रेस पार्टी लेफ्ट के लोगों को आतंकवादी कहती है लेकिन दिल्ली में ये लोग एक साथ बैठकर चुनावी गठबंधन करते हैं। कभी कांग्रेस के भाई-भतीजावाद के आलोचक रहे वामपंथी अब इस मामले पर उनकी सलाह चाहते हैं। आईएनडीआई गठबंधन के तहत एकजुट होकर वे भ्रष्टाचार पर मोदी की कार्रवाई से डरते हैं। उनका साझा लक्ष्य मोदी हैं लेकिन निश्चिंत रहें, भाजपा और एनडीए के लिए हर वोट गरीबों के कल्याण के लिए बोलेगा। भाजपा के हाल ही में जारी चुनावी घोषणा पत्र पर भरोसा जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र देश के विकास का संकल्प पत्र है। घोषणापत्र के हर पन्ने पर मोदी की गारंटी है। मोदी ने यह भी कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब है कि 70 साल से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त चिकित्सा उपचार मिलेगा।

### उप्र के लोगों ने परिवार वालों को नकार दिया : योगी



**पटना/औरंगाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बिहार के औरंगाबाद पहुंचे। उन्होंने यहां औरंगाबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार सुशील सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों ने परिवार वालों को नकार दिया, अब बिहार के लोगों की बारी है। योगी आदित्यनाथ ने अपने भाषण को दौरान राजद एवं सपा पर एक साथ हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजद से कोई उम्मीद न कीजिए। यह चुनाव नेशन फर्स्ट और फैमिली फर्स्ट के बीच होने जा रही है। अच्छा हुआ कि एनडीए को बिहार में और सशक्त बनाने में हमें सफलता प्राप्त हुई। बिहार में लालू यादव के परिवार के लिए ही सीट कम पड़ रही थी। यह परिवार तक ही सीमित हो गए। परिवार के बाहर सोच है ही नहीं। विकास भी परिवार का, सीट भी परिवार को, योजनाओं का लाभ भी परिवार को ही मिलना है। योगी ने कहा कि एक परिवार बिहार और एक परिवार उत्तर प्रदेश में है। उप्र की जनता उन्हें जवाब दे चुकी है, अब बिहार के लोगों को जवाब देने के लिए तैयार होना है। जातिवादी ताकतों को नकार दें। उप्र मुख्यमंत्री योगी ने केन्द्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि 50 करोड़ लोगों के जनधन अकाउंट मोदी सरकार में खोल दिए गए हैं। इससे दिल्ली से सरकार कोई पैसा भेजती है तो सीधे अकाउंट में जाए। बीच में कोई दलाल डकैती न डालने पाए। पीएम आवास योजना में चार करोड़ लोगों को पक्का मकान दिया गया है। योगी ने कहा कि हम लालूजी से कहेंगे, आप संख्या बढ़ाइए, मोदीजी फ्री में मकान दे ही रहे हैं। अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और आवास देंगे।

### पश्चिम की हवा करेगी बीजेपी का सूपड़ा साफ



मुजफ्फरनगर। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को दावा किया कि पश्चिम उत्तर प्रदेश में मतदान की लहर देश से भाजपा का सफाया कर देगी। मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी हरेंद्र मलिक के पक्ष में बघाड़ा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह खास चुनाव है और इस बार माहौल अलग है। हर वर्ग के लोग बीजेपी के खिलाफ खड़े हो गए हैं और जानते हैं कि यूपी से उसका सफाया हो जाएगा। यूपी के पूर्व सीएम ने कहा कि आज 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सपा सरकार की पहल थी। सपा सरकार ने सड़क पर एम्बुलेंस उपलब्ध कराईं। डायल 100 नंबर की व्यवस्था सपा सरकार ने ही की थी। अब भाजपा सरकार में पुलिस ने वसूली बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने युवाओं को लैपटॉप देकर के डिजीटल डिवाइड को खत्म करने का काम किया था। इस बार भी अगर युवाओं ने मदद किया तो आपको खराब वाला राशन नहीं, हम आपको पौष्टिक आटा और डाटा भी देंगे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि ये सरकार किसानों की नहीं हैं ये सरकार बड़े-बड़े उद्योगपतियों की है।

### धर्म की आड़ में मुस्लिमों पर हो रहा अत्याचार : मायावती



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बसपा सुप्रीमो मायावती ने मुरादाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा, सपा, कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ये पार्टियों आप के बीच में जाएंगी, आप के साथ लोकलुभ्भावन वादे करंगी, लेकिन इनकी कथनी और करनी में उत्तर है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी धर्म की आड़ में मुस्लिस समाज पर अत्याचार कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की तरह ही भाजपा की सरकार भी जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। मायावती ने कहा कि दलितों, आदिवासियों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण नहीं मिल रहा है।

### दो मालगाड़ी पटरी से उतरीं, अधिकारियों में मची खलबली

**मथुरा।** जंक्शन रेलवे स्टेशन के यार्ड में बीतीरात और सोमवार पूर्वान्ह दो मालगाड़ी पटरी से उतर गईं। लोको ट्रैफिक एसएंडटी इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों ने ज्वाइंट नोट तैयार किया। इसमें इंजीनियरिंग विभाग की गलती प्रथम दृष्ट्या मानी गई। सोमवार दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। वहीं चंबल एक्सप्रेस के पेंटों में फंसकर ओएचई टूट गई जिससे प्लेटफॉर्म एक पर कुछ देर यातायात रुका। शाम स्टेशन निदेशक एसके श्रीवास्तव ने बताया जंक्शन रेलवे स्टेशन के यार्ड में दो मालगाड़ी पटरी से उतरी हैं। इस घटना में दो कर्मचारी निलंबित किए गए हैं। रेल संचालन प्रभावित नहीं हुआ है। चंबल एक्सप्रेस के पेंटो में ओएचई क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस कारण ट्रेनों का संचालन प्लेटफार्म बदलकर किया गया। गौरतलब हो कि जंक्शन रेलवे स्टेशन के यार्ड में रविवार की रात करीब 11.30 बजे दिल्ली एंड पर नए बस स्टैंड रेलवे पुल के निकट खाद लेकर आ रही मालगाड़ी शटिंग के दौरान लाइन नंबर एक पर पटरी से उतर गई। मालगाड़ी पटरी से उतरने की सूचना पर स्टेशन निदेशक एसके श्रीवास्तव, आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक अवधेश गोस्वामी आदि मौके पर पहुंच गए।

## नक्सलियों की बड़ी साजिश पुलिस ने की नाकाम, आठ आईईडी बम बरामद

एजेंसी

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नक्सलियों के द्वारा बरवाडीह थाना क्षेत्र के मोरवाई गांव के निकट जंगल में छुपा कर रखे गए आठ बम को बरामद किया। बरामद बम को जंगल में ही बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट का निष्क्रिय कर दिया।

एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरवाई गांव के पास स्थित जंगल में कुछ संदिग्ध वस्तुएं देखी गई हैं। इस सूचना पर पुलिस और सीआरपीएफ की टीम संयुक्त रूप से जंगल में छापामारी अभियान चलाई। छापामारी के क्रम में एक चट्टान के नीचे से आठ बम बरामद किया गया।

सभी बम को जंगल में ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया गया। एसपी ने बताया कि ऐसी संभावना जताई जा रही है कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए बम रखा होगा। उन्होंने बताया कि पूरे जंगल में सर्च अभियान चलाई जा रही है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव को लेकर सभी सुदूरवर्ती जंगली इलाकों में भी लगातार सर्च अभियान जारी है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील किया है कि किसी भी प्रकार की सूचना होने पर तत्काल पुलिस से संपर्क करें।

### चुनाव में धन, प्रलोभन के विरुद्ध चौकसी, रिकार्ड 4650 करोड़ की जब्ती

**नयी दिल्ली।** लोक सभा और चार विधान सभा चुनावों को धन और प्रलोभन से मुक्त रखने के लिए चुनाव आयोग की चौकसी के साथ देश भर में पुलिस और अन्य प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक कुल 4650 करोड़ रुपये की नकदी, शराब, मादक वस्तुएं और अन्य सामान जब्त किए हैं। लोकसभा चुनावों के 75 साल के इतिहास में इस तरह की यह अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है। प्रवर्तन एजेंसियों ने 13 अप्रैल तक 395.39 करोड़ रुपये नकद, 489.3 रुपये मूल्य की शराब, 2068.8 करोड़ रुपये के मादक द्रव्य, 562.1 करोड़ की कीमती धातुएं और 1142.49 करोड़ रुपये की प्रलोभन की वस्तुओं सहित कुल 4650 करोड़ रुपये की जब्ती की है।

## कांग्रेस ने लखनऊ पूर्व से मुकेश चौहान को दिया टिकट

**▶ समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार भी लखनऊ पूर्व में लड़ेगा चुनाव**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस ने सोमवार को मुकेश चौहान को टिकट दे दिया है। मुकेश चौहान अभी तक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और नगर निगम के पार्षद रहे हैं।

मुकेश चौहान को टिकट मिलने के बाद उन्हें इंडी गठबंधन के उम्मीदवार के रुप में प्रचार किया गया तो समाजवादी पार्टी ने साइकिल भी लड़ेगी का दावा कर दिया। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता डा. आशुतोष वर्मा ने कांग्रेस की ओर से पूर्व विधानसभा सीट पर उम्मीदवार घोषित होने के बाद प्रतिक्रिया दी। प्रवक्ता डा. आशुतोष ने कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस के नेताओं से हुई बातचीत में लखनऊ पूर्व सहित विधानसभा सीटों पर गठबंधन की कोई बात नहीं हुई थी। शुरु में ही स्पष्ट हो गया था कि विधानसभा में कांग्रेस से कोई गठबंधन नहीं है। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता ने दावा करते हुए कहा कि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर अभी साइकिल का उम्मीदवार आना बाकी है। कांग्रेस के उम्मीदवार के अलावा समाजवादी पार्टी का उम्मीदवार भी लखनऊ पूर्व में चुनाव लड़ेगा। उम्मीदवार के रुप में तमाम नाम टिकट मांग रहे हैं, जिसमें अंतिम निर्णय पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ही करेंगे। वहीं कांग्रेस के उम्मीदवार मुकेश चौहान ने पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने नगर निगम में बतौर पार्षद कार्य देखा है। उन पर विश्वास कर के पार्टी ने एक कार्यकर्ता का मनोबल बढ़ाया है।



### नौ ने खरीदे नामांकन पत्र, सपा सहित दो ने पर्चे दाखिल किए

**फिरोजाबाद।** जिला प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) सहित दो उम्मीदवारों ने नामांकन किए। जबकि नौ नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। जिसको लेकर 12 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया जारी है। नामांकन के पहले दिन 21 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे थे। सोमवार को जिला प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्थाओं के बीच समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अक्षय यादव एवं भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी के उम्मीदवार उपेन्द्र सिंह ने अपने प्रस्तावकों के साथ नामांकन किया। इसके साथ ही नौ नामांकन पत्र बिक्री हुए। जिनमें विजेन्द्र सिंह राष्ट्रीय समानता पार्टी, अनिल कुमार निर्दलीय, अलीम निर्दलीय, महेन्द्र सिंह राष्ट्रीय समानता दल, मोहम्मद अहमद निर्दलीय, पायल राठौर निर्दलीय, दीपक लोधी निर्दलीय, मोहम्मद नूर आतिफ राष्ट्रीय उलैमा काउन्सिल व चौधरी बशीर निर्दलीय रहे।

## भ्रष्टाचारियों का गठबंधन है इंडिया : नड्डा

**▶ भाजपा अध्यक्ष ने विपक्ष की पार्टियों को लिया आड़े हाथ**

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा-एनडीए का एक संकल्प पत्र है परंतु गठबंधन होने के बावजूद विपक्ष में हर पार्टी का अलग-अलग संकल्प पत्र है। उन्होंने कहा कि गठबंधन होने के बावजूद आपस में मिलने का संकल्प नहीं है। उत्तराखंड की टिहरी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मसूरी के गांधी चौक पर सोमवार को आयोजित विजय संकल्प जनसभा में नड्डा ने विपक्ष पर हमला बोला।



विपक्षी गठबंधन भ्रष्टाचारियों का गठबंधन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है कि चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों पर और तेज कार्रवाई होगी। टिहरी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मसूरी की विजय संकल्प जनसभा में भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में बोफोर्स, अगस्ता वेस्टलैंड, पनडुब्बी, कोयला, 2जी सहित कई घोटाले किए। अखिलेश ने लैपटॉप तो लालू ने चारा घोटाला किया। इन सब घोटालों में घोटाले और परिवार की पार्टियां हैं। उन्होंने टिहरी गढ़वाल सीट से भाजपा उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह के समर्थन लोगों से वोट करने की अपील की। नड्डा ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में 70 वर्ष से ऊपर के हर वर्ग के व्यक्ति को आयुष्मान भारत का लाभ दिए जाने की बात कही है। किन्नर समाज के लोगों को भी आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाएगा।

### उप्र में धूल भरी आंधी के साथ हल्की बारिश की संभावना

**कानपुर।** देश में कई प्रकार की मौसमी गतिविधियां सक्रिय होने से उत्तर प्रदेश के मौसम में बराबर बदलाव देखा जा रहा है। तापमान सामान्य से अधिक होने के बावजूद आसमान में छाये बादल गर्मी के प्रकोप को कमजोर कर रहे हैं। वहीं तेज हवाएं भी गर्मी में राहत दे रही हैं। मौसम विभाग का कहना है कि एक दो दिन ऐसा ही मौसम रहेगा और धूल भरी आंधी के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की बारिश की संभावना है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उससे सटे ईरान के पूर्वी हिस्से में समुद्र तल से 3.1 से 12.6 किलोमीटर ऊपर स्थित है।

## 23 तक बढ़ी केजरीवाल की न्यायिक हिरासत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत सोमवार को 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी।

राऊज एवेन्यू स्थित काबेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद श्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने संबंधी आदेश पारित किया। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत पूरी होने के बाद वर्चुअल माध्यम से विशेष अदालत में पेश किया। अदालत ने अगली सुनवाई 23 अप्रैल को उन्हें फिर वर्चुअल माध्यम से पेश करने का ईडी को निर्देश दिया। श्री केजरीवाल को इससे पहले एक अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। ईडी ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए कई बार उन्हें समन भेजा था। समान की अनदेखी के बाद ईडी ने 21 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था। कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने इसी मामले की सह आरोपी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ाने का आदेश दिया।



### गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर ईडी को नोटिस

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की शराब नीति मामले में गिरफ्तारी और उसके बाद रिमांड को चुनौती देने वाली याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया। सुनवाई करने पर सहमति जताते हुए न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने ईडी को 24 अप्रैल तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने केजरीवाल को ईडी द्वारा दिए जाने वाले जवाब पर 27 अप्रैल तक हलफ़नामा, यदि कोई है तो, दाखिल करने की अनुमति दी है।

## दुनिया के टॉप 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में शामिल हुआ दिल्ली एयरपोर्ट

**▶ एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल वर्ल्ड की ओर से सूची जारी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने एक और उपलब्धि हासिल की है। दिल्ली एयरपोर्ट 2023 के लिए दुनिया के सबसे 10 व्यस्ततम हवाई अड्डों की सूची में शामिल हुआ है।

एयरपोर्ट कार्उसिल इंटरनेशनल (एसीआई) वर्ल्ड की ओर से सोमवार को जारी सूची के मुताबिक राजधानी दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दसवें पायदान पर है। सूची में अमेरिका का हर्ट्सफील्ड-जैक्सन अटलांटा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा सबसे ऊपर है जबकि दुबई और डलास हवाई अड्डे क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। इस सूची में लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट चौथे, टोक्यो का हनेडा हवाई अड्डा पांचवें, डेनवर का अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा छठे, इस्तांबुल हवाई अड्डा सातवें, लॉस एंजिलिस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा आठवें और शिकागो का ओहारे अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा नौवें स्थान पर है। एयरपोर्ट कार्उसिल इंटरनेशनल के मुताबिक दुनिया में शीर्ष 10 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से पांच अमेरिका में हैं। एसीआई ने कहा कि 2023 में पूरी दुनिया में 8.5 अरब (850 करोड़) यात्रियों ने हवाई यात्रा किया, जो कोरोना महामारी से पहले यात्रियों की संख्या का 93.8 फीसदी है जबकि वर्ष 2022 की तुलना में 27.2 फीसदी अधिक है।

**निर्देश** | चुनाव प्रचार सामग्री मानक के अनुरूप निश्चित स्थान पर ही लगे : नवदीप रिणवा

## चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक, प्रकाशक का नाम व पता अनिवार्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है जिसके अनुसार सभी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का नाम व पता का अनिवार्य रूप से उल्लेख करना होगा। यह कदम चुनाव प्रक्रिया में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है।

जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 127ए के तहत, चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पैम्फ्लेट, पोस्टर या बैनर के मुद्रण में मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते के बिना मुद्रित नहीं किया जा सकता। आयोग ने यह निर्देश उन शिकायतों के बाद जारी किया, जिसमें दावा किया गया था कि नगर निकाय के नियंत्रण वाले होर्डिंग लगाने के स्थानों पर बिना प्रकाशक और मुद्रक की पहचान वाले होर्डिंग लगे हुए हैं। इस निर्देश के साथ आयोग ने अब 'आउटडोर मीडिया' पर प्रकाशित राजनीतिक विज्ञापनों के लिए स्थान किराए पर देने वाले सभी स्थानीय प्रशासन व नगरीय निकायों के लाइसेंसधारियों, ठेकेदारों की जवाबदेही भी तय कर दी है। नगरीय निकायों व स्थानीय प्रशासन, जो कि होर्डिंग्स, पोस्टर, बैनर लगवाने के लिए जिम्मेदार हैं, द्वारा आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। चुनाव प्रचार सामग्री आदर्श आचार संहिता के निर्धारित मानक के अनुरूप निश्चित स्थान पर लगी हो। होर्डिंग्स, पोस्टर व बैनर में प्रकाशित सामग्री में मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम मुद्रित हो, इसकी जिम्मेदारी इन्हीं की होगी। निर्देश का प्रभाव यह होगा कि चुनाव सामग्री की प्रिटिंग में शामिल सभी पक्षों को अधिक सतर्क रहना होगा और उन्हें अपनी जवाबदेही का पूर्ण रूप से पालन करना होगा। इससे निर्वाचन प्रक्रिया में अधिक स्पष्टता आएगी और मतदाताओं को उचित जानकारी प्राप्त हो सकेगी।






### हटाई गई 98,22,764 प्रचार-प्रसार सामग्री

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 98,22,764 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 59,29,782 तथा निजी स्थानों से 38,92,982 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 6,32,639, पोस्टर के 27,86,765, बैनर के 16,89,357 एवं अन्य 8,21,021 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में वालराइटिंग के 5,09,038, पोस्टर के 17,76,954 बैनर के 9,45,550 एवं अन्य 6,61,440 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग दुरुपयोग के 1238 मामलों में, लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2188 मामलों में कार्रवाई की गयी।

# डीएम के नेतृत्व में स्वीप के तहत बनाई मानव श्रृंखला

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत आज प्रातः 8 बजे जिलाधिकारी आवास से जेबा पार्क तक मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस मानव श्रृंखला में जनपद के विभिन्न कॉलेजों से आये करीब 4 हजार छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाते हुए मतदाता जागरूकता से जुड़े तरह तरह के आकर्षक स्लोगन लिखी तख्ती लेकर लोगों को मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया।

मानव श्रृंखला के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, एसडीएम सदर विजय कुमार त्रिवेदी, एसडीएम सुश्री श्वेता मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय, जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य, सीओ सिटी, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्र अधिकारी यातायात सहित अनेक विभागों से आए अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में मानव श्रृंखला का भव्य आयोजन किया गया। सर्वप्रथम एसडीएम सदर ने जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार सहित मुख्य विकास अधिकारी और पुलिस अधीक्षक को मतदाता जागरूकता की कैप अलंकरण किया। जिलाधिकारी को खुली जिप्सी से निरीक्षण करना था लेकिन मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए युवाओं से बिल्कुल करीब से मिलते हुए पूरा रूट मार्च पैदल ही चलकर पूरा किया जो निश्चित रूप से अद्भुत अविस्मरणीय बन गया।

इससे पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक ने जनपद के विभिन्न इंटर कॉलेज जैसे जमील-उर-रहमान किदवई गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय बाराबंकी, मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला महाविद्यालय बाराबंकी, साईं इंटर कॉलेज, एमबी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन सहित अनेक कॉलेज के बच्चों को पूर्व निर्धारित स्थान पर खड़ा करके मानव श्रृंखला का आकार प्रदान किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मानव श्रृंखला का अवलोकन किया गया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ एनसीसी स्काउट गाइड रोवर रेंजर द्वारा लगाए जा रहे मतदाता जागरूकता के नारों से माहौल पूर्ण रूप से सकारात्मक दिख रहा था। संपूर्ण व्यवस्था को देखने में यातायात विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी और शिक्षकों के देखरेख में पूर्ण अनुशासन में मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आशीष पाठक, तौहीद खान, अनंत कुमार अस्थाना, इकबाल फातिमा, आर एस धीमान, रितु अग्निहोत्री, अभिसारिका वर्मा, राहुल सूर्यवंशी, राजेंद्र त्रिपाठी, रामाधार भारती सहित अनेक शिक्षकों ने कर्मठता के साथ सहयोग प्रदान किया।

## कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जैदपुर,बाराबंकी।** जैदपुर पुलिस ने दस लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ एक आरोपी को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर कार्यवाही की है। बताते चले कि रविवार को कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय सहयोगी पुलिस के जवानों के गश्त करते रहे थे। और मुखबिर की सूचना मिलने पर कस्बे के मोहल्ला झलरवा के पास दस लीटर कच्ची शराब लेकर जाते हुये एक अभियुक्त को बहुत ही हिकमत व घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध जैदपुर थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है। इस संबंध में कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि दस लीटर अवैध कच्ची शराब लेकर जा रहे एक व्यक्ति को गिरफतार कर कार्यवाही की गयी है। जो कस्बे का ही रहने वाला है।



## मतदान के विषय पर हुई निबन्ध प्रतियोगिता

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** सीता देवी महाविद्यालय में मतदान का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रत्येक विभाग के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह से बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अर्चना त्रिपाठी ने बच्चों को बताया कि भारत में मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है, यह पहली बार 25 जनवरी 2011 को भारत चुनाव आयोग के स्थापना दिवस को चिन्हित करने के उद्देश्य से किया गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य था नागरिकों को चुनावी प्रक्रिया में शिक्षित वर्ग को जोड़ना।महाविद्यालय के डारेक्टर अभिषेक शुक्ला ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा भारत में मतदान लोकतंत्र की नीव है। कार्यक्रम को संपन्न कराने की मुख्य भूमिका में कृषि विभाग के समस्त प्राध्यापको में डॉ उमेश अवस्थी, उमाकांत त्रिपाठी,जुबेर खान, वैभव श्रीवास्तव, मणिशंकर मिश्रा की महत्वपूर्ण, सहभागिता रही। प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर उनका मान सम्मान बढ़ाया।

# बिजली करंट की चपेट में आकर युवक झुलसा, रेफर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

खेत में लगे तार को हटाने के दौरान ग्यारह हजार विद्युत लाइन की चपेट में आकर एक युवक बुरी तरह से घायल हो गय। युवक को तड़पते देख मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने विद्युत सप्लाई को बंद कराकर घायल युवक को डायल 108 एंबुलेंस की मदद से सी एच सी हैदरगढ़ पहुंचाया ।जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र अंतर्गत शरीफाबाद गांव निवासी संदीप कनौजिया पुत्र रूपे फसल की सुरक्षा व बचाव हेतु खेत के चारो तरफ तार लगाए हुए था। फसल कटने के बाद सोमवार की सुबह खेत में लगे तार को सड़क पर खड़ा होकर खीच रहा था बताया जा रहा की तार काफी लम्बा था कही फसा हुआ था जैसे ही उसने जोर लगाकर तार खींचा तभी तार उछलकर विद्युत प्रवाहित 11000 वोल्टेज की लाइन पर जा गिरा। तार हाथ में पकड़े होने की वजह से युवक के शरीर में करंट प्रवाहित होने लगा और युवक वहीं पर तड़पने लगा।

स्थानीय लोगों के शोरगुल मचाने पर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई लेकिन तब तक युवक बुरी तरह से झुलस चुका था। डायल 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल युवक को सी एच सी हैदरगढ़ पहुंचाया गया जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते उसे डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## घर-द्वार छोड़ महिला प्रेमी के संघ फरार

**जैदपुर, बाराबंकी।** जैदपुर थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाली एक प्रेमिका अपना घर द्वार छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गयी। पीड़ित पिता की तहरीर पर जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल तलाश शुरू किया गया। जानकारी के आनुसार प्रेमिका अपने प्रेमी के साथ घर से फरार होने का फिर एक नया मामला प्रकाश में आया है। जैदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 18 वर्ष की एक प्रेमिका प्यार दीवानी होकर अपने मां बाप के अरमानों को चकनाचूर कर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। जिसकी शिकायत जैदपुर थाने करते हुये एक पीड़ित पिता ने बताया कि अभिषेक पुत्र राम विरेंद्र रावत द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाया गया है? पिता की तहरीर पर जैदपुर पुलिस द्वारा अभिषेक पुत्र राम विरेंद्र रावत निवासी कंमरावा थाना जैदपुर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल व तलाश जारी कर दिया गया है।

# भाजपा संकल्प पत्र देशवासियों की आकांक्षाओं का प्रतीक : एमएलसी

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



भाजपा के प्रदेश महामंत्री व एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ल ने कहा कि भाजपा सिर्फ एक दल नहीं बल्कि भारत के 140 करोड़ लोगों की आकांक्षाओं का प्रतीक है।कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान के शिल्पी बाबा साहब आंबेडकर की जयंती पर 18 वीं लोकसभा के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया।यह संकल्प पत्र नए भारत का,श्रेष्ठ भारत का,आत्मनिर्भर और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है।यह संकल्प पत्र देश को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने का,अंत्योदय से सर्वोदय का एवम ग्लोबल भारत बनाने की मोदी गारंटी देता है।भाजपा प्रदेश महामंत्री सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर मीडिया से मुखातिब थे।कहा हर भारतवासी मोदी के विजन को अपना मिशन मानकर योगदान देगा।कहा यह पहला आम चुनाव है जिसमे लोग 4 जून को आने वाले परिणाम के प्रति आश्वस्त है।कहा देश के विभिन्न सेक्टरों और प्रत्येक तबके को यह संकल्प पत्र स्पर्श करता है।80 करोड़ लोगो को अगले पांच वर्ष मुफ्त राशन तथा 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत की सुविधा के साथ इसका दायरा बढ़ाने की गारंटी देता है। जिसके सभी वर्गो के 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो को आयुष्मान योजना का लाभ सुनिश्चित कराना है।इसके अलावा भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई छेड़ने,समान नागरिक संहिता लागू करने,अदालती कार्यवाही में तेजी लाने के साथ ही वन नेशन - वन इलेक्शन की प्रतिबद्धता भी संकल्प पत्र में दोहराई गई है।

उन्होंने कहा पीएम सूर्य योजना के तहत हर गरीब परिवार का बिजली बिल शून्य करने के साथ ही उनकी कमाई बढ़ाने का संकल्प भी लिया गया है।मोदी ने विगत दस साल में जो परिवर्तन करके दिखाया है उसी नए भारत का हम दर्शन कर रहे हैं जिसमे विरासत पर गर्व और अपनी संस्कृति पर स्वाभिमान का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है।कहा कि गांव,गरीब,किसान एवम नौजवान पर फोकस करते हुए योजनाओं को जमीन पर उतारने का जो काम हुआ है , वो मोदी की गारंटी का आधार है। योजनाओं का शत - प्रतिशत लाभ हर तबके को मिलते हुए देश ने पहली बार देखा है।उन्होंने संकल्प पत्र के सभी बिंदुओं पर मीडिया से चर्चा की।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य,जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई,संदीप गुप्ता,गुरुशरण लोधी,प्रमोद तिवारी, आशुतोष अवस्थी,रोहित सिंह,रामेश्वरी त्रिवेदी मौजूद रहे।

## आग लगने से मुर्गी फार्म राख के ढेर में तब्दील

**निघासन खीरी।** पढुआ थाना क्षेत्र के बिनौरा गांव में अचानक लगी आग से मुर्गी फार्म राख के ढेर में तब्दील हो गया। उसमें पालतू ब्यॉलर वैरायटी के बच्चे भी जलकर राख हो गए। मौके पर जाकर लेखपाल आदित्य मिश्र ने नुकसान का आंकलन किया है। सोमवार की दोपहर बिनौरा गांव से करीब सौ मीटर की दूरी पर छप्परनुमा बने मुर्गी फार्म में आग लग गई। बेकाबू आग को देखकर ग्रामीणों ने दमकल विभाग को सूचना दी।तब तक मुर्गी फार्म जलकर राख हो चुका था। फार्म मालिक जहनार पुत्र समीउल्ला ने बताया कि प्रीमियम नाम की कंपनी से अभी पंद्रह दिन पहले ही 44 सौ बच्चे लिए थे। यह बच्चे 40 से 45 दिनों में तैयार हो जाते है लेकिन इसी बीच किसी ने फार्म में रंजिशन आग लगा दी।

## खबरें एक नजर में

### अभियान चलाकर वांक्षितों को किया गिरफ्तार

**बाराबंकी।** जनपद मे संदिग्ध व्यक्तियो,वांछित अभियुक्तो, वारण्टियो की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान मे जनपद पुलिस द्वारा 4 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 20 अभियुक्तो के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओ मे कार्यवाही की गयी।

### मारफीन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना सफदरगंज पुलिस द्वारा एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 130 ग्राम अवैध मारफीन बरामद की गयी है। जानकारी के अनुसार थाना सफदरगंज पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अर्जुन पुत्र रामचन्दर निवासी ग्राम कटरा कस्बा व थाना मसौली को हरीपुरवा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 130 ग्राम अवैध मारफीन बरामद कर थाना सफदरगंज पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

### कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना कोठी पुलिस ने 2 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 5 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किये है। जानकारी के अनुसार थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त रामू रावत पुत्र रामकिशोर व प्रेमा देवी पत्नी रामू रावत निवासीगण सदरपुर मजरे अकनपुर थाना कोठी गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तो के कब्जे से कुल 5 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण बरामद किये गये। अभियुक्तो के विरूद्ध थाना कोठी पर आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

### दो अपहताओं को पुलिस ने किया बरामद

**बाराबंकी।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र मे पुलिस ने दो अपहृता को सकुशल बरामद किया है। जानकारी के अनुसार थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा आज मुअसं 130/2024 धारा 363/366 भादवि से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। वही थाना असन्द्रा पुलिस टीम द्वारा आज मुअसं 158/2024 धारा 363/366 भादवि से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### बुधवार को निकलेगी शोभायात्रा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** चैत्र रामनवमी के अवसर पर पिछले 7 वर्षो से कस्बा में निकलने वाली श्री राम जी की भगवामय शोभा यात्रा आगामी बुधवार को नगर के प्रमुख मार्गो से निकलेगी। श्री राम जी की भगवामय शोभायात्रा के आयोजक हिंदू युवा वाहिनी के अध्यक्ष अधिवक्ता आनंद पांडे ने बताया कि शोभायात्रा से पहले विजयी हनुमान मंदिर के निकट स्थित केशव मैरिज हाल में सुबह 9:00 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा दोपहर 12:00 बजे राम जन्म का उत्सव मनाने के बाद दोपहर बाद 2: 00 बजे से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें भगवान श्री राम जी का दिव्यरथ एवं शोभा यात्रा के दौरान प्रस्तुत की जाने वाली झांकियां आकर्षण का केंद्र होगी।

### साहू समाज ने की बैठक, रामनवमी पर लगाएंगे भंडारा

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** अवसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में साहू समाज द्वारा निर्मित मानस मंदिर में चैत्र रामनवमी मनाये जाने और भंडारे का आयोजन किये जाने को लेकर एक बैठक हुई। बैठक में संतोष साहू सत्य शरण साहू राजेंद्र साहू श्रवण कुमार साहू जगदीश साहू सूरज साहू आदि मौजूद रहे। बैठक में चैत्र रामनवमी के दिन राम जन्म मनाए जाने के बाद दोपहर 1 बजे से भंडारे के आयोजन का निर्णय लिया गया।

### आग लगने से गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को अलग-अलग स्थानों पर लगी आग में कई बीघा खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। अग्निकांड की पहली घटना जोंधी गांव में घटी ।खेतों के ऊपर से निकले बिजली के तारों से निकली चिंगारी से चन्द्रशेखर सिंह की दो बीघा,माताफेर की एक बीघा,लालता बख्श एवं त्रिनेत्र सिंह की एक-एक बीघा खेत में खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने आग बुझाई। इसके चलते अन्य किसानों की फसल बच गई। इसके बाद कोरीना मजरे रामनगर गांव में दोपहर बाद लगभग 3 बजे लगी आग में बब्लू सिंह,पंकज सिंह,हरवादीन व कल्याण सिंह की लगभग एक-एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीण अपने घरों से बाल्टियों में पानी लाकर डालने लगे।साथ ही फसल को डंडों से पीटते रहे। इसके चलते आग आगे नहीं बढ़ सकी।इसी समय मौके पर पहुंचे अग्नि शमन कर्मियों ने आग बुझा दी। इसके अलावा कस्बा हैदरगढ़ में कांसीराम कालोनी के समीप एक बांस कोठी में आग लग गई।सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंचे अग्नि शमन कर्मियों ने आग बुझाई।

# जनता लड़ रही चुनाव, मतदाता की कुंडी खटकाओ : अयाज

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**




लोकसभा का यह चुनाव जनता खुद लड़ रही है हमको सिर्फ मतदाता के दरवाजे की कुंडी खटखटाकर मतदाता से गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करनी है मतदाताओं ने गठबंधन को जीतने का पूरा मन बना लिया है।

उक्त विचार समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर पूर्व सांसद डॉ पी एल पुनिया की अध्यक्षता एवं महासचिव हिमांशु यादव के संचालन में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों की आयोजित बैठक में चुनाव संबंधी दिशा निर्देश देते हुए कही। जिला अध्यक्ष ने जिला कार्यकारिणी सहित समस्त फ्रंट संगठन के पदाधिकारियों विधानसभा अध्यक्षों ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सब लोग अपने-अपने बूथ पर हर दिन 10 घरों की कुंडी खटखटाकर मतदाताओं से मिलते हुए पार्टी की नीति और घोषणा पत्र में जनता को दी जाने वाली सुविधाओं को हर हाल में बताना है अगर आपने इतना कर लिया निश्चित जानी गठबंधन के प्रत्याशी तुझे सुनिश्चित होने में कोई संशय नहीं। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद डॉ पीएल पुनिया ने पदाधिकारियों को आस्वस्थ करते हुए कहा सभी के विचार महत्वपूर्ण है चुनाव में किसी प्रकार की कोई भी कमी नहीं होने दी जाएगी आप सबके दिशा निर्देश पर पूरा चुनावी कैंपेन चलाया जाएगा, चुनाव कैंपेन में बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता को समाहित करते हुए चुनाव संचालित किया जाएगा। बैठक में ब्लॉक अध्यक्षों से लेकर प्रदेश पदाधिकारी ने अपने सुझाव और विचार रखें। बैठक में जनपद में निवास करने वाले सभी राष्ट्रीय और प्रदेश पदाधिकारी समाजवादी पार्टी की पूरी कार्यकारिणी फ्रंट संगठनों के जिला अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष एवं सभी संगठनों के पदाधिकारी मुख्य रूप से बैठक में मौजूद रहे।

# खतरे में सरयू का अस्तित्व, गंदगी से पटी नदी

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**



कभी अपने शुद्ध जल व तेज धारा से लोगों को आकर्षित करने वाली सरयू नदी अब नाले में तब्दील हो गई है। कई स्थानों पर नदी पट चुकी है। जिस पर लोगों ने कब्जा भी कर लिया है। नदी के अंदर घास फूस इस कदर जमा है कि उसका पानी दिखाई ही नहीं पड़ता है। हिंदू धर्म में पूजी जाने वाली इस नदी का अस्तित्व खतरे में नजर आ रहा है। इस नदी की विशेषता यह है की जिला बदलने के साथ इस नदी का नाम भी बदल जाता है। सरयू नदी की शुरूआत उत्तराखंड से हुई है। पीलीभीत से निकलकर जब यह नदी दूधवा नेशनल पार्क में आती है तो सुहेली और निघासन तहसील में यह सरजू कहलाती है जो धौरहरा तहसील क्षेत्र में पहुंचकर घाघरा बन जाती है। फैजाबाद में यह फिर सरजू नदी कहलाती है। पीलीभीत जंगल से होते हुए खैरीगढ़ जंगल से निकली यह नदी कभी 15 से 20 मीटर की चौड़ाई में बहती थी। इस नदी के किनारे किले जंगल में प्रसिद्ध रामदास और मोटेबाबा का स्थान है।

अब यह नदी मुश्किल से चार से पांच मोटर में बह रही है। बौधिया खुर्द के पास जंगल होने के कारण नदी की चौड़ाई अधिक है।

**सिल्ट के साथ नदी में फैली गंदगी:** सरयू नदी में सिल्ट जमा होने के कारण नदी उथली हो गई है। इसकी जलधरण क्षमता कम होने से हर साल लोगों को बाढ़ की विभीषिका झेलनी पड़ती है। बरसात के दिनों में नदी विकराल रूप धरण कर लेती है जिससे पास पड़ोस के गाव समेत खेती में बाढ़ का पानी भर जाता है। घाघरा के नाम से भी मशहूर यह नदी चौरहरा क्षेत्र में दर्जनों गावों का वजूद मिटा चुकी है। कई गाव इसकी चपेट में हैं। नदी के अंदर गंदगी फैलने के कारण पानी का बहाव भी सही ढंग से नहीं हो पा रहा है।

**अतिक्रमण भी कारण:** सरयू नदी के सिकुड़ने का एक कारण अतिक्रमण भी बताया जाता है। कई जगह लोगों ने नदी के दोनों किनारों को पाटकर खेती बाड़ी करना भी शुरू कर दिया है। खैरीगढ़ से बगलहा कुष्टी तक कर्ड भू माफिया ने नदी के किनारे खेत होने का फायदा उठाकर उसकी पटाई की और अपने खेत में शामिल कर लिया है।

# विधि-विधान के साथ किया गया पेराई सत्र 2023-24 समापन

**अमीरनगर खीरी। समृद्धि न्यूज**



बलरामपुर ग्रुप की कुंभी चीनी मिल के पेराई सत्र 2023-24 सोमवार सुबह करीब तीन बजे के बाद बजे सायरन बजाकर विधि-विधान के साथ समापन किया गया। वार्ता के दौरान चीनी मिल के ईकाई प्रमुख सुनील कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पेराई सत्र 2023-24 के करीब 157 दिनो मे चीनी मिल द्वारा कुल 1 करोड़ 56 लाख 15 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई के साथ कीर्तिमान स्थापित किया गया।उन्होंने बताया कि चीनी मिल हमेशा की तरह गन्ना मूल्य भुगतान में इस वर्ष भी अग्रणी रहा है। उन्होंने किसानों से गन्ने की बुवाई, पेड़ी प्रबंधन के साथ-साथ आगामी पेराई सत्र के लिए अधिकाधिक बुवाई करने की अपील की।चीनी मिल के पेराई सत्र 2023-24 का सफल संचालन के लिए ईकाई प्रमुख ने सभी कर्मचारियों, अधिकारियों तथा किसानो के सहयोग के लिये धन्यवाद दिया।उन्होने कहा कि चीनी मिल अधिकारियों तथा कर्मचारियों की कड़ी मेहनत के कारण सफल संचालन सम्भव हो पाया है।

# डीएम-एसपी ने नामांकन की तैयारियों का लिया जायजा

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार चतुर्थ चरण में खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट पर 18 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। सोमवार सुबह डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एवं एसपी गणेश प्रसाद साहा ने कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया के संबंध में व्यवस्थाओं और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी नेपाल सिंह एवं एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह को व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। 18-अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। डीएम के न्यायालय कक्ष में 28 खीरी संसदीय क्षेत्र और एडीएम के न्यायालय कक्ष में 29-धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन दाखिल होंगे।

डीएम-एसपी ने कलेक्ट्रेट परिसर के मुख्य द्वार से लेकर नामांकन स्थल पर लगने वाली बैरिकेडिंग व अन्य व्यवस्थाएं के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। मुख्य द्वार से कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। केवल सीमित लोगों को ही प्रवेश दिया जाएगा। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने एएसपी को सभी बैरियर, चेक प्वाइंटों पर पुलिस की तैनाती के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था निर्धारित होनी है। कलेक्ट्रेट पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में नामांकन की प्रक्रिया चलेगी। केवल प्रत्याशी, उनके प्रस्ताव व निर्धारित संख्या में ही लोग नामांकन स्थल पर प्रवेश कर पाएंगे। मालूम हो कि 28 खीरी सीट के नामांकन डीएम महेंद्र बहादुर सिंह बतौर रिटर्निंग अफसर तो 29 धौरहरा सीट की नामांकन प्रक्रिया मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में पूरी कराएंगे। नामांकन पत्र प्राप्त करने की अवधि 18 अप्रैल से शुरू होकर 25 अप्रैल तक चलेगी। 26 अप्रैल को नामांकन की जांच के साथ 29 अप्रैल को नाम वापसी का दिन निर्धारित है। शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए जिले को 24 जोन और 207 सेक्टरों में बांटा है। 2890 बूथ और 1638 मतदान केंद्र बनाए हैं।

# पीठासीन व मतदान अधिकारियों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**प्रथम दिन प्रशिक्षित किये गये मतदान कार्मिक,सीडीओ ने मतदान अधिकारियों को बताई चुनाव की बारीकियां**

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**




लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त किये गये पीठासीन एवं मतदान अधिकारियो के लिए धर्म सभा इंटर कॉलेज में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन दो पालियों में प्रथम पाली में कोड संख्या 01 से 1000 तथा द्वितीय पाली में कोड संख्या 1001 से 2000 तक के मतदान कार्मिकों को इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सीडीओ/प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) अनिल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण स्थल के उन सभी कक्षों का विधिवत् निरीक्षण किया, जहॉ पर कार्मिकों को सैद्धान्तिक एवं ईवीएम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदान कार्मिकों को इस बात के निर्देश दिये कि मतदान के दौरान ईवीएम मशीन में एरर आने पर उसे दूर करने के तरीकों को भली प्रकार से सीख लें। इसके अलावा एसएमएस और पंजिका को भरने के बारे में भी पूरी जानकारी प्राप्त की जाय। सभी कार्मिकों को सुझाव दिया कि प्रशिक्षण के दौरान आप में इतनी परिपक्वता आ जाए कि मतदान के दिन यदि कोई दिक्कत आती है तो आपको पता होना चाहिए कि आपको क्या करना है। मतदान कार्मिकों का आह्वान किया कि पूरे मनोयोग के साथ ईवीएम संचालन तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में सैद्धान्तिक प्रशिक्षण प्राप्त कर लें ताकि पोलिंग डे पर आपको को किसी प्रकार असुविधा न हो। सीडीओ ने मतदान कार्मिकों को मतदान प्रतिशत संकल्प एप्प के सम्बंध में जानकारी दी गई इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) पीडी एसएन चौरसिया, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, बीएसए प्रवीण तिवारी सहित काफी संख्या में पीठासीन अधिकारी मौजूद रहे।

### सीडीओ की दो टूक, अनुपस्थित कार्मिक प्राप्त करें प्रशिक्षण, अन्यथा होगी विभागीय कार्रवाई

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने प्रशिक्षण स्थल डीएस कॉलेज में सोमवार से शुरू हुए प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों का ब्यौरा तलब किया। वही अनुपस्थित कार्मिकों को एक और मौका देते हुए मंगलवार को दूसरी शिफ्ट में अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में अनुपस्थित कार्मिकों पर विभागीय कार्यवाही शुरू की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित कार्मिकों का डाटा सीडीओ ने स्वयं अपने पास नोट किया। बताते चलें कि प्रथम पाली में 87 कार्मिक एवं द्वितीय पाली में 76 कार्मिक अनुपस्थित रहे।

## सुंदरकांड के साथ हुआ चैती मेले का शुभारंभ

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में मेला चैती 2024 की शुरुआत 15 अप्रैल 2024 दिन सोमवार रात्रि 8:00 बजे बड़े ही धूमधाम से हुआ। मेले का उद्घाटन सुंदरकांड के साथ सोमवार को हुआ। इसी के साथ 16 अप्रैल को भजन संध्या, 17 अप्रैल को स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, 18 को निरंकारी सत्संग, 19को स्थानीय कवि सम्मेलन, 20 को स्थानीय संगीत संध्या, 21 को मनोहरी कला केंद्र, 22 को जवाबी कव्वाली, 23 अप्रैल को जूनियर गायन, 24 अप्रैल को कपिल बाबरा द्वारा झांकी, 25 अप्रैल को खाटू श्याम कीर्तन, 26 अप्रैल को कुल हिंद मुशायरा, 27 अप्रैल को भोजपुरी कार्यक्रम, 28 अप्रैल को सीनियर गायन तथा 29 अप्रैल 2024 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के बाद 30 अप्रैल 2024 को मेले का समापन होगा।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024



# कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए आयोग के निर्देशों पर हो रहा अमल

समृद्धि न्यूज

**अपराधिक व्यक्तियों के 485 लाइसेंसी शस्त्र जब्त 4169 निरस्त, 17,02,559 लोग किए गए पाबन्द**

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 14 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 485 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4169 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये।

सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 23,42,964 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 17,02,559 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 6412 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 6519 कारतूस, 2853.5 किलोग्राम विस्फोटक व 335 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2352 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 120 केन्द्रों को सीज किया गया।

14 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा 16 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 27,782 लोगों को पाबन्द किया गया।

# आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना तीन बार सार्वजनिक करें प्रत्याशी

**निर्वाचन प्रक्रिया के सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के एक महत्वपूर्ण फैसले के तहत आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना तीन बार सार्वजनिक करना अनिवार्य होगा।

इस निर्णय का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाना है और मतदाताओं को उम्मीदवारों की वास्तविक जानकारी प्रदान करना है। यह निर्वाचन प्रक्रिया के सुधार की दिशा में एक बड़ा कदम है। चुनाव प्रचार के दौरान मतदाताओं की जागरूकता के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को सार्वजनिक करने के लिए समयसीमा निर्धारित की गई है, जो नाम वापसी के अंतिम दिवस के बाद से प्रारम्भ होकर मतदान के 48 घंटे पूर्व तक तीन चरणों में प्रकाशित,प्रसारित कराया जाना है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में आपराधिक छवि वाले प्रत्याशियों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना को तीन बार सार्वजनिक करने की प्रक्रिया का पालन करना होगा। पहला प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 04 दिनों के भीतर कराना होगा।

दूसरा प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 05 से 08 दिनों में कराना होगा और तीसरा प्रकाशन नाम वापसी की तिथि के बाद 9वें दिन से चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक कराना होगा। प्रत्याशियों द्वारा आपराधिक पृष्ठभूमि की सूचना का प्रकाशन आयोग द्वारा निर्वाचन क्षेत्रों में सर्वाधिक प्रसार वाले समाचार पत्रों में स्थानीय भाषा या अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित कराया जाए, जो किसी एक राष्ट्रीय और एक स्थानीय समाचार पत्रों में हो।

**चुनाव आयोग सख्त, अवैध शराब, ड्रग व नकदी जब्त**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 14 अप्रैल तक कुल 15079.66 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2468.94 लाख रुपये नकद धनराशि, 3684.07 लाख की शराब, 5645.08 लाख कीमत की ड्रग, 2133.54 लाख की बहुमूल्य धातुएं एवं 1148.03 लाख कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 14 अप्रैल को कुल 346.19 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 23.07 लाख रुपये नकद धनराशि, 85.33 लाख रुपये कीमत की 27866.10 लीटर शराब, 177.79 लाख रुपये कीमत की 194054.68 ग्राम ड्रग एवं 60 लाख रुपये कीमत की 814 ग्राम बहुमूल्य धातुएं जब्त की गयी।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देंगे 77 लाख पेंशनर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी के मुद्दे को घोषणा पत्र में शामिल करने के लिए पिछले कई दिनों से भाजपा के संकल्प पत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह सहित कई सदस्यों से मिला था। सभी ने इस मुद्दे को शामिल करने का आश्वासन दिया था। लेकिन भाजपा के संकल्प पत्र में न्यूनतम पेंशन का कोई उल्लेख न किए जाने से देश के 77 लाख पेंशनर निराश हुए हैं ,जो कि पिछले 7 वर्षों से पेंशन बढ़ोतरी के लिए आंदोलन कर रहे थे। समिति के प्रांतीय अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी और प्रांतीय महामंत्री राजशेखर नागर ने कहा कि पेंशनर अब आगामी लोकसभा चुनावमें अपनी रणनीति बनाकर इसका मुंह तोड़ जवाब देंगे। हर पार्टी की सभा में पेंशनर अपना विरोध दर्ज कराएंगे। समिति के राष्ट्रीय सचिव रमेश बहुगुणा और राजीव भटनागर ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और राष्ट्रीय सचिव विनोद तावडे से मिलकर बार बार आश्वासन देने के बावजूद पेंशन का मुद्दा संकल्प पत्र में शामिल न किए जाने पर खेद जताया।

### अवध बस स्टेशन का एचडी ने किया निरीक्षण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने सोमवार को कामता फैजाबाद रोड पर अवध बस स्टेशन का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। बता दें कि बीते कई दिनों से कमता बस स्टेशन के सामने बसों से लगने वाले जाम की स्थिति से अन्य वाहन व लोग घंटों फंसे रहते हैं लोगों का आवागमन बाधित हो जाता है। लोगों ने रोडवेज के एमडी को पत्र लिखकर जाम की समस्याओं से अवगत कराया जिसको संज्ञान लेते हुए प्रबंध निदेशक ने आज बस स्टेशन का दौरा कर जाम से निजात दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोडवेज की बसें किसी भी हाल में सड़कों के बाहर खड़ी नहीं होंगी। बसों का संचालन व्यवस्थित ढंग से बस स्टेशन के अंदर से कराया जाएगा। आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसको देखते हुए बसों का संचालन होगा।

### डीआरएम ने किया दिव्यांग कर्मचारियों से संवाद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा ने सोमवार को मंडलीय कार्यालय के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मण्डल रेल प्रबंधक ने दिव्यांग कर्मचारियों के साथ संवाद स्थापित किया। बैठक में डीआरएम ने दिव्यांग कर्मचारियों के साथ रेल प्रशासन के कार्यों मे सुगमता एवं पारदर्शिता सहित अनेक महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांग कर्मचारियों के साथ अपने विचारों को साझा करते हुए उनकी आवश्यकताओं-समस्याओं की जानकारी ली। नियमानुसार कर्मचारी समस्याओं को शीघ्र पूर्ण करने की बात कहा। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा दिए जाने वाले सहयोग, अनुशासन, अद्भुत कार्यकौशल इनकी प्रतिबद्ध कार्यशैली की सराहना करते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया साथ ही भविष्य में भी उनसे इसी प्रकार की कार्य पद्धति का पालन करने की अपेक्षा की।

### धर्म के आधार पर कोई देश विकास नहीं कर सकता : अफाक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय सामाजिक कार्य कर्ता संगठन के संयोजक मोहम्मद अफाक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ लोग दिवास्वप्न देखते हैं कि अगर देश में मुसलमान नहीं रहेंगे तो भारत स्वर्ग बन जायेगा, इसके लिए उन्हें पहले विश्लेषण करना चाहिए जिस देश में केवल एक ही धर्म के लोग रहते हैं उस देश के नागरिक सुखी और संतुष्ट हैं क्या वे देश सफलतापूर्वक चल रहे हैं? धार्मिक कट्टरता वास्तव में हिंदू मुसलमानों की समस्या नहीं है, यह सामंती मानसिकता वाले लोगों की समस्या है जो न तो दूसरे धर्म को मानते हैं और न ही अपने धर्म को। और ये समस्या दो धर्मों सनातन और इस्लाम में ज्यादा है अंत में मोहम्मद अफाक ने कहा कि एक समय तक हमारा मानना था कि अगर मुसलमान देश छोड़कर चले गए तो सामंतवाद के लोगों का अगला निशाना ईसाई, फिर बौद्ध, पारसी , आदि होंगे।

### हटाई गई 98,22,764 प्रचार-प्रसार सामग्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 98,22,764 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 59,29,782 तथा निजी स्थानों से 38,92,982 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 6,32,639, पोस्टर के 27,86,765, बैनर के 16,89,357 एवं अन्य 8,21,021 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में वालराइटिंग के 5,09,038, पोस्टर के 17,76,954 बैनर के 9,45,550 एवं अन्य 6,61,440 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग दुरुपयोग के 1238 मामलों में, लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2188 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 59 एफआईआर 05 एनसीआर सहित 64 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### उत्तर प्रदेश के आरव शुक्ला रोमांचक जीत के साथ दूसरे दौर में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हेजलनट आल इंडिया सीएस-7 अंडर-14 बालक व बालिका टेनिस टूर्नामेंट में बालक वर्ग के पहले दौर में उत्तर प्रदेश के आरव शुक्ला ने पहले दौर में शानदार जीत के साथ दूसरे दौर में जगह बना ली। अवध स्कूल गोमतीनगर स्थित कमलेश शुक्ला टेनिस अकादमी में आयोजित चैंपियनशिप में आरव शुक्ला ने रोमांचक मुकाबले उत्तर प्रदेश के तेजस सिंह को 6-3, 6-4 से हराया। दूसरी ओर यूपी के आरव पटेल व किंजलक श्रीवास्तव ने अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफतीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज की। आरव पटेल ने यूपी के ही मनीष पटेल को 6-4, 4-6, 7-5 से व किंजलक श्रीवास्तव ने ध्रुव सिंह को 4-6, 6-4, 6-4 से मात दी।

# 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार : योगी

## सीएम योगी ने बीजेपी के संकल्प पत्र को लेकर पार्टी कार्यालय में की पत्रकार वार्ता

**भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की उद्घोषण है संकल्प पत्र**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सीएम योगी ने सोमवार को कहा कि देश का गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने कहा ये संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है, जिसमें हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की भी उद्घोषणा की है। उन्होंने यूपी में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि 80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार। सीएम योगी पार्टी कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से अपना संकल्प पत्र जारी किया है। इसकी पहली चार प्रतियां देश के चार सामाजिक स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं। ये हैं गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी।

उन्होंने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है, बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर प्रभावी ढंग से लागू करने के 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। मुख्यमंत्री ने बताया कि संकल्प पत्र में समान नागरिक संहिता लागू करने, नेशनल लिटिगेशन पॉलिसी को लागू करने, कॉमर्शियल और सिविल न्यायिक प्रणालियों में बदलाव, वन नेशन वन इलेक्शन, पीएम सूर्य हर घर मुफ्त बिजली योजना, घरों के पंजीकरण की कीमत को कम करने, तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने, पीएम मुद्रा योजना की क्रैकिंग सीमा को दोगुना करने, एमएसपी में वृद्धि और पीएम मत्स्य योजना के विस्तार के लिए पार्टी के संकल्प को दोहराया गया है। 2030 तक देश को इलेक्ट्रॉनिक हब बनाने, बुटेल ट्रेन का विस्तार पूरे देश में करने, 5जी के विस्तार के साथ ही 6जी टेक्नोलॉजी विकसित करने का संकल्प भी यहां दोहराया।

**विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है संकल्प पत्र**

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अन्त्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं। ये पहला आम चुनाव है जिसके प्रमाण के बारे में आश्वस्ती का भाव पूरे देश में मिल रहा है। लोगों को मोदी जी की गारंटी पर विश्वास है। विकसित भारत की आकांक्षाओं का आधार ये संकल्प पत्र बनेगा।

**मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार**

सीएम योगी ने कहा कि संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है।

# बीकेटी में हुआ मेघा सम्मान समारोह मेघावियों को दिए गए स्मृति चिन्ह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब क्षेत्र के एस आर ग्लोबल स्कूल में मेघा सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। सोमवार को आयोजित हुए इस कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों मेघावी छात्रों को स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं परिजनों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बीकेटी क्षेत्र में स्थित एस आर ग्लोबल स्कूल में मेघा सम्मान समारोह में छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

सोमवार को दोपहर तक आयोजित हुए इस मेघा सम्मान समारोह 2023-24 कार्यक्रम में भाजपा से सीतापुर के विधान परिषद सदस्य एवं संस्थान के चेयरमैन पवन सिंह चौहान के द्वारा विद्यालय प्रांगण में मेधावी छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेघा सम्मान समारोह 2023- 24 के अवसर पर विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने कहा कि संस्थान के इस मेघा सम्मान समारोह के आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य यह है कि पुरस्कृत होंने पर सम्मानित छात्र का मनोबल तो बढ़ता ही है वहीं अन्य छात्र भी सम्मान पाने के लिए प्रयासरत रहते हैं। जिसके चलते प्रतिभाएं निखरती हैं। मेधा सम्मान समारोह के अवसर पर संस्थान के वाईस चेयरमैन पीयूष सिंह चौहान भी उपस्थित रहे। जिन्होंने सभी मेधावियों व उनके माता सम्मान की इसी श्रंखला में विद्यालय के कक्षा 11 के छात्र करन गुप्ता, अंशित रावत व अमर सिंह को लखनऊ में आयोजित हुई ब्रेन विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन में विज्ञान प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर रूपये 25000 का नगद पुरस्कार भी दिया गया। आज इस मेधा सम्मान समारोह के अवसर पर संस्थान के अधिशासी निदेशका मोनिका तिवारी ने सभी बच्चों के साथ अपने अनुभव साझा किये व सभी अभिभावकों को उनके नौनिहालों की उपलब्धियों के लिए बधाई भी दी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सी के ओझा, वाईस प्रिंसिपल शालिनी श्रीवास्तव व अकेडमिक इंचार्ज दीपक सिंह ने सभी अभिभावाकों को यह विश्वास दिलाया कि आपने जिस सोच के साथ अपने पाल्य को हमें सौंपा है। वह निश्चित रूप से सराहनीय है पाल्य के लिए जो सपना संजोया है उसे साकार करने मे प्रयासरत रहेंगे।

# अच्छी फिल्में बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव डालकर बनाती हैं संस्कारवान



समृद्धि न्यूज

**अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव में मुख्य सचिव बने मुख्य अतिथि**

**लखनऊ।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सिटी मोन्टेसरी स्कूल के फिल्म्स डिवीजन के तत्वावधान में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव (आई.सी.एफ.एफ.-2024) का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि इस अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव के माध्यम से सी.एम.एस. सिर्फ अपने ही नहीं अपितु सभी स्कूलों के छात्रों को ज्ञानवान व संस्कारवान बना रहा है। सिनेमा हमें बहुत सी अच्छी बुरी चीजें सिखाता है परन्तु मुझे सी.एम.एस. संस्थापक स्व. डा. जगदीश गाँधी बहुत याद आ रहे हैं, जिन्होंने बच्चों को सिर्फ अच्छी चीजें सिखाने के लिए बाल फिल्म महोत्सव की शुरूआत की थी। अच्छी फिल्में बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं और उन्हें संस्कारवान बनाती हैं। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा भारती गांधी ने इस अवसर पर बाल फिल्मों से प्रेरणा ग्रहण करने पधारे हजारों छात्रों से कहा कि आप सब जीवन में बड़ा लक्ष्य रखें। उद्घाटन समारोह के उपरान्त अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव का शुभारम्भ बाल फिल्म 'विश्व एकता के पथिक - डॉ. जगदीश गांधी' से हुआ। यह फिल्म शिक्षा जगत के महानायक एवं विश्व एकता व विश्व शान्ति के अग्रदूत रहे स्वं. डा. जगदीश गाँधी की जीवन यात्रा को दर्शाती है। इस फिल्म में डा. जगदीश गांधी की शून्य से शिखर तक की जीवन यात्रा एवं शिक्षा जगत, सामाजिक उत्थान एवं भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास में उनके योगदान को फिल्माया गया है।

### अबकी बार न जाने देना वोट बेकार : व्यापार मंडल

**लखनऊ।** राजधानी के आलमबाग स्थित नटखेड़ा रोड पर स्थित दुकानों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान न सिर्फव्यापारियों को बल्कि आम लोगों को भी मतदान के महत्व को व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने बताया है। 150 से अधिक दुकानों पर जाकर पदाधिकारी ने मतदान जागरूकता पंपलेट बांटे हैं। इस दौरान व्यापारियों से पहले मतदान फिर जलपान करने की अपील की गई है, साथ ही यह भी कहा गया है कि अबकी बार ऐसी सरकार चुने जो व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए भी काम करें। इस अभियान को चलाने के पीछे आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा का विशेष योगदान रहा है। मनीष अरोड़ा बताते हैं कि मतदान के दिन बहुत से व्यापारी भाई अपने घरों से बाहर नहीं निकलते और अपना बहुमूल्य वोट बेकार कर देते हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों का एक-एक वोट महत्वपूर्ण है यदि घरों से सभी व्यापारी निकलेंगे और मतदान में हिस्सा लेंगे, तो हम अपने लिए बेहतर सरकार चुन सकेंगे। मजबूत लोकतंत्र के लिए यह बहुत जरूरी है कि एक-एक व्यक्ति का मत पड़े।



**आदिवासी, वनवासी, ग्रामीण या शहरों में रहने वाली हर कन्या है देवी : राज्यपाल**

### रामनवमी को लेकर उप्र में पुलिस सतर्क, हर गतिविधि पर रहेगी नजर : पुलिस महानिदेशक



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में रामनवमी का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सोमवार को कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने अपने मातहतों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जुलूस उन्हीं मार्गों से निकाले जाएं, जिन मार्गों से वर्षों से निकलते आ रहे हैं और कोई नई परंपरा शुरू न होने दी जाए। पुलिस महानिदेशक ने वरिष्ठ अधिकारियों को महत्वपूर्ण मंदिरों, मेला स्थलों, जुलूसों और जुलूस मार्गों सहित सभी संवेदनशील स्थानों का दौरा करने का निर्देश दिया है। इन स्थानों पर पुलिस व्यवस्था कड़ी की जानी चाहिए। शरारती एवं असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाए। मेला स्थलों एवं प्रमुख मंदिरों पर पुलिस बल तैनात किया जाए। तालाबों एवं नदी घाटों पर जल पुलिस की तैनाती की जाय। आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरे, वीडियोग्राफी टीम तथा ड्रोन कैमरे का उपयोग किया जाए। रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर भी पुलिस सतर्क रहे। सोशल मीडिया पर नजर रखते हुए अफवाहों का खंडन करते हुए अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाए। आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाए।

**जनसभा** | **लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव ने कहा**

# विपक्ष हताशा और निराशा में अनर्गल प्रलाप करने में व्यस्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक एवं कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सोमवार को बरेली में भाजपा लोकसभा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार के नामांकन में सम्मिलित हुए। उसके बाद हुई पत्रकार वार्ता में उन्होंने केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर भाजपा को विजय मिलने की बात कही।

प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीब, युवा, अन्नदाता एवं नारी शक्ति के उत्थान के लिए काम किया है।



विपक्ष हताशा और निराशा में अनर्गल प्रलाप करने में व्यस्त है। इस बार प्रदेश में विपक्ष का सूपड़ा साफ हो जाएगा। सपा मुखिया अपने परिवार की भी सीटें नहीं बचा पायेंगे।

पहले और दूसरे चरण में बने माहौल से स्पष्ट है कि इंडी गठबंधन को प्रदेश की जनता जीरो पर आउट करने जा रही है। श्री सिंह ने कहा कि अब यूपी में गुंडई के नाते पलायन की समस्या खघ्त्म हो गई है। 2017 में राज्य में भाजपा के सत्ता में आने के बाद, ÷निर्दोष लोगों÷ के बजाय ÷अपराधी और माफिया तत्व÷ राज्य छोड़ रहे हैं। अब प्रदेश में दंगे नहीं उत्सव मनाये जाते हैं, लेकिन प्रदेश की जनता 2012-17 के बीच सपा की सरकार में हुए हजार दंगों को भूली नहीं है। वह इस चुनाव में सपा और उसके इंडी पार्टनर्स को एक बार फिर सबक सिखायेगी।

उन्होंने कहा कि कहा कि भाजपा की सरकार कार्यकर्ताओं की सरकार है। वह अपने कार्यकर्ताओं को लेकर कार्य करती है। साथ ही दावा किया कि इस बार भाजपा प्रदेश की पूरी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। बरेली लोकसभा सीट से छत्रपाल सिंह गंगवार भारी मतों से जीतेंगे। कहा कि जनता ने भाजपा को सराहा है। भाजपा ने हर व्यक्ति को छत दी। अब देश विकास के पथ पर चल रहा है। फिर से मोदी सरकार आएगी और इस बार चार सौ पार जाएगी। इस अवसर पर सांसद संतोष गंगवार समेत स्थानीय विधायक भी उपस्थित रहे।

### मैनपुरी में खिलाएं कमल : केशव मौर्य

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मैनपुरी में आयोजित भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह की नामांकन सभा में जनसंवाद करते हुए कहा कि मैनपुरी सपा की आखिरी कील है, उखाड़कर कमल खिलाइये। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने विरासत में मिली सियासत से मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश को गुंडे, अपराधियों , माफियाओं की आरामगाह बना दिया था। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव ने विधानसभा में मेरे स्वर्गीय पिता के लिए अपशब्द कहे, जबकि मै उनके पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करने सैफई गया। यह भाजपा तथा सपा के बीच संस्कारों का अंतर है। हमने प्रदेश की जनता से वादा किया था कि अमन चौन का शासन होगा-जेल के अंदर माफिया होंगे, इतना सख्त प्रशासन होगा। हमने जो वादा किया था उसे पूरा करके दिखाया है। श्री मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे बिना भेदभाव के सभी को घर, नल से जल, सबको चिकित्सा, सबको सुरक्षा की गारंटी मिली है।

# विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला भाजपा का संकल्प पत्र : भूपेंद्र चौधरी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी है। भाजपा सरकार अपने सभी वादों पर खरी उतरी है।

भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला और लंबी छलांग लगाने वाला है। सूरजकुंड स्थित भाजपा के मीडिया सेंटर में सोमवार को पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी का संकल्प पत्र है। प्रधानमंत्री ने अगले 25 वर्षों का संकल्प जनता के सामने रखा है। यह संकल्प पत्र 15 लाख लोगों के सुझाव के बाद बना है। भाजपा का संकल्प



पत्र विकसित भारत और लंबी छलांग लगाने वाला है। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश को दुनिया जानती है। इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन और कार्य है। देश में बिना किसी भेदभाव के विकास किया जा रहा है।

भाजपा सरकार सबका साथ और सबका विकास के नारे पर अडिग है और रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जितना काम अपने कार्यकाल में किया, उतना काम किसी ने नहीं किया। उन्होंने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। भाजपा सरकार ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है, जो आगे भी पहुंचाया जाता रहेगा। भारतीय जनता पार्टी ज्ञान यानि (गरीब, युवा, अन्नदाता व नारीशक्ति) को लेकर आगे बढ़ रही है और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प ले रही है। उन्होंने कहा कि आगामी पांच वर्ष में फ्री राशन की योजना जारी रहेगी। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का विस्तार होगा। इसके अलावा पांच लाख का मुफ्त इलाज मिलता रहेगा। साथ ही 70 साल की आयु के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाया जाएगा भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने तीन करोड़ और घर बनाने का संकल्प लिया है।

# कुंवर विक्रम सिंह पंचतत्व में विलीन

**मनकापुर /गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**


कुंवर विक्रम सिंह (फाइल फोटो)



रविवार को कुंवर विक्रम सिंह का अचानक हृदय गति रूक जाने के कारण निधन हो गया था ।

जिनका आज अंतिम संस्कार मनवर नदी के पुनीत कंठ पर विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न हुआ। लगभग ढाई बजे के आसपास मंगल भवन महल से कुंवर विक्रम सिंह के पार्थिव शरीर को हजारो लोगो की नम आखों के साथ कुंवर विक्रम सिंह अमर रहे जय घोष के साथ मनवर नदी पर बने दाह संस्कार के लिए लाया गया।जिनका अंतिम संस्कार उनके चाचा अतुल कुमार सिंह ने नम आखों से अपने भतीजे कुंवर विक्रम सिंह को मुखाग्नि देने का कार्य किया।वही कल से ही दुखी चल रहे गोन्डा सासंद कीर्तिवर्धन अपने भाई के बिछुड़ने पर अत्यंत दुखी दिखे उन्होने अपने छोटे भाई कुंवर विक्रम सिंह को कंधा देने के साथ चिता पर लिटाने का कार्य करते हुए नम आखों से अंतिम विदाई की,वही कुंवर विक्रम सिंह की बहन ने भी मनवर नदी पर पहुंच कर अपने भाई को कंधा देने का कार्य किया। ये था अपने भाई के प्रति इतना बड़ा स्नेह जिन्होने अपने भाई को अंतिम कंधा लगा कर स्नेह की मिशाल पेश की।वही राजा कुंवर आनंद सिंह अस्वस्थ होने के वाबजूद अंतिम संस्कार मे पहुंचे चूंकि कुंवर विक्रम सिंह को आनंद सिंह बहुत प्यार करते थे ।जब कुंवर विक्रम सिंह जीवित थे तब इस बात को अपनो के बीच शेयर करते थे।जिसे आज अंतिम संस्कार के दिन राजा कुंवर आनंद सिंह की नम आखें देखकर लगाया जा सकता था।अंतिम संस्कार के छण मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री,गौरा विधायक प्रभात वर्मा व हजारो लोगो ने कुंवर विक्रम सिंह को नम आखों से अंतिम विदाई दी।

## महिला के साथ छेड़खानी करने के आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत हारीपुर निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने राजापुर निवासी मुन्ना शुक्ल के विरुद्ध छेड़खानी सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर मे कहा गया है की बीते 13 अप्रैल को रात्रि करीब 10 बजे वह अपनी ससुराल से पत्नी के साथ बाइक से घर आ रहा था। रास्ते में मुन्ना शुक्ला ने उसकी पत्नी का हाथ पकड़कर नीचे खींच लिया और उसके साथ जोर जबरदस्ती अश्लील हरकत व छेड़खानी करने लगे। हल्का गुहार पर आसपास के लोग दौड़े और बचाये,जिस पर जान से मार डालने की धमकी देते हुए वह चले गये। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर ने बताया की मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# आदर्श रेलवे स्टेशन गोंडा बना टैक्सी स्टैंड

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



आदर्श रेलवे स्टेशन का हाल भी विचित्र है।यहां दो-दो वाहन स्टैंड हैं। सूत्र बता रहे है कि एक वैध तो दूसरा अवैध। दोनों स्टैंड स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने परिसर में ही चल रहा है,जो यात्रियों की दुश्वारियां बढ़ा रहा है। यह इसलिए संभव है कि सुरक्षा कर्मियों का इन्हें संरक्षण है।

जीआरपी का कहना है कि परिसर कोतवाली क्षेत्र में आता है जबकि विभागीय अधिकारियों का निरीक्षण होने पर गेट तक सुरक्षा कर्मी तैनात होते हैं,तब इन वाहनों का दूर तक पता नहीं चलता। सूत्रों की मानें तो रेल प्रशासन ने स्टेशन के उत्तर तरफ टैक्सी स्टैंड स्थापित किया ताकि आदर्श रेलवे स्टेशन की सुंदरता बनी रहे और यात्रियों को असुविधा न हो।स्टेशन साफ-सुथरा दिखाई दे। इसके विपरीत परिसर में खड़े वाहन विभाग को मुंह चिढ़ा रहे हैं। चौबीस घंटे डग्गामार परिसर को जाम रखते हैं लेकिन सुरक्षा कर्मी उन्हें देखते तक नहीं। कारण खुद समझा जा सकता है। आलम यह कि लोगों को प्लेटफार्म तक पहुंचने में नाकों चने चबाने पड़ते हैं। किसी यात्री ने वाहन चालकों का प्रतिरोध किया तो उनकी दबंगई आसमान छूने लगती हैं। सूत्र बताते हैं वाहन चालक साहब को नजराना देते हैं। जब साहब की जेब गर्म हो तो आम यात्रियों से उन्हें क्या लेना-देना है। टैक्सी चालक जहां चाहें शौक से अपने वाहन खड़ा करें।यहां तो सब कुछ साहब के रहमो करम पर चलता है। साहब को यात्रियों से कोई मतलब ही नहीं है। वह तो सब सिविल पुलिस जाने की रेलवे स्टेशन के बाहर क्या हो रहा है।

# 108-102 एम्बुलेंस कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




लखनऊ से आए हुऐ ट्रेनर धर्मेन्द्र जी व क्वालिटी टीम के विशाल सिंह, द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है एंबुलेंस के रखरखाव व गाड़ी में शिफ्ट हुए मरीज को जरूरी इक्विपमेंट को सही समय पर इस्तेमाल करने व सही उपचार और सही चिकित्सा पद्धति के द्वारा अस्पताल कैसे पहुंचाएं इस विषय में जानकारी दी जा रही है, और उन्होंने यह है बताया

कि मरीज को हम जल्दी और सही समय पर सुविधा कैसे पहुंचाएं और एंबुलेंस में शिफ्ट मरीज के रखरखाव का ख्याल कैसे रखें इस बारे में विस्तार से पूरी जानकारी भी दी।

और बताया कि चाहे हमारी मरीज से किसी भी प्रकार की कोई कहां सुनी हो गई हो

या कोई भी दिक्कत हो गई हो अगर मरीज को दिक्कत होती है तो हम मरीज को बचाने में अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाएंगे और मरीज से कोई भी मतभेद भावना नहीं रखेंगे।

इस मौके पर प्रोग्राम मैनेजर संजय पाण्डेय ने अपने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम दुर्घटना में घायल हुए मरीजों को व अन्य प्रकार के आकस्मिक मरीजों को अपनी पूरी सहानुभूति को दिखाते हुए व समय को बर्बाद ना करते सही समय पर अस्पताल पहुंचाएं जिससे मरीजों की जान बचाई जा सके, संस्था के रीजनल मैनेजर अजय सिंह जी ने बताया कि हमारी टीम को लखनऊ से आए अधिकारी द्वारा हर 3 महीने में कर्मचारियों की स्किल ट्रेनिंग कराई जाती है और उनको हर तरीके का समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाता है और मरीज का कैसे रखरखाव करें यह भी बताया जाता है।

## जिला निर्वाचन कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला निर्वाचन कार्यालय बहराइच का निरीक्षण कर कार्यालय परिसर में संचालित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के विधानसभावार पृथकीकरण कार्य का जायज़ा लेते हुए मौके पर मौजूद उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए ईवीएम मशीनों के पृथकीकरण कार्य को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार समय से सम्पन्न कराया जाय। डीएम ने वेयर हाउस में रखे गये ईवीएम मशीनों के रख-रखाव का भी जायजा लिया।

# बाइक सवार मां-बेटे को ट्रैक्टर ट्राली ने रौंदा, मां की मौत

- मौके पर जुटी भारी भीड़, जमकर हुआ हंगामा
- बेटे ने भाई के हत्यारोपियों पर लगाया आरोप

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र के बेलसर मार्ग पर बाइक सवार मां बेटे को ट्रैक्टर ट्राली ने रौंद दिया। जिससे मां की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मृतका का बेटा इस भीषण हादसे में बाल बाल बच गया।

मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को हुए इस दर्दनाक हादसे में बाईक सवार मां बेटे को गेहूं लदी ट्रैक्टर ट्राली ने रौंद दिया,जिससे मां की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने जमकर हंगामा किया। जिसके बाद भारी पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर आक्रोशित भीड़ को किसी तरह शांत कराया।

मृतका के बेटे ने भाई के हत्यारोपियों पर दुर्घटना कराने का आरोप लगाया है। गोण्डा जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र के बेलसर मार्ग पर आजाद नगर के पास सोमवार की दोपहर में गोण्डा जा रहे मां बेटे को गेहूं लदी ट्रैक्टर ट्राली ने रौंद दिया, जिससे मां की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद जुटी भीड़ ने जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को किसी तरह शांत कराया। तरबगंज थाना क्षेत्र के परियावा गांव की रहनी वाली मृतका मिथिलेश 55 वर्ष के बेटे सुनील शुक्ला ने बताया कि 11 माह पहले उनके प्रधान भाई की हत्या कर दी गई थी। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस ने पैसा लेकर दो हत्यारोपी का नाम निकाल दिया था। मृतक के भाई का आरोप है कि जिन्होंने मेरे भाई की हत्या की थी। वह लोग बराबर धमकी दे रहे थे कि गवाह देने नहीं जाने देंगे और जान से मार देंगे। आज हम लोग गोंडा जा रहे थे। उन्हीं लोगों ने दुर्घटना करा दिया। इस दुर्घटना में मां की मौत हो गई और बाइक चालक बाल- बाल बच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। घटना की सूचना पर पहुंची तरबगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## खबरें एक नजर में

### चार पहिया वाहन ने कई लोगों को रौंदा, एक की मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** गोंडा-बहराइच मार्ग पर कौरेमउ गांव के पास टेंपो में सवारी बैठ रहे थे। तभी गोंडा की ओर से आ रही चार पहिया वाहन ने सभी को रौंद दिया। मौके पर ही एक सब्जी मंडी जा रहे व्यवसाई की मौत हो गई। जबकि साइकिल सवार और टेंपो चालक समेत चार लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कोतवाली देहात के बरौंवा गांव निवासी मनीष कुमार सिंह पुत्र अनिल कुमार सिंह टेंपो का संचालन करते हैं। सोमवार सुबह आठ बजे वह कोतवाली देहात के कौरेमऊ गांव के पास गोंडा बहराइच मार्ग पर सवारियों को बैठाने के लिए रुके। टेंपो पर कोतवाली देहात के मछियाही गांव निवासी सब्जी व्यवसाई विजय कुमार (41) पुत्र घनश्याम, मेड़ई (40) पुत्र गुरु चरन और सत्यम (17) बैठने के लिए आए। सभी टेंपो पर बैठ रहे थे। तभी गोंडा की तरफ से आए चार पहिया वाहन ने सभी को रौंदते हुए आगे निकल गई। मौके पर ही विजय की मौत हो गई। जबकि चालक समेत तीन अन्य घायल हो गए।वहीं चार पहिया वाहन की टक्कर से बाद टेंपो ने साइकिल से मजदूरी के लिए ईंट भट्ठे पर जा रहे श्रमिक कोतवाली देहात के माफी गांव निवासी विजय कुमार पुत्र राम आधार को टक्कर मार दी। जिससे वह भी घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी का इलाज चल रहा है। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर भरत पांडेय ने बताया कि चार घायल जिला अस्पताल आए हैं। जिनका इलाज चल रहा है। कोतवाल देहात बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि दुर्घटना ग्रस्त टेंपो को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जायेगा।

### सफल परीक्षार्थियों को किया सम्मानित



**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** तहसील व विकास खंड क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बसेहिया के धौरहरा में सचेतन शिक्षा कौशल व विधिक सहायता ट्रस्ट द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को पुरूस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट की अध्यक्ष माया देवी ने व संचालन अजय गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उमेश पाठक द्वारा जीवन में शिक्षा, कार्य कुशलता के साथ तकनीकी ज्ञान के सदुपयोग व उसके महत्व को बताया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष माया देवी, अजय गुप्ता, उमेश पाठक, एडवोकेट दिनेश श्रीवास्तव एवं सतीश आदि अनेकों लोग उपस्थित रहे।

### सबसे पहले मतदान, फिर करें जलपान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जनपद के ग्राम पंचायत गोविंदपुर में सोमवार को ग्रामीणों ने छात्रों के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकाली।
जागरूकता रैली के द्वारा लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।रामगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुद्दापुर व गोविन्दपुर में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी कृष्ण मुरारी की देखरेख में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से एक जन जागरूकता रैली प्राथमिक विद्यालय मुद्धापुर व ग्राम पंचायत गोविन्दपुर के प्राथमिक विद्यालय महोत्तमपुर से निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।इस स्वीप कार्यक्रम रैली में ग्राम प्रधान आरती वर्मा,राम हर्ष वर्मा,संगीता यादव,राम निवास मौर्य,नीलम यादव,राम धीरज यादव,सहित दर्जनों ग्रामीण अभिभावक,परिषदीय शिक्षक व बच्चों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया।



### मृतक के माता-पिता को डीएम ने सौंपा 46.375 लाख का चेक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** ग्राम फखरपुर, तहसील कैसरगंज निवासी अय्यूब की सउदी अरब में मृत्यु हो जाने के फलस्वरूप भारतीय मुख्य कौंसलावास, जद्दा (सऊदी अरब) के पत्र के क्रम में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में मृतक के आश्रित माता नूरून्निशां व पिता अनवर अली निवासी फखरपुर तहसील कैसरगंज जिला बहराइच को 46,37,529=00 (रू. छियालिस लाख सैतीस हजार पांच सौ उन्तीस मात्र) की धनराशि का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

# कन्या पूजन में शामिल हुईं 251 बेटियां, रामलला की उतारी आरती

- शिशु विद्या मंदिर के परिसर में आयोजित हुआ कन्या पूजन और फलाहार कार्यक्रम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



चैत्र नवरात्र के मौके पर कन्या पूजन और फलाहार कार्यक्रम शिशु विद्या मंदिर के परिसर में सोमवार को आयोजित हुआ। जिसमें 251 कन्याओं को फलाहार और दान किया गया। पईडीहा नगर पंचायत में स्थित शिशु विद्या मंदिर में कन्या पूजन फलाहार के आयोजक आरएसएस के सर्वेश संघ प्रचारक अनिल अग्रवाल, जयपुरिया स्कूल नानपारा के प्रबंधक कन्हैया वर्मा, समाजसेवी शेर सिंह कसौधन, समाजसेवी दीपक जायसवाल के द्वारा किया गया।

कन्या पूजन कार्यक्रम में सबसे पहले भारत माता और राम लला की आरती से शुरूआत किया गय। मंत्र उच्चारण की शुरुआत दया शंकर शुक्ल आचार्यद्वारा की गई। भारत माता और रामलला आरती के बाद कन्याओं को सनातन धर्म की परंपरा के अनुसार कन्याओं पर धुले गए और उन्हें फलाहार एवं जो लोग व्रत नहीं थे, उन्हें पूड़ी सब्जी हलवा और 251 कन्याओं को एक-एक टिफिन, एक गिलास के साथ में ग्यारह ग्यारह रूपये कन्याओं को दान दिया गया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के अनिल शर्मा, आचार्य मनीष तिवारी, शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं सभी का सहयोग रहा। नेपाल से जमुना गांव के सरदार मगही सिंह ने कहा की यह कार्यक्रम ऐतिहासिक हुआ है। ऐसा कार्यक्रम नवरात्र में होना चाहिए। कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अंजनी मित्तल, अनिल अग्रवाल, संतोष शुक्ला, रमेश मिश्रा, श्याम मिश्रा ,विनोद गिरि ,केसरी प्रसाद सोनी गज्जू,, कन्हैया वर्मा, पति-पत्नी सहित सरदार मघही सिंह, नेपाल विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष, विनोद गिरी, जितेंद्र शर्मा ,धर्मेंद्र श्रीवास्तव, विपिन सिंह, राष्ट्रीय ,शैक्षिक, महासंघ, राजकुमार शर्मा, राम जी सोनी, आशुतोष दुबे समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्र निर्माण में सृजन का प्रयास मील का पत्थर : जिला समाज कल्याण अधिकारी

- सृजन के छात्रों ने वार्षिकोत्सव में बिखेरा जलवा, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध
- शिक्षा व स्वास्थ्य पर अच्छा कार्य कर रही 'सृजन'

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**





शहर के टिकोरामोड़ स्थित हेमरिया ग्राम में जैनस इनेशियटिव्स के तत्वावधान में सृजन संस्था द्वारा द्वितीय वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से सम्पन्न हुआ। संस्था के छात्रों ने सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर गुप्ता रहे वही विशिष्ट अतिथि समाजसेवी संदीप अग्रवाल, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, वृद्धाश्रम प्रबंधक दिलीप द्विवेदी, सहायक अध्यापक एवं कॉर्डिनेटर अनुमोल श्रीवास्तव उपस्थित रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता चरक हार्ट इंस्टिट्यूट लखनऊ के चेयरपर्सन एवं सीनियर हार्ट सर्जन डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने की। सृजन संस्था द्वारा लगातार दो वर्षों से जरूरतमंद बच्चों के लिए स्किल डेवेलपमेंट से संबंधित योजनाएं चलाई जा रही है। सृजन के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा कंप्यूटर प्रशिक्षण, सिलाई कढ़ाई, अक्षर ज्ञान, इंग्लिश स्पीकिंग, कल्चरल एक्टिविटी की निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। सृजन स्थापना के दो वर्ष पूरे होने पर वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि सृजन का नाम ही है निर्माण करना। ऐसे आयोजन राष्ट्र निर्माण के लिए मील का पत्थर है। सृजन शिक्षा व स्वास्थ्य पर अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने बच्चो के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए आयोजको को शुभकामनाएं प्रेसित की। अध्यक्षता कर रहे डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने सृजन की स्थापना, कार्यविधियों व महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया सृजन के द्वारा जरूरतमंद व मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति भी उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि सृजन शिक्षा व स्वास्थ्य के उद्देश्य को लेकर धीरे-धीरे गतिमान है।
हाईजीन किट का वितरण सभी छात्रों में किया गया जिससे बच्चे स्वच्छ व स्वस्थ रहे। कार्यक्रम को संदीप अग्रवाल, सचिन श्रीवास्तव, दिलीप द्विवेदी, अनुमोल श्रीवास्तव व डॉक्टर दीप्ति सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन कम्प्यूटर प्रशिक्षिका अनन्या श्रीवास्तव ने किया। जबकि आगुन्तको को धन्यवाद ज्ञापन सृजन सचिव मनी द्विवेदी ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों को पुष्पगुच्छ व रामनामी अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस दौरान बेस्ट अटेंन्डेन्स अवार्ड एवं सांस्कृतिक कायक्रम में प्रतिभागियों को पुरस्कृत करके उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर निशी श्रीवास्तव, शालिनी श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, रोहिताश श्रीवास्तव हीरू सहित सैकड़ों की संख्या में बच्चें, अभिभावक व ग्रामवासी मौजूद रहे।

# समाज के लोगों को आगे बढ़ाने में सभी करें सहयोग

- कायस्थ समाज के होली मिलन समारोह में शामिल हुए लोग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




शहर में कायस्थ समाज की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। होली मिलान समारोह के मुख्य अतिथि सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, लोकसभा प्रत्याशी आनन्द गोंड रहे।

कार्यक्रम में रंजीता श्रीवास्तव जिला संयोजक महिला विंग एवं अनुज श्रीवास्तव की उपस्थिति ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई दी। होली मिलन कार्यक्रम के आयोजक आनन्द मोहन प्रधान अध्यक्ष कायस्थ सेवा समिति, बैजन्ती श्रीवास्तव अध्यक्ष महिला विंग रहे। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए कायस्थ समाज के लोग सहयोग करें। संचालन परमार्थ श्रीवास्तव ने किया। होली मिलन कार्यक्रम मे वर्तमान परिवेश पर राजनीतिक चर्चाएं हुईं।

कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगो ने आनन्द गोंड बीजेपी प्रत्याशी को समर्थन देने पर सहमति व्यक्त की। कार्यक्रम को अनुपमा जायसवाल विधायक सदर, बृजेश पाण्डेय, जिलाध्यक्ष, आनन्द गोंड प्रत्याशी लोकसभा एवं रंजीता श्रीवास्तव संयोजक ने भी सम्बोधित किया।

अन्त में आनन्द मोहन प्रधान एवं वैजन्ती श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार वयक्त व्यक्त किया। कार्यक्रम में पल्लवी प्रधान, रंजना, अनुराधा, सुमन, श्वेता, सीमा, रीता, रेखा, अनिल, कृष्ण कुमार, संजीव कुमार, अमित, प्रखर, धर्मेन्द्र, मनीष, संजय, वैजनाथ, शिखर, अशोक, राजेश, मानस, ईशान, रमित ,डॉ मनीष, आशीष सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## किसानों की 50 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के टिकुरी गांव में सोमवार दोपहर में गेहूं के फसल में आग लग गई। देखते ही देखते किसानों की 50 बीघा से अधिक फसल जलकर राख हो गई। किसानों की गाढ़ी कमाई राख में तब्दील हो गई। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत टिकुरी में सोमवार को किसान अपने घरों में थे। तभी गांव निवासी राम दुलारे के गेहूं के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई। फसल तेज लपटों से जलने लगी। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लपटों ने अशफाक, साबित राम, गोपाल, राम सुहावन, रोज अली, मेराज, लफीफुल के फसलों को चपेट में ले किया। देखते ही देखते सभी किसानों की 50 बीघा फसल जल गई। नानपारा से आए दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। किसानों का काफी नुकसान आग लगने से हो गया है। एसडीएम नानपारा ने बताया कि क्षति रिपोर्ट मिलने के बाद मुआवजा दिया जाएगा।

# दोहरी नागरिकता रखने वाला नेपाली गिरफ्तार

- बरामद भारतीय दस्तावेज को सीज कर जेल भेजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



नेपाली नागरिक को दोहरी नागरिकता रखने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास बरामद सामान को सीज करते हुए नेपाली नागरिक के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया है।एसएसबी 42वीं वाहिनी के जवानों के साथ पुलिस टीम सीमा पर गश्त कर रही थी। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि नेपाल से आने जाने वाले लोगों की पुलिस और एसएसबी के जवान जांच कर रहे थे। जांच के दौरान एक नेपाली नागरिक को भारतीय क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से नेपाल के साथ भारतीय नागरिकता मिली। जिसमें वोटर कार्ड, पैन कार्ड, आधार कार्ड बरामद हुआ। जबकि नेपाली नागरिक नेपाल के असम जिला के विधायक पांचदेवाल विनायक खुर्द निवासी गगन तिरुबा पुत्र काशी राम के रूप में हुई है। उसके पास नेपाली नागरिक होने के सुबूत हैं। ऐसे में उसके विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। जबकि बरामद भारतीय दस्तावेज को सीज कर दिया गया है।

# एक साल से नहीं हुई नाली की सफाई, घरों में भर रहा दूषित पानी

- गांव में चारों तरफ लगा है गंदगी का अंबार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



विकास खंड शिवपुर के चंदेला कला में एक वर्ष से सफाई कर्मचारी नहीं आ रहा है। जिससे गांव की नालियां पूरी तरह से चोक हो गई हैं। बजबजाती नालियों के चलते गांव में गंदगी फैली हुई है। लोगों के घरों से निकला दूषित पानी और कीचड़ रास्ते पर फैला हुआ है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ती है। इतना ही नहीं गांव में चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत सचिव समेत ब्लाक के अधिकारियों से किया। उसके बाद भी सफाईकर्मी अपने काम के प्रति संजीदा नहीं हो रहा है। और अधिकारी भी बेखबर है।खान-पान और लोगों के रहन-सहन में पहले की अपेक्षा काफी बदलाव हुआ है। काफी हद तक दूषित हो चुके पर्यावरण का भी प्रभाव है कि हर दिन एक नई बीमारियां जन्म ले रही हैं। इसकी रोकथाम एवं सुरक्षा का आधार साफ-सफाई को माना जा रहा है। सरकार की तरफ से भी साफ- सफाई को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए नगरों समेत गांवों में सफाई कर्मचारी की तैनाती की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई कर्मचारी अपने काम के प्रति संजीदा नहीं हो रहे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था गड़बड़ा रही है। विकास खंड शिवपुर के चंदेला कला निवासी दिलीप कुमार, संदीप, पप्पू, फूलचंद्र, रामप्रसाद, लवकुश, गगन आदि लोगों ने बताया कि एक वर्ष से उनके गांव में तैनात सफाईकर्मी नहीं आ रहा है। जिससे गांव की नालियां पूरी तरह से चोक हो गई हैं। रास्ते पर दूषित पानी और कीचड़ फैला हुआ है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में सफाई कर्मचारी की मनमानी की शिकायत सचिव समेत ब्लाक के अधिकारियों से की गई थी उसके बाद भी सफाईकर्मी अपने कार्यों के प्रति संजीदा नहीं हो रहा है। इस मामले में खंड विकास अधिकारी शिवपुर को फोन लगाया गया लेकिन फोन की घंटी बजती रही लेकिन फोन रिसीव नही हुआ।

# पत्नी अध्यक्ष और पति चला रहे सत्ता, सदस्यों ने जताया ऐतराज

- मात्र हस्ताक्षर तक ही सीमित नपं अध्यक्ष सरिता गुप्ता
- नगर पंचायत अध्यक्ष के पति पर जनता की फरियाद, निराकरण के कर्मचारियों को निर्देशित करने के लगे आरोप



**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत लालगंज के अध्यक्ष कक्ष में उनके पति के बैठने पर सभासदों ने ऐतराज किया है। सभासद दीपक मिश्रा, अतुल शर्मा व राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने अधिशासी अधिकारी से अध्यक्ष के ना रहने पर कक्ष बन्द रखने की मांग की है। लिखित शिकायत की प्रतिलिपि सचिव नगर विकास विभाग, मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी को भेजी गयी है।

**आरोप** – अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्ष के पति व कई अन्य साथी लगाए रहते हैं जमावड़ा। नगर के तेज तर्रार युवा सभासद दीपक मिश्रा अतुल शर्मा व जिला योजना समिति सदस्य व सभासद राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने अधिशासी अधिकारी से शिकायत की कि नगर पंचायत लालगंज का अध्यक्ष कक्ष अध्यक्ष की अनुपस्थिति में खुला रहता है, जहां पर उनके पति दीपेन्द्र गुप्ता व कई अन्य साथी जमावड़ा लगाये रहते हैं। अध्यक्ष कक्ष में अध्यक्ष के ना रहने पर दीपेन्द्र गुप्ता जनता की फरियाद सुनते हैं और निराकरण के लिये विधिवत कर्मचारियों को आदेश/निर्देश करते रहते हैं। सभासदों ने कहा कि दीपेन्द्र गुप्ता बोर्ड में पारित प्रस्तावों की अवहेलना करते हुये मनमाने ढंग से काम करवाते हैं और उनका मनमाना भुगतान करवाते हैं जिससे उनके द्वारा कमीशनखोरी व भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### नगर पंचायत के अभिलेखों को मंगाकर उनसे छेड़छाड़ करने का लगा आरोप

सभासदों ने पत्र में लिखा कि दीपेन्द्र गुप्ता नगर पंचायत के अभिलेखों को मंगाकर उनसे छेड़छाड़ करते हैं, आवश्यक फाइलों और दस्तावेजों को अपने कब्जे में किये हुये हैं। सभासदों ने यह भी लिख कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ उनका बातचीत का ढंग व व्यवहार अशोभनीय है। जिला योजना समिमि सदस्य राघवेन्द्र सूर्यवंशी ने कहा कि एक ओर जहां सरकार द्वारा नारी वन्दन कार्यक्रम के तहत महिलाओं को सम्मान दिलाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं नगर पंचायत लालगंज में महिलाओं को कमजोर समझने वाले उनके पति दीपेन्द्र गुप्ता मात्र हस्ताक्षर तक सीमित रखकर स्वयं चेयरमैनी चला रहे हैं।

### अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अधिशासी अधिकारी से अध्यक्ष कक्ष को बन्द रखने की मांग

सभासद अतुल शर्मा ने कहा कि नगर पालिका अधिनियम में अध्यक्ष का प्रतिनिधि सम्बन्धी कोई प्राविधान नहीं है, और ना ही आज तक ऐसा कोई शासनादेश जारी हुआ है, जिसमें अध्यक्ष की गैर मौजूदगी में उनका कोई अन्य कार्य कर सके। तीनों सभासदों ने अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला से अनुरोध किया है कि उ0प्र0 सरकार की भ्रष्टाचार के विरूद्ध शून्य सहनशीलता के आधार पर अध्यक्ष की अनुपस्थिति में अध्यक्ष कक्ष को बन्द रखने का आदेश पारित करने व दीपेन्द्र गुप्ता व उनके साथियों को नगर पंचायत के कार्यों में हस्तक्षेप करने पर प्रतिबन्ध लगाने की मांग की है। लिखित शिकायत की प्रतिलिपि सचिव नगर विकास विभाग, मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी को भेजी गयी है।

### पूरे प्रकरण में क्या कहना है अधिशासी अधिकारी लालगंज राजभान शुक्ला का...

वायरल वीडियो में दो कुर्सियां पड़ी हुई है एक छोटी और एक बड़ी एक कुर्सी पर अध्यक्ष महोदया के प्रतिनिधि बैठे हुए हैं। चुकी वह उनके पति है कार्यालय में जब भी आते हैं दोनों लोग साथ में आते हैं और संवैधानिक कुर्सी पर वह नहीं बैठते वायरल वीडियो में एक कुर्सी खाली है और हो सकता है बगल में एक सोफा पड़ा है हो सकता है अध्यक्ष महोदया वहां बैठी हो फिलहाल वायरल वीडियो की जांच करवाता हूं।

# बच्चों ने दिया मतदान का संदेश



**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मतदाता जागरूकता के तहत जिले भर में विविध कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। विद्यालयों में होने वाले जागरूकता कार्यक्रमो के जरिए अभिभावकों और ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताया जा रहा है, साथ ही मतदान की शपथ भी दिलाई जा रही है। गांव में आसपास रहने वालों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया जा रहा है।

बछरावां विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गुजरपुर के प्रधानाध्यापक डॉक्टर राघवेंद्र शुक्ल के नेतृत्व में सोमवार को बच्चों ने मतदान टोली के माध्यम से लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र- छात्रा कल्पना, शगुन, आराध्या, शिवांशी, सपना, करन ,दिव्यांशु, संदीप, गंगाधर, अमन, शुभम, जूही, राधिका आदि बच्चों ने अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर विद्यालय के सहायक अध्यापक चेतन प्रताप सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## खबरें एक नजर में

### अनियंत्रित बाइक खाई में गिरी, तीन घायल



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित बाइक खाई में गिरी, तीन घायल एक को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें की थाना क्षेत्र के जोहवाशर्की गांव के रहने वाले शांतिलाल उम्र 26 वर्ष पुत्र ईश्वरदीन अपनी बहन राजवती उम्र 32 वर्ष तथा मां रामदुलारी उम्र 51 वर्ष लखनऊ जनपद के निगोहा थाना क्षेत्र के भगवानगंज से एक मांगलिक कार्यक्रम से वापस अपने घर एक ही बाइक से जोहवाशर्की थाना हरचंदपुर जा रहे थे। तभी लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कन्नावां गांव के निकट पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित हो गई। जिससे बाइक खाई में जा गिरी। और तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने प्राथमिक उपचार कर राजवती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### अज्ञात कारणों से लगी आग में कई बीघा फसल खाक

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विकासक्षेत्र के रानीखेड़ा गांव में सोमवार दोपहर 2 बजे के आसपास अज्ञात कराणों से गेहूं की फसल में आग लग गई। जिसमें लगभग 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। रानीखेड़ा निवासी साहबदीन, रामखेलावन ,गुरुराज, रमेश, भगवानदीन , सन्नो, रामनरेश, राम सुमिरन ,कल्लू, इंद्रपाल ,सुंदरलाल ,छत्रपाल के खेतों में आग लग गईद्य इन सभी किसानों की लगभग 10 बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई।
आग लगने की जानकारी पाकर ग्रामीण इकट्ठा हो गए, परंतु आग इतनी तेज थी, कि ग्रामीणों द्वारा काबू नहीं पाया जा सकाद्य जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर विकेट ने आग पर काबू पाया। तत्पश्चात मौके पर सूचना पाकर पहुंचे हल्का लेखपाल सुशील कुमार ने बताया कि सभी किसानों के नुकसान की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

### मासूम बच्ची को लोडर ने रौंदा, मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा एजेंसी से लोडर बैक करते समय सड़क किनारे मासूम बच्ची को मारी जोरदार टक्कर, लोडर की टक्कर से मासूम बच्ची की मौके पर हुई दर्दनाक मौत मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बरगद चौराहे के पास का है जहां अदिति पुत्री प्रमोद दीक्षित उम्र 8 वर्ष निवासी चिलौला थाना लालगंज सड़क के किनारे खड़ी थी तभी मारुति सुजुकी एजेंसी से नया लोडर निकलते समय मासूम बच्ची लोडर की चपेट में आ गई स्थानीय लोगों की मदद से मासूम बच्ची को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, मासूम बच्ची की मौत से परिवार में कोहराम मच गया वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और वाहन चालक को मय गाड़ी के हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अनियंत्रित होकर कार गड्ढे में पलटी, दम्पति सुरक्षित

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र की चौकी थुलेंडी अंतर्गत तेज रफ्तार का अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा पलटी, हल्की चोटों के बाद पति पत्नी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी अनुसार रविवार को देर रात लगभग 10 बजे मोहम्मद कलीम उम्र 22 वर्ष पुत्र वाहिद अली निवासी महाराजगंज अपनी पत्नी इशरत बानो उम्र 22 वर्ष के साथ ईद मिलने बछरावां थाना क्षेत्र के दोस्तपुर अपनी ससुराल गए हुए थेद्य वहां से वापस लौटते समय जैसे ही उनकी कार चौकी क्षेत्र के सुल्तानपुर तिवारीपुर गांव के निकट पहुंची अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी और पलट गईद्य स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज ले जाया गया जहां हल्की-फुल्की चोटों का इलाज करने के उपरांत चिकित्सकों ने उन्हे घर भेज दिया है। उनके ससुर से बताया कि दामाद मोहम्मद कलीम की बीपी डाउन होने के कारण यह दुर्घटना घटी है। वही चौकी प्रभारी थुलेंडी वागीश मिश्रा ने बताया कि दुर्घटना की ऐसी कोई जानकारी नहीं प्राप्त हुई है।

### देवी मंदिरों में माता कालरात्रि की हुई पूजा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** नगर समेत ग्रामीणांचलो के देवी मंदिरों में सातवें दिन मां कालरात्रि देवी की पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। नगर के स्टेशन रोड स्थित दुर्गा मंदिर, कल्याणी माता मंदिर, पूर्णा देवी धाम, नवाबगंज स्थित दुर्गा-कुशहरी, बीघापुर स्थित संदोही माता मंदिर, बांगरमऊ स्थित भगवती राज राजेश्वरी मंदिर, सफीपुर स्थित शंकरी देवी मंदिर, औरास के भुइंया देवी मंदिर जंगलेश्वर मंदिर, पूराचांद के मंशा देवी मंदिर, कुंवरखेड़ा के महाकालेश्वर मंदिर भुडकुंडी सहित अन्य गांवों के मंदिरों में नवरात्र के सांतवे दिन भक्तों की भीड़ लगी रही।

### महिला ने युवक समेत चार पर दर्ज कराई दुष्कर्म की रिपोर्ट

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफदुष्कर्म करने साथ ही आरोपी युवक के रिश्तेदार पिता-पुत्र पर सहयोग करने पर चार लोगों के खिलाफमुकद्दमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने आरोप लगाया कि औरास थाना क्षेत्र के सहदोई गांव निवासी गोलू पुत्र रामपाल की उसके गांव में रिश्तेदारी है जिससे उसका गांव आना जाना लगा रहता है रिश्तेदार बाबूलाल पुत्र भभूती, रामबरन, ओमप्रकाश पुत्रगण बाबूलाल के सहयोग से गोलू ने बहाने से बुलाकर दुष्कर्म किया और कहीं बताने पर धमकी देते हुए भाग निकला। इस सम्बंध में थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ दुष्कर्म और उसके रिश्तेदार पिता-पुत्र के खिलाफसहयोग करने का मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है।

# खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ कंट्रोल रूम स्थापित

- क्रय कार्य की समीक्षा के साथ-साथ क्रय के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों पर तत्परतापूर्वक की जायेगी कार्रवाई

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गेहूँ खरीद कार्य के लिये गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय, रायबरेली में खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है जिसमें गेहूँ क्रय कार्य की समीक्षा के साथ-साथ क्रय के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों पर तत्परतापूर्वक कार्रवाई की जायेगी। खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ कार्य दिवसों में प्रातः 09:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक (रविवार एवं राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर) खुला रहेगा। इसके अतिरिक्त रविवार व राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर अन्य अवकाश के दिनों में भी प्रातः 10:00 बजे से अपराहन 01:00 बजे तक क्रियाशील रहेगा। खरीद प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों के लिये दूरभाष संख्या 0535-2975003 निर्धारित रहेगा। जिला खाद्य विपणन अधिकारी/अपर जिला खरीद अधिकारी रायबरेली ने जानकारी देते हुए कहा कि खरीद नियंत्रण प्रकोष्ठ के प्रभारी, रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, विपणन सहायक, कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी, रायबरेली रहेंगे। खरीद नियन्त्रण प्रभारी के सहयोग हेतु पवन कुमार, विपणन सहायक, कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी, रायबरेली को एततद्वारा नामित किया जाता है, जो अपने पूर्व में आवंटित कार्यों के साथ-साथ इस कार्य को भी पूर्ण करेंगे। कंट्रोल रूम में एक शिकायत पंजिका बनायी जायेगी जिसमें दैनिक प्राप्त हो रही शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित क्रय एजेंसी से समन्वय स्थापित करते हुए उसका निस्तारण ससमय करेंगे।

# सुविधा एप के माध्यम से दी जाएगी रैली, जनसभा आदि की अनुमति



- अनुमति हेतु 48 घंटे पूर्व करना होगा ऑनलाइन आवेदन
- राजनैतिक दलों- प्रत्याशियों को अब नहीं काटने होंगे निर्वाचन कार्यालय के चक्कर, घर बैठे मिलेगी अनुमति

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भिग्य, शांतिपूर्ण सकुशल सम्पन्न कराने हेतु बचत भवन सभागार में समस्त पार्टियों के जनप्रतिनिधियों के साथ नामांकन, पोस्टल बैलेट से मतदान एवं विभिन्न प्रकार की अनुमति जारी करने के संबंध में बैठक की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव संबंधी सभी अनुमतियों के लिए सुविधा पोर्टल/मोबाइल एप विकसित किया गया है इसके माध्यम से प्रत्याशी/राजनैतिक दल ऑनलाइन आवेदन कर जनसभा, रैली, लाउडस्पीकर, नुक्कड़ सभा, वाहन, हेलीकॉप्टर, हेलीपैड, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग, अस्थाई पार्टी कार्यालय आदि की अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए अब प्रत्याशियों/राजनैतिक दलों को निर्वाचन कार्यालय के चक्कर नहीं काटने होंगे इन सभी अनुमतियों के लिए उन्हें सुविधा एप पोर्टल पर 48 घंटे पूर्व ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न अनुमतियों हेतु निर्धारित प्रारूप, अनुलग्नक एवं साथ में दिए जाने वाले दस्तावेजों की चेक लिस्ट दी जा चुकी है। अनुमति न मिलने की दशा में आयोजन सभा, रैली, वाहन प्रयोग विधिक रूप से अमान्य माना जाएगा एवं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के रूप में लिया जाएगा, इसलिए अनुमति प्राप्त करने हेतु निर्धारित प्रारूप पर 48 घंटे पूर्व ऑनलाइन आवेदन किया जाना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति के उपरोक्त आयोजन किए जाने पर संबंधित प्रत्याशी/राजनैतिक दल के विरुद्ध भा0दं0सं0 1951 की धारा 153 ए, 153 बी, 171 सी, 295 ए, 505(2), 130, 77(1), 127 एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही राजनैतिक पार्टी के स्टार प्रचारक के आने व चुनाव प्रचार करने की अनुमति भी ली जाएगी, यदि अनुमति नहीं ली जाती है तो वह आरपी एक्ट की धारा 77(1) के अंतर्गत आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा और उस राजनैतिक पार्टी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

**सर्वोदय महाविद्यालय**
मिहींपुरवा, बहराइच
सम्बद्ध – डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय, फैजाबाद

**आवश्यकता है**
निम्नलिखित विषयों के प्राध्यापकों की:–
**अ. परास्नातक कक्षाओं में शिक्षण हेतु–**
(1) गृहविज्ञान पद –02
**ब. स्नातक कक्षाओं में शिक्षण हेतु–**
(1) प्राचीन इतिहास पद–01
(2) अंग्रेजी पद –01
(3) राजनीति शास्त्र पद –01
**स. संगणक अध्यापक– 01, लिपिक कम जीप चालक – 01**
नोटः–1. इच्छुक अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाण–पत्रों के साथ विज्ञप्ति जारी होने के 21 दिनों के अन्दर आवेदन प्रस्तुत करें।
2. प्राध्यापकों की शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0 मानकानुसार।
2. वेतन स्ववित्तपोषित योजनांगत ।
प्रबन्धक / प्राचार्य
मो0नं0–9839920510,9450257922

# मानवता व न्याय के पुजारी थे बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर : सुशील पासी



**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बी.आर अंबेडकर इंटर कॉलेज रायबरेली के प्रांगण में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस मौके पर कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सुशील पासी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर सुशील पासी ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर मानवता व न्याय के पुजारी थे,सभी को न्याय, समान अवसर के पक्षधर थे। लोकतंत्र संविधान,अंबेडकर के मिशन को बचाने के लिए एकजुट होकर संघर्ष की जरूरत है। सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय के लिए संगठित होने की आवश्यकता है। देश में आर्थिक असमानता को खत्म करने के लिए सभी को अवसर की समानता देनी होगी लोकतंत्र,धनतंत्र में बदल गया है। पूंजी के एकीकरण को रोकना होगा देश में खुशहाली न्याय,प्रगति समृद्धि तभी आएगी जब सभी को समान अवसर प्राप्त होंगे यही बाबा साहब अंबेडकर का सपना था।

इस मौके पर शशांक कुमार, विचित्र चौधरी, एडवोकेट अर्जुन पासी, वरिष्ठ समाजसेवी रामकन कोरी, रामकुमार गौड़, सिंह प्रताप मौर्य, वरिष्ठ नेता छेदीलाल पासी, सुतांशु मौर्य, आदित्य मौर्य, मोहित मौर्य, सुनील कुमार, सुकृत कनौजिया, राम अचल लोधी, बृजेश कुमार, राज नारायन आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा के जारी संकल्प पत्र को लेकर जेपीएस राठौर ने की प्रेस वार्ता




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए कल जारी किए गए संकल्प पत्र की खूबियों को बताने के लिए स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री सहकारिता जेपीएस राठौर आज रायबरेली पहुँचे। इस दौरान सहकारिता राज्यमंत्री जेपीएस राठौर ने अखिलेश यादव के काशी विश्वनाथ मंदिर की सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों की पुजारी वाली वेशभूषा पर ट्वीट पर पलटवार करते हुए कहा कि अखिलेश यादव को सिर्फ श्मशान, कब्रिस्तान और तुष्टीकरण ही दिखाई देता है। उन्होनें पार्टी द्वारा जारी संकल्प पत्र की खूबियां बताई। संकल्प पत्र की खूबियों का उल्लेख करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि बीजेपी जो कहती है वो करती है। बीजेपी ने कहा कि राम मंदिर बनायेगे तो बनाया। किसानों को उनके खाते में सीधे रुपये भेजे जा रहे हैं, बीच मे कोई बिचौलिया नही है।

### सरकार बनने पर स्लीपर वंदे भारत ट्रेनें चलेंगी : मंत्री

उन्होनें कहा कि लोकसभा के संकल्प पत्र के अनुसार बीजेपी यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करेगी। वन नेशन वन इलेक्शन लागू किया जाएगा। देश मे बुलेट ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाएगी। बीजेपी सरकार ने वंदे भारत जैसी ट्रेनें चलाकर यात्रियों का समय बचाया है। सरकार बनने पर स्लीपर वंदे भारत ट्रेनें चलेंगी। इसके साथ ही वंदे मेट्रो कोच भी चलेंगे। रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी घोषित न होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब तक दूसरे चरण के दौरान वायनाड में वोट नहीं पड़ जाएंगे तब तक कांग्रेस रायबरेली और अमेठी से प्रत्याशी घोषित नहीं करेगी।उन्होनें जारी किये घोषणा पत्र को मोदी की गारंटी बताया है। पिछले चुनावों में भी भाजपा ने जो संकल्प पत्र जारी किये थे उन्हें पूरा किया। चाहे वो कश्मीर में धारा 370 हटाये जाने का मामला हो या फिर राम मन्दिर निर्माण का। उन्होंने कहा कि यह मोदी की गारंटी है कि चुनावी संकल्प पत्र की सभी बातों को पूरा किया जायेगा।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा तेज रफ्तार करने बाइक सवार युवक को मारी जोरदार टक्कर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर हुई दर्दनाक मौत मामला सरेनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेमरी सरेनी मार्ग कहां है जहां तेज रफ्तार करने बाइक सवार युवक अजय श्रीवास्तव पुत्र विशंभर श्रीवास्तव उम्र 47 वर्ष निवासी मवईया जनपद उन्नाव को टक्कर मार दी कार की टक्कर से बाइक सवार अजय श्रीवास्तव की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कर चालक को मय कार के हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू की।

# एसडीएम ने कस्तूरबा विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक हसनगंज क्षेत्र के आंदमपुर बरेठी गांव में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का एसडीएम ने औचक निरीक्षण किया। बच्चों के रूम में गंदगी व बिखरा सामान देखकर वार्डन को जमकर फटकार लगाई।

हसनगंज ब्लॉक के आंदमपुर बरेठी गाँव के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में शिक्षिका राखी वैश्य, अनामिका गौर, पल्लवी यादव, अपूर्वा सिंह लेखाकार, रेखादेवी रसोईया आदि मौजूद मिली। एसडीएम ने बच्चों के रूम में जाकर बच्चों से रहन-सहन व खान-पान की जानकारी हासिल की और सभी बच्चों का सामान बेड के नीचे बिखरा पड़ा होने से नाराजगी व्यक्त की। बच्चों का सामान सुरक्षित व सही तरीके से रखने के लिए वार्डन को जल्द से जल्द अलमारी मंगवाकर रखने की हिदायत दी। भीषण गर्मी में परिसर में वाटर कूलर खराब होने व गंदगी मिलने पर नाराजगी जाहिर कर तत्काल सफाई करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण से वापस आते समय एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने रास्ते में जसमंडा बब्बन गांव में थेशर से गेहूं फसल काटते समय खुद एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने क्षेत्रीय लेखपाल सुशील शुक्ल को फसल क्राप कटिंग करवाई। इसपर एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें वाटर कूलर सहित गंदगी मिली है। सफाई के निर्देश दिए हैं।

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2024 की संख्या में वृद्धि**

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

**05656/05655 गुवाहाटी - जम्मू तवी - गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 05656 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 05656 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 05655 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 05655 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:30 | गुवाहाटी | 13:20 | ---- |
| 17:35 | ---- | जम्मू तवी | ---- | 10:00 |

**चलने के दिन: 05656 गुवाहाटी** से प्रत्येक सोमवार दिनांक 06.05.2024 से 01.07.2024 तक एवं **05655 जम्मू तवी** से प्रत्येक गुरुवार दिनांक 09.05.2024 से 04.07.2024 तक।
**ठहराव:** कामाख्या जं., रगिंया जं., बरपेटारोड, न्यु बंगाई गांव जं., कोकराझार, न्यु कोचबिहार, न्यु जलपाईगुड़ी, किशनगंज, कटिहार जं., नवगछिया, खगड़िया जं., बेगुसराय, बरौनी जं., शाहपुर पटोरी, देसरी, हाजीपुर जं., सोनपुर, छपरा जं., सिवान जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., गोंडा जं., लखनऊ एनआर, हरदोई, बरेली जं., मुरादाबाद जं., लक्सर जं., रुड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बला कैंट, लुधियाना जं., जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, एवं कठुआ स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर एवं शयनयान।

**09405/09406 साबरमती - पटना जं. - साबरमती ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी** — 22 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 09405 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 09405 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 09406 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 09406 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18:10 | साबरमती | 13:30 | ---- |
| 15:35 | 15:45 | लखनऊ | 16:05 | 16:15 |
| 02:00 | ---- | पटना जं. | ---- | 05:00 |

**चलने के दिन: 09405 साबरमती** से प्रत्येक मंगलवार दिनांक 16.04.2024 से 25.06.2024 तक एवं **09406 पटना जं.** से प्रत्येक गुरुवार दिनांक 18.04.2024 से 27.06.2024 तक।
**ठहराव:** महेसाना जं., पालनपुर जं., आबूरोड, अजमेर जं., फूलेरा जं., जयपुर, बांदीकुई जं., भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला जं., कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ एनआर, सुलतानपुर, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**पूर्व घोषित रेलगाड़ी संख्या 09309/09310 इंदौर - नई दिल्ली - इंदौर सुपरफास्ट द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी अब इंदौर - हज़रत निज़ामुद्दीन-इंदौर के बीच निम्नलिखित विवरण के अनुसार चलाई जायेंगी:** — 42 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 09309 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 09309 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 09310 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 09310 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:00 | इंदौर | 21:00 | ---- |
| 04:30 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 08:20 |

**चलने के दिन: 09309 इंदौर** से प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को दिनांक 19.04.2024 से 30.06.2024 तक एवं **09310 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को दिनांक 20.04.2024 से 01.07.2024 तक।
**ठहराव:** देवास, उज्जैन जं., नागदा जं., शामगढ़, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुरसिटी, भरतपुर जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**09064 गोरखपुर जं. - उधना जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 09064 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 09064 प्रस्थान |
|---|---|---|
| गोरखपुर जं. | ---- | 04:45 |
| लखनऊ | 13:05 | 13:10 |
| उधना जं. | 15:30 | ---- |

**चलने के दिन: 09064 गोरखपुर जं.** से दिनांक 16.04.2024 (मंगलवार) को।
**ठहराव:** आनन्द नगर जं., सिद्धार्थ नगर, बढनी, गैंसड़ी तुलसीपुर, बलरामपुर, गोंडा जं., बाराबंकी जं., लखनऊ एनआर, कानपुर सेन्ट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, विदिशा, रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा जं., भुसावल जं., नंदुरबार, बारडोली एवं चलथान स्टेशन।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

**04145/04146 प्रयागराज - आनन्द विहार (ट) - प्रयागराज सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी** — 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 04145 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04145 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04146 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 04146 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:20 | प्रयागराज | 19:20 | ---- |
| 08:00 | ---- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 09:30 |

**चलने के दिन: 04145 प्रयागराज** से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 26.04.2024 से 31.05.2024 तक एवं **04146 आनन्द विहार (ट)** से प्रत्येक शनिवार दिनांक 27.04.2024 से 01.06.2024 तक।
**ठहराव:** फतेहपुर, कानपुर सेन्ट्रल, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**08475/08476 पुरी - हज़रत निज़ामुद्दीन - पुरी विशेष रेलगाड़ी** — 20 फेरे

| रेलगाड़ी सं.: 08475 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 08475 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 08476 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 08476 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:50 | पुरी | 06:55 | ---- |
| 17:40 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 23:35 |

**चलने के दिन: 08475 पुरी** से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 19.04.2024 से 28.06.2024 तक एवं **08476 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक शनिवार दिनांक 20.04.2024 से 29.06.2024 तक।
**ठहराव:** खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मार्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल,रेढ़ाखोल, सम्भलपुर सिटी, झारसुगुडा रोड, बिलासपुर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।
**स्थान:** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**05051 छपरा जं. - दिल्ली जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी** — 01 फेरा

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 05051 आगमन | रेलगाड़ी सं.: 05051 प्रस्थान |
|---|---|---|
| छपरा जं. | ---- | 11:25 |
| लखनऊ | 22:00 | 22:10 |
| दिल्ली जं. | 11:40 | ---- |

**चलने के दिन: 05051 छपरा जं.** से दिनांक 16.04.2024 (मंगलवार) को।
**ठहराव:** बलिया, इन्दारा जं., मऊ जं., आजमगढ़, खोरासन रोड, शाहगंज जं., अयोध्या कैंट, लखनऊ, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
हमें फॉलो करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा – हमारा ध्येय — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## दिवास्वप्न जैसा भाजपा का घोषणापत्र

आम चुनाव में पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने वाला है और उससे ठीक पांच दिन पहले अंबेडकर जयंती पर सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने अपना घोषणापत्र पेश किया। यूं तो 10 सालों से केंद्र की सत्ता पर बैठी भाजपा को अपने 10 साल के काम दिखाकर ही जनता से वोट मांग लेने चाहिए थे। अलग से घोषणाएं करने की कोई जरूरत ही नहीं थी। 2014 में नरेन्द्र मोदी ने अच्छे दिनों का वादा जनता से किया था। अगर अच्छे दिन 2014 से शुरु हो चुके थे, तो उन्हें 2024 में भी जारी रहने दिया जा सकता था। लेकिन हकीकत क्या है, ये भाजपा भी अच्छे से जानती है और अब जनता भी समझने लगी है। इसलिए भाजपा को अपना संकल्प पत्र नाम का घोषणापत्र जारी करना पड़ा। जिसमें महंगाई या बेरोजगारी पर कोई बात नहीं की गई, अलबत्ता मोदी की गारंटी जैसी शब्दावली के साथ नयी घोषणाओं को पेश किया गया है। कांग्रेस का घोषणापत्र न्यायपत्र के नाम से जारी किया गया है और भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में ज्ञान का जिक्र किया है। जी वाय ए एन का विस्तार हुआ, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी। भाजपा की यह ज्ञान वाली कोशिश कांग्रेस के आगे बचकानी ही नजर आई। क्योंकि भाजपा अगर 10 साल सत्ता में रहने के बाद भी गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए नए वादे कर रही है, इसका मतलब यही हुआ कि 10 सालों में इन वर्गों के उत्थान में भाजपा सफल नहीं हो पाई है। भाजपा ने 2014 में सत्ता में आने के लिए हर साल 2 करोड़ रोजगार, हर खाते में 15 लाख जैसे वादे किए थे, फिर 2022 तक किसानों की दोगुनी आय की बात कही थी, नमामि गंगे, बुलेट ट्रेन, स्मार्ट सिटी के सपने लोगों को दिखाए थे। और भाजपा की सत्ता के साल गुजरने के साथ ही ये तमाम बातें जुमलेबाजी में बदल गईं। हल्की-फुल्की चर्चा और मस्ती-मजाक में किसी पर जुमलेबाजी करने, ऊंची-ऊंची हांकने, मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाने जैसी बातें स्वीकार्य हो सकती हैं, लेकिन जब इनका असर देश पर होने लगे तो यह हर नागरिक के लिए खतरे की घंटी है कि वह संभल जाए। भाजपा के 10 सालों में गंगा नदी साफ नहीं हुई, बल्कि इस दौरान काशी विश्वनाथ से लेकर महाकाल तक कई मंदिरों में कॉरिडोर बनाकर उन्हें आम आदमी की पहुंच से दूर कर दिया गया। उत्तराखंड में हिमालय में पड़ रही दरारों को अनदेखा कर ऑल वेदर रोड जैसी परियोजनाएं शुरु हो गईं। एक साल तक किसानों को आंदोलन पर बैठना पड़ा, अब भी किसान आंदोलनरत हैं, इस बात को भुलाकर किसानों के उत्थान के नए वादे हो रहे हैं। मणिपुर से लेकर महिला पहलवानों तक नारी उत्पीड़न के कई गंभीर मामलों को अनदेखा कर नारी शक्ति की बात की जा रही है।

# मैं चुनाव जीतना नहीं चाहता बल्कि केवल हारना चाहता हूं

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया




**तीसरे मध्य प्रदेश के परमानंद तोलानी चौथे राजस्थान के शंकरलाल और पांचवें हैदराबाद के रविंद्र तथा छठवें धनुराम अंबेडकर जिनके बारे में हम नीचे पैरा में चर्चा करेंगे,क्योंकि इनमें से कुछ का कहना,मैं चुनाव जीतना नहीं चाहता बल्कि केवल हारना चाहता हूं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,लोकसभा चुनाव 2024 धरतीपकड़ उम्मीदवारों द्वार अपनी उम्मीदवारी का शतक लगाकर रिकॉर्ड बनाने के जज्बे को रेखांकित करना होगा। साथियों बात अगर हम स्वर्गीय काका जोगिंदर सिंह धरती पकड़ की करें तो,वे 300 से ज्यादा चुनाव लड़े और हारे। वैसे धरती पकड़ नेता अब कम ही मिलते हैं। फिर भी कुछ विभूतियां हैं जो हर चुनाव में आ जाती हैं ताल ठोकने उनके लिए हारना भी एक तरह की कला बन गया है।**

इं वैश्विक स्तरपर आज दुनियां का हर शख्स,चाहे वह पुरुष महिला या फिर ट्रांसजेंडर हो अपने जीवन के हर पड़ाव पर केवल सफ़ल होना चाहता है,जीत हासिल करना चाहता है। अपनी सफलता के रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स या फिर लिम्का एशिया और दिल्ली बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज करना चाहता है,जो सही भी है उनके इस जज्बे, हिम्मत और चाहत को मैं सेल्यूट करता हूं। परंतु चूंकि अभी लोकसभा चुनाव 2024 का महापर्व 19 अप्रैल से 1 जून 2024 तक शुरू हो रहा है, जिनका प्रचार व प्रसार काफी जोरों पर है ,इसलिए ऐसे कुछ व्यक्तियों की हमें याद आ गई जो अपने जीवन में चुनावी असफलताओं और सबसे कम वोट पाने तथा हारने का रिकॉर्ड बनाने के लिए अपना जीवन निश्चयावर कर दिए हैं,जिसको रेखांकितकरना जरूरी है, क्योंकि जहां एक और एक उम्मीदवार जीत दर्ज करने के लिए साम दाम दंड भेद सहित आर्थिक तिजोरी खोल देता है,वहीं दूसरी ओर यह व्यक्तित्व चुनाव हारने के लिए ही चुनाव लड़ते हैं और लिम्का एशिया तथा दिल्ली बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कर चुके हैं। मीडिया में रिसर्च करने पर मुझे ऐसे पांच-सात व्यक्तित्व मिले परंतु क्योंकि मैं उनसे मिला नहीं हूं,इसलिए इसकी सटीकता का को प्रमाणित नहीं किया जा सकता। इन सब में सबसेसीनियर उम्मीदवार क़रीब 100 वर्षीय याने बिहार के काका जोगिंदर सिंह जिनका जन्म अखंड भारत वर्तमान में पड़ोसी मुल्क में हुआ था वह करीब 300 से अधिक बार चुनाव लड़ चुके हैं,जिनका अभी हाल ही में देहांत हो चुका है। दूसरे इलेक्शन किंग तमिलनाडु के पद्मराजन जो करीब 281 बार चुनाव लड़े हैं। तीसरे मध्य प्रदेश के परमानंद तोलानी चौथे राजस्थान के शंकरलाल और पांचवें हैदराबाद के रविंद्र तथा छठवें धनुराम अंबेडकर जिनके बारे में हम नीचे पैरा में चर्चा करेंगे,क्योंकि इनमें से कुछ का कहना,मैं चुनाव जीतना नहीं चाहता बल्कि केवल हारना चाहता हूं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव 2024 धरतीपकड़ उम्मीदवारों द्वार अपनी उम्मीदवारी का शतक लगाकर रिकॉर्ड बनाने के जज्बे को रेखांकित करना होगा।

साथियों बात अगर हम स्वर्गीय काका जोगिंदर सिंह धरती पकड़ की करें तो, वे 300 से ज्यादा चुनाव लड़े और हारे। वैसे धरती पकड़ नेता अब कम ही मिलते हैं। फिर भी कुछ विभूतियां हैं जो हर चुनाव में आ जाती हैं ताल ठोकने उनके लिए हारना भी एक तरह की कला बन गया है। ये पैदा तो अखंड भारत में हुए थे, लेकिन मुल्क ने सरहदें बना दीं तो इस पार चले आए। लाहौर की गलियों से भागलपुर तक पहुंचने में मीलों धरती नापी। फिर अपनी जिद और अक्खड़ बिहारीपन के लिए मशहूर हुए तो नगरपालिका से लेकर देश के राष्ट्रपति पदतक के चुनाव में हिस्सा लेकर अपनी मौजूदगी की धमक बरकरार रखी। कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक चुनावी समर का हिस्सा बन चुके हैं। लोकतंत्र की मर्यादा बताने के लिए लड़ते रहे हर बार चुनाव लड़ने का रिकॉर्ड दर्ज कर चुके धरती पकड़ अपने जीवन एक बार भी चुनाव नहीं जीत सके। लेकिन, हार कभी इन्होंने माना ही नहीं। हर चुनाव हारने के बाद फिर अगले चुनाव की तैयारी। अपनी हार के सिलसिले पर धरती पकड़ कहते हैं, मैं लोकतंत्र में एक आम आदमी की अहमियत को बताना और उसे साबित करना चाहता हूं। जीत-हार की मेरी जिंदगी अहमियत नहीं है, मैं सोसायटी को ताउम्र यह मैसेज देने की कोशिश में जुटा रहा कि, देश और लोकतंत्र में सबकी अहमियत बराबर है, इसलिए नाम पड़ा धरती पकड़ 100 बसंत गुजार चुके। साथियों बात अगर हम इलेक्शन किंग के पद्मराजन की करें तो, तमिलनाडु के सेलम जिले के मेट्टूर के रहने वाले के. पद्मराजन किसी भी चुनाव में जीतने के लिए नहीं बल्कि हारने के लिए खड़े होते हैं। लेकिन फिर भी दुनियां इन्हें इलेक्शन किंग के नाम से जानती है। 65 वर्षीय टायर मरम्मत की दुकान के मालिक के. पद्मराजन 1988 से यानी 36 सालों से चुनाव लड़ रहे हैं, वह अब तक 238 चुनाव लड़ चुके हैं। के. पद्मराजन के नाम भारत में सर्वाधिक चुनाव लड़ने का रिकॉर्ड है,इसमें से वह अब तक एक बार भी जीते नहीं हैं। चुनावी हार को देखते हुए उन्हें जनता वर्ल्ड बिगेस्ट इलेक्शन लूजर का भी तमगा दे चुकी है। वे साइकिल मरम्मत की दुकान चलाते हैं। उनकी स्कूली शिक्षा भी पूरी नहीं हुई थी, तब से वह साइकिल मरम्मत का काम कर रहे हैं हालांकि बिना कॉलेज गए उन्होंने डिस्टेंस एजुकेशन से इतिहास में ग्रेजुएशन की डिग्री ली है। इनका परिवार भी उनके साथ हैं। इन्होंने 2004 में लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी के खिलाफ चुनाव लड़े थे। 2007 और 2013 में असम में मनमोहन सिंह के के खिलाफ चुनावी मैदान में थे। 2014 में वडोदरा में मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी वह चुनौती दे चुके हैं। इन्होंने 2019 में राहुल गांधी के खिलाफ वायनाड से भी चुनाव लड़े चुके हैं। इनके नाम सबसे ज्यादा चुनाव लड़ने का एक असाधारण ट्रैक रिकॉर्ड है, उन्होंने पंचायत चुनाव और यहां तक कि राष्ट्रपति चुनाव सहित 238 चुनावों में हिस्सा लिया है, लेकिन कभी जीत नहीं पाए। वे अब तक 12 अलग अलग राज्यों में, अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ चुके हैं। वे अब फिर से इस लोकसभा चुनाव 2024 में भी चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इस बार के. पद्मराजन धर्मपुरी निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में होंगे, इनका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और दिल्ली बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में चुनावी इतिहास के सबसे असफल उम्मीदवार के रूप में दर्ज है। उन्होने कहा है कि,अब तक, मैंने अटल बिहारी वाजपेयी, पीवी नरसिम्हा राव, जे जयललिता, एम करुणानिधि,एके एंटनी वायलार रवि, बीएसयेदियुरप्पा, एस बंगारप्पा, एसएम कृष्णा, विजय माल्या, सदानंद गौड़ा और अंबुमणि रामदास के खिलाफ चुनाव लड़ा है। मैं कुल मिलाकर छह बार राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव भी लड़ चुका हूं। मैं जीतना नहीं चाहता, बल्कि केवल हारना चाहता हूं, क्योंकि आप जीत का स्वाद केवल एक निश्चित समय के लिए ही चख सकते हैं, लेकिन आप हमेशा के लिए हार झेल सकते हैं। उन्होने कहा उसका सारा खर्चा साइकिल मरम्मत की दुकान से जो कमाई होती है, वे अब तक चुनाव लड़ने में लगभग 1 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं यहां तक कि 1991 में नरसिम्हा राव के खिलाफ चुनाव लड़ते समय आंध्र प्रदेश में अपहरण की घटना ने भी उनके उत्साह को कम नहीं किया था। वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाने की कोशिश में हैं।

## विचार

# मुकाबला : कांग्रेस का घोषणा पत्र बनाम भाजपा का घोषणा पत्र

शकील अख्तर



**2014 से पहले वह पढ़ा-लिखा। 14 के बाद नौकरी का इंतजार करता रहा और फिर 2047 में विकसित भारत बनेगा पढ़कर वह वरिष्ठ नागरिकों के चेप्टर में अपना भविष्य देखने लगा है। मजेदार है। देखना युवा को ही है कि उसे क्या करना है। कांग्रेस ने तो अपने घोषणा पत्र के शुरू में ही एक सवाल पूछा है। सवाल है कि क्या आपका जीवन 2014 की तुलना में बेहतर है? भाजपा के घोषणा पत्र आने के बाद युवाओं को इस सवाल का जवाब खोजना चाहिए। क्या वह 2047 तक इंतजार करेगा?**

देखना युवा को ही है कि उसे क्या करना है। कांग्रेस ने तो अपने घोषणा पत्र के शुरू में ही एक सवाल पूछा है। सवाल है कि क्या आपका जीवन 2014 की तुलना में बेहतर है? भाजपा के घोषणा पत्र आने के बाद युवाओं को इस सवाल का जवाब खोजना चाहिए। क्या वह 2047 तक इंतजार करेगा? 2014 में जिस की औसत आयु 27 वर्ष थी। वह 2047 में 60 वर्ष का हो जाएगा। परफेक्ट सीनियर सिटीजन। अभी जो पहली निगाह में दिखा वह है भाजपा के घोषणा पत्र में हर पेज पर मोदी जी का फोटो। कितने होंगे गिनना पड़ेगा। 50 से ऊपर तो होंगे। फोटो के मामले में तो कांग्रेस के घोषणा पत्र से बहुत आगे है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में तो राहुल के तीन चार फोटो होंगे। और वह भी साथ में। अकेला तो कोई दिखा नहीं। बाकी मोदी जी के फोटो में तो कोई उनके साथ फ्रेम में आ ही नहीं सकता। सारे फोटो एकल होते हैं। और बाकी क्या तुलना करें! कांग्रेस की 30 लाख सरकारी नौकरियों का जवाब तो भाजपा के घोषणा पत्र में कहीं दिख नहीं रहा। न महंगाई की बात। न शिक्षा फ्री करने की बात। घोषणा पत्र शुरू ही मोदी जी के देश के नाम संदेश से होता है। जिसमें वे 23 साल बाद की बात 2047 की कर रहे हैं। दस साल में लाखों युवा ओवर एज हो गए। और 2047 तक वे भी हो जाएंगे जो अभी टीन एज (किशोरावस्था) में आ रहे हैं या आए ही हैं।

लेकिन जो भी हो यह मुकाबला अच्छा है। घोषणा पत्र बनाम घोषणा पत्र का। कांग्रेस के घोषणा पत्र ने देश में उम्मीद की एक नई लहर पैदा कर दी थी। उसके बाद राष्ट्रीय जनता दल ने एक करोड़ रोजगार की बात करके उस उम्मीद को और परवान चढ़ा दिया। इससे पहले बिहार में सरकार में रहते हुए तेजस्वी यह कारनाम कर चुके थे। लाखों शिक्षकों को नौकरी देने का। इसलिए उनका केन्द्र में इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर नौकरियों को प्राथमिकता देने के वादे का युवाओं और उनके माता-पिताओं पर गहरा असर हुआ। अब लग यह रहा था कि कांग्रेस आरजेडी इन सबका जवाब देने के लिए मोदी जी नौकरियों का खजाना वैसे ही खोल देंगे जैसे उन्होंने अडानी-अंबानी के लिए सरकार के खजाने खोल दिए हैं। मगर 76 पेज के संकल्प पत्र में, जाहिर है कांग्रेस के 46 पेज के न्याय पत्र से ज्यादा पेज का निकालना था, युवाओं को नौकरी देने की गारंटी ढूंढे नहीं मिल रही है। एक चेप्टर है युवाओं को अवसर मोदी की गारंटी। मगर उसमें सरकारी नौकरी का कहीं जिक्र नहीं दिख रहा है। एक उप शीर्षक है- पारदर्शी सरकारी भर्तियां। मगर उसमें सरकारी नौकरी कितनी और कब देंगे के बदले पेपर लीक नियंत्रण के लिए कड़े कानून बनाने की की बात है। और पारदर्शी सरकारी परीक्षाओं की। अभी तक यह दोनों काम क्यों नहीं किए इसका कोई कारण नहीं बताया है। युवाओं से हर वादा ऐसा है कि अभी और जीते होते यही इंतजार होता। 2014 में मोदी जी आए थे। उस समय जो युवा था वह दस साल से इंतजार कर रहा है। अब इस घोषणा पत्र में उससे कहा है 2047। मतलब 2014 के 33 साल बाद का नक्शा। तब तक 2014 का युवा वरिष्ठ नागरिक हो चुका होगा। शायद इसलिए वह वरिष्ठ नागरिकों वाला चेप्टर ज्यादा ध्यान से पढ़ रहा है। मोदी जी ने भी युवाओं के ठीक बाद अगले पेज पर ही वरिष्ठ नागरिकों को वरियता मोदी की गारंटी शीर्षक से चेप्टर लगाया है। 2014 से पहले वह पढ़ा-लिखा। 14 के बाद नौकरी का इंतजार करता रहा और फिर 2047 में विकसित भारत बनेगा पढ़कर वह वरिष्ठ नागरिकों के चेप्टर में अपना भविष्य देखने लगा है। मजेदार है। देखना युवा को ही है कि उसे क्या करना है। कांग्रेस ने तो अपने घोषणा पत्र के शुरू में ही एक सवाल पूछा है। सवाल है कि क्या आपका जीवन 2014 की तुलना में बेहतर है? भाजपा के घोषणा पत्र आने के बाद युवाओं को इस सवाल का जवाब खोजना चाहिए। क्या वह 2047 तक इंतजार करेगा? 2014 में जिस की औसत आयु 27 वर्ष थी। वह 2047 में 60 वर्ष का हो जाएगा। परफेक्ट सीनियर सिटीजन। ढूंढे कि उस उम्र के क्या-क्या लाभ मिलते हैं। वैसे बता दें कि सीनियर सिटीजन को मिलने वाले रेल यात्रा कंसेशन को मोदी सरकार बंद कर चुकी है। और न केवल बंद कर चुकी है बल्कि इसका फायदा भी देश को यह कहकर बता चुकी है कि वरिष्ठ नागरिकों के रेल किराए में छूट खत्म करके हमने 5800 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए भी। मतलब वरिष्ठ नागरिक जिनके पास आय का कोई जरिया नहीं होता उनसे भी पैसे छीने। और इसे गर्वपूर्वक अपनी कमाई बता रहे हैं। यह ऐसा ही है जैसे घर में वृद्ध माता-पिता की दवाइयां बंद करके या उनके खाने-पीने में से दूध, दही, घी, फल, सब्जी निकालकर कहा जाए हमने इतने पैसे कमाए!

2047 के विकसित भारत का सपना देख रहे युवाओं को यह देख लेना चाहिए उस समय जो वे वरिष्ठ नागरिक हो चुके होंगे तो उनके लिए क्या होगा। युवावस्था में नौकरी नहीं और वृद्धावस्था में उनके खाने-पीने, दवाइयों से कटौती करके कमाई! इसलिए कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पूछा है कि क्या जीवन 2014 की तुलना में बेहतर है? दें युवा जवाब। और बाकी सब भी दें। चुनाव है। मौका है। मुंह से बोलने से डर लगता है तो वोट से दें। जवाब दें कि क्या 2014 से पहले जो पढ़ाई-लिखाई की वह 14 के बाद काम आई? या आगे जैसा बीजेपी बता रही है उसकी 2047 तक की योजना उसमें कोई भविष्य की संभावना दिख रही है? बहुत बढ़िया है। दो प्रमुख पार्टियों के चुनाव घोषणा पत्र का मुकाबला। जनता देखे।

युवा देखें। किस ने कितनी नौकरी, रोजगार का वादा किया है। सरकारी शिक्षा का वादा है। निःशुल्क। भूमिहीनों को जमीनों का वादा है। किसानों को मजदूरों को महिलाओं को किसके लिए क्या ठोस घोषणा है और किसने क्या शब्द जाल फैलाते हुए सब्ज बाग दिखाए हैं। मोदी जी ने तो बोल दिया कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र है। हड़कम्प मचा दिया। क्या देश में क्या विदेश में हर आदमी कांग्रेस का न्याय पत्र पढ़ने लगा। 46 पेज का है। एक-एक पेज पढ़ डाला। एक-एक शब्द। कहीं मुस्लिम लीग नहीं मिला। युवा, किसान, महिला, मजदूर, आम जनता, गरीब, दलित, पिछड़ा, आदिवासी मध्यमवर्ग ही मिलता चला गया। उसी के हितों की बातें मिलती चली गईं। मोदी जी ने यह क्या कर दिया। कांग्रेस के न्याय पत्र को एकदम हिट कर दिया।

## युद्ध विस्तार की आशंका

छह माह से गाजा पट्टी पर इस्राइल की निरंकुश कार्रवाई के बाद दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हुए हमले की प्रतिक्रिया में इस्राइल पर हुए ईरानी हमले ने मध्यपूर्व के संकट को और गहरा दिया है। अब इस्राइल ईरान पर जवाबी कार्रवाई को अंजाम देने की तैयारी में जुटा है। ऐसे में पहले रूस-यूक्रेन युद्ध की मार झेल रही दुनिया गहरे आर्थिक संकट की चपेट में आ सकती है। शनिवार की रात ईरान ने तीन सौ से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों व सैकड़ों ड्रोन के जरिये इस्राइल पर भीषण हमला किया था। हालांकि इस्राइल ने अपने सशक्त एअर डिफेंस सिस्टम से नब्बे फीसदी से अधिक हमलों को विफल कर दिया। जिसका जवाब देने के लिये इस्राइली तैयारियां चरम पर हैं। इस्राइल की आईडीएफ ईरान को घुटनों पर लाने की तैयारी में जुटी है। आशंका जतायी जा रही है कि इस्राइल ईरान के महत्वाकांक्षी परमाणु कार्यक्रम को निशाना बना सकता है। उधर खाड़ी के देश युद्ध के विस्तार को लेकर खासे चिंतित हैं और अमेरिका को युद्ध से दूरी बनाये रखने को लेकर चेता रहे हैं। हाल ही में जिस तरह ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने हार्मूज जलडम मध्य में एक इस्राइली समुद्री जहाज को कब्जे में लिया है, उससे आशंका है कि इस संघर्ष से वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति का बड़ा भाग प्रभावित हो सकता है। आशंका यह भी जतायी जा रही है कि यदि इस्राइल जवाबी कार्रवाई करता है तो युद्ध का विस्तार बड़े इलाके में हो सकता है। अब संयुक्त राष्ट्र समेत वैश्विक बड़ी ताकतें चिंता जता रही हैं कि दुनिया अब एक नये युद्ध को सहन करने की स्थिति में नहीं है। सवाल उठाये जा रहे हैं कि जब इस्राइल आक्रामकता की सीमाएं लांघ कर पिछले छह महीने से गाजा पर लगातार हमले जारी रखे हुए था तो अमेरिका ने स्थिति नियंत्रण के प्रयास क्यों नहीं किये। ऐसा लगता है कि अमेरिका भी अब मध्यपूर्व के संकट में उलझता नजर आ रहा है। खाड़ी में उसके सहयोगी देश ईरान-इस्राइल संकट को बढ़ने से रोकने के लिये दबाव बना रहे हैं। उन्होंने अमेरिका को दो टूक शब्दों में कहा है कि उनके देश में बने सैन्य अड्डों का ईरान के खिलाफ कार्रवाई में इस्तेमाल करने से बचा जाए। जाहिरा तौर पर जिस तरह की भूमिका अमेरिका व उसके मित्र देश यूक्रेन युद्ध में रूस के खिलाफ निभा रहे थे, वैसी भूमिका रूस-चीन अब ईरान-इस्राइल संघर्ष में निभा सकते हैं। इन दोनों देशों के ईरान के साथ गहरे रिश्ते बने हुए हैं। निश्चित रूप से मध्य पूर्व का संघर्ष शेष विश्व के हित में नहीं है। वहीं इस्राइल ने ईरानी हमले के बाद उसके समर्थन से इस्राइल पर हमला करने वाले हिजबुल्लाह के सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल, ईरानी हमले के दौरान लेबनान से हिजबुल्लाह ने भी राकेटों से हमले किये थे।



## राशिफल

**मेषः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**वृषभः-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुनः-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्कः-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंहः-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्याः-** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों को भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने।

**तुलाः-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकरः-** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभः-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीनः-**किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# सर्वोच्च न्यायालय चुनाव तक विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई पर लगाए रोक

नित्य चक्रवर्ती



**सात चरणों में मतदान पूरा होने में अभी छह हफ्ते बाकी हैं। अब तक, सत्तारूढ़ भाजपा ने न केवल विपक्षी दलों, विशेषकर मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टी कांग्रेस के वित्तीय संसाधनों को कमजोर करने के लिए अपनी तीन केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग किया है, बल्कि इसने प्रमुख विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं के चुनाव प्रचार अभियान को भी उन्हें ईडी, सीबीआई आदि केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा सम्मन जारी करबाधित किया जा रहा है। विशेषकर ईडी विपक्ष से भाजपा के पक्ष में दलबदल कराने के लिए सत्तारूढ़ दल के मुख्य हथियार के रूप में काम कर रही है। यह एक विषैली स्थिति है और किसी भी लोकसभा चुनाव से पहले ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं हुई थी। सर्वोच्च न्यायालय को 18वीं लोकसभा चुनावों की पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कार्रवाई करनी होगी और आदेश देना होगा कि विपक्ष के खिलाफकेंद्रीय एजंसियों की ऐसी सभी गतिविधियां चुनाव के आखिरी दिन 1 जून तक निलंबित करना होगा ताकि चुनाव मैदान में समान अवसर सुनिश्चित किया जा सके। एजंसियां अपने कार्यो की निगरानी करना जारी रख सकती हैं लेकिन विपक्षी दलों और नेताओं के खिलाफकोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा सकती है।**

किसी भी राजनीतिक दल के साथ अपनी गैर-संबद्धता और भारत के संविधान में निहित आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए, हस्ताक्षरकर्ताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाना शुरू किया। दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उनकी गिरफ्तारी तब की जब आदर्श आचार संहिता लागू थी। इसमें थोड़ी देर हो सकती है क्योंकि 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण की शुरुआत में केवल छह दिन बचे हैं, लेकिन अब भी समय आ गया है कि सुप्रीम कोर्ट इस पर रोक लगाकर विपक्ष के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करे। वर्तमान में ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय एजेंसियों द्वारा विपक्षी दलों और उनके नेताओं के खिलाफ राजनीति से प्रेरित छापे मारे जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया एक जून तक चलेगी। सात चरणों में मतदान पूरा होने में अभी छह हफ्ते बाकी हैं। अब तक, सत्तारूढ़ भाजपा ने न केवल विपक्षी दलों, विशेषकर मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टी कांग्रेस के वित्तीय संसाधनों को कमजोर करने के लिए अपनी तीन केंद्रीय एजेंसियों का उपयोग किया है, बल्कि इसने प्रमुख विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं के चुनाव प्रचार अभियान को भी उन्हें ईडी, सीबीआई आदि केन्द्रीय एजेंसियों द्वारा सम्मन जारी करबाधित किया जा रहा है। विशेषकर ईडी विपक्ष से भाजपा के पक्ष में दलबदल कराने के लिए सत्तारूढ़ दल के मुख्य हथियार के रूप में काम कर रही है। यह एक विषैली स्थिति है और किसी भी लोकसभा चुनाव से पहले ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं हुई थी। सर्वोच्च न्यायालय को 18वीं लोकसभा चुनावों की पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कार्रवाई करनी होगी और आदेश देना होगा कि विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की ऐसी सभी गतिविधियां चुनाव के आखिरी दिन 1 जून तक निलंबित करना होगा ताकि चुनाव मैदान में समान अवसर सुनिश्चित किया जा सके। एजेंसियां अपने कार्यों की निगरानी करना जारी रख सकती हैं लेकिन विपक्षी दलों और नेताओं के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा सकती है। सर्वोच्च न्यायालय ने पहले ही कुछ विशिष्ट कार्रवाई की है। कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि चुनाव खत्म होने तक टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी को ईडी समन नहीं कर सकती है। इसी तरह, कोर्ट के कहने पर आईटी विभाग ने बकाया और जुर्माने की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव के अंत तक कांग्रेस पार्टी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का आश्वासन दिया। ये विशिष्ट हस्तक्षेप हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट को अब सामान्य हस्तक्षेप करना चाहिए, ताकि ईडी या आईटी विभाग निचली अदालतों की मदद से अपने कार्यों को अंजाम न दे सकें। 11 अप्रैल को, 87 सेवानिवृत्त उच्चाधिकारियों के एक समूह, जिन्होंने राज्य और केंद्र दोनों सरकारों में सेवा की, ने आम चुनाव से पहले समान अवसर की चुनौतियों के बारे में चिंता व्यक्त करने के लिए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को कड़े शब्दों में एक पत्र लिखा। हस्ताक्षरकर्ताओं में पूर्व आईएएस, आईपीएस, आईएफएस अधिकारी शामिल हैं। यद्यपि यह पत्र ईसीआई के लिए है, यह शीर्ष न्यायालय द्वारा विचार किये जाने के लिए अधिक प्रासंगिक है क्योंकि यह संविधान को प्रभावित करने वाले व्यापक क्षेत्रों से संबंधित है।

किसी भी राजनीतिक दल के साथ अपनी गैर-संबद्धता और श्भारत के संविधान में निहित आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए, हस्ताक्षर कर्ताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाना शुरू किया। दिल्ली शराब नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उनकी गिरफ्तारी तब की जब आदर्श आचार संहिता लागू थी। पूर्व उच्चाधिकारियों ने आम चुनाव के दौरान विपक्षी दलों और विपक्षी राजनेताओं के उत्पीड़न और उन्हें परेशान करने वाले पैटर्न पर भी चिंता जताई और कहा कि यह एजंसियों की प्रेरणा पर सवाल उठाता है। उन्होंने आम चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के खिलाफ आयकर विभाग की पुनर्मूल्यांकन कार्रवाई और विपक्षी नेताओं को नोटिस के बारे में भी आपत्ति व्यक्त की। यह हैरान करने वाली बात है कि आयकर विभाग को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ-साथ अन्य विपक्षी दलों के पुराने आकलन को फिर से क्यों खोलना चाहिए, वह भी आम चुनाव की पूर्व संध्या पर। पत्र में कहा गया है कि इस समय लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार और तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा से संबंधित परिसरों की तलाशी लेना और अन्य विपक्षी उम्मीदवारों को नोटिस जारी करना भी समझ से परे है। सूत्रों की मानें तो तीन सदस्यीय ईसीआई ने भारतीय नेताओं द्वारा भाजपा सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के लगाये गये आरोपों की सत्यता पर चर्चा की।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# चुनाव संपन्न कराने में मजिस्ट्रेटों का अहम रोल

## विकास भवन में सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान संबंधी समस्त प्रक्रिया तथा ईवीएम में मतदान संबंधी समस्त जानकारी दिए जाने हेतु 230 विधानसभा महोबा के सेक्टर मजिस्ट्रेट/जोनल मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने विकास भवन सभागार में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम का सघन निरीक्षण करते हुए मास्टर ट्रेनर्स, पर्यवेक्षणीय अधिकारियों तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेटों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने में सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल मजिस्ट्रेट का सबसे महत्वपूर्ण रोल होता है। निर्वाचन में मतदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जरूरी है कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट/जोनल मजिस्ट्रेट प्रशिक्षण कक्ष को छोड़ने से पूर्व संपूर्ण मतदान प्रक्रिया को विशेष कर ईवीएम संचालन से संबंधित समस्त तकनीकी जानकारी को प्राप्त कर ले और यदि किसी प्रकार की कोई शंका हो तो उसका भी समाधान अवश्य कर लें।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की जांच परख के लिए मतदान कार्मिकों से सवाल जवाब करते रहें।जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान कार्मिकों को निर्देश दिये कि मतदान के दौरान ईवीएम मशीन में एरर आने पर उसे दूर करने के तारीके को भलि-भांति सीख लें, इसके अतिरिक्त एस.एम.एस. और पंजिका को भरने के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त की जाए। सभी कार्मिकों को सुझाव दिया गया कि प्रशिक्षण के दौरान आप में इतनी परिपक्वता आ जाए कि मतदान के दिन यदि कोई दिक्कत आती है तो आपको पता होना चाहिए कि आपको क्या करना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदान कार्मिकों से आवान्ह किया कि पूरे मनोयोग के साथ प्रशिक्षण को प्राप्त करें, जिससे मतदान के दिन किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, सीडीओ चित्रसेन सिंह, एसडीएम सदर जीतेंद्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय मिश्रा, डी. डी.ओ. पंकज यादव सहित समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव : संदिग्ध वाहनों की हुई सघन चेकिंग

- पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराधों की रोकथाम एवं जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के उद्देश्य से प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा निरंतर सघन चेकिंग, जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम द्वारा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न स्थलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। साथ ही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बेतरतीब फर्राटा फर रहे आटो चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया गया।

मनमानी ढंग से शहर के प्रमुख चौराहों व सड़क के बीचो-बीच आटो रोककर अतिरिक्त सवारी बैठाने को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें क्षमता से अधिक सवारी बैठाने वाले आटो चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए क्षमता से अधिक सवारी बैठाने से होने वाली जनहानि के विषय में जागरुक किया गया। प्रभारी यातायात द्वारा बताया गया कि शहर में गतिमान यातायात व्यवस्था बनाये रखने एवं स्थानीय लोगो को जाम की स्थिति से निजात दिलाये जाने व सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाने वाले आटो चालकों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।

यातायात पुलिस टीम द्वारा लोगों व वाहन चालक को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की गयी।

## खबरें एक नजर में

### बाइक की मांग पूरी न होने पर विवाहिता से की मारपीट

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** चरखारी कस्बा के मुहाल धनुषधारी निवासी कृतिका ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 12 दिसंबर को मोनू सेन पुत्र संतोष निवासी ग्राम पौथिया थाना ललपुरा हमीरपुर के साथ चरखारी के एक पैलेस में संपन्न हुई थी। शादी में उसके पिता ने हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। पहली विदा से ही उसके जेठ सोनू व पति मोनू सहित अन्य ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं थे।ये लोग 50 हजार और बाइक की मांग कर रहे थे। इसी को लेकर उसके साथ आए दिन गाली गलौज और मारपीट करने लगे। इसकी जानकारी उसने अपने पिता को दी। पिता ने कहा कि धीरज रखे समय के साथ सब ठीक हो जाएगा। लेकिन इसके बाद भी लोगों की आदत में कोई सुधार नहीं हुआ। उसके एक पुत्री भी है। 31 मार्च को ससुरालियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। घर से भी निकाल दिया। कहा कि यदि 50 हजार और बाइक न मिली तो घर में मत आना। यदि आयी तो जान से मार देंगे। पीड़िता ने सूचना चरखारी थाने में दी। पुलिस ने पति मोनू, जेठ सोनू, ससुर संतोष व जेठानी सोना के खिलाफ धारा 498-ए, 323, 504, 506 व दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 की धारा 3 व 4 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### जिले में 203 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में इटावा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुये 10 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई। जिन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई उसमे नीलेश उर्फ रैना पुत्र रामवरन सिंह निवासी अकबरपुर थाना चौबिया, सद्दाम अली पुत्र अली मोहम्मद निवासी बरालोकपुर थाना चौबिया, मोहित यादव पुत्र जयवीर सिंह निवासी चमरौआ थाना चौबिया, अंशुल यादव पुत्र मुकुट सिंह निवासी अकबरपुर थाना चौबिया, गोलू पुत्र रामौतार निवासी बरालोकपुर थाना चौबिया, अशोक कुमार यादव पुत्र रामनाथ सिंहन निवासी मोहनपुर थाना चौबिया, प्रीतम यादव पुत्र सर्वेश उर्फ दूदिया निवासी जवाहर पुर थाना सिविल लाइन इटावा, दीपाँशू उर्फ गब्बर पुत्र रामौतार निवासी सराय दयानत थाना सिविल लाइन इटावा, विशाल पुत्र संजेश कुमार निवासी कचपुरा थाना इकदिल, विकास पुत्र संजेश कुमार निवासी कचपुरा थाना इकदिल शामिल हैं। इससे पूर्व जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में कुल 203 हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी हैं, जिनमें से सक्रिय हिस्ट्रीशीटरों के विरुद्ध गुण्डा, गैंगस्टर, 110जी आदि की निरोधात्मक कार्यवाही लगातार अमल में लायी जा रही है एवं विगत 10 वर्षों में नामजद एफआईआर, प्रकाश में आये लुटेरे, चैन स्नेचर, नकबजन अपराधियों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है जिसमें जनपद इटावा के 1276 एवं अन्य जनपदों के 674 अपराधी शामिल हैं इन सभी सक्रिय अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया है। पुलिस द्वारा सक्रिय अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा।

### मारपीट का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** थाना बकेवर के सुभाष नगर निवासी महिला ने अपने पति पर मारपीट का आरोप लगाया, पुलिस जांच में जुटी। बकेवर थाना कस्बा के सुभाष नगर निवासी नीरज यादव ने रविवार को पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है। सुबह पति द्वारा गर्म चाय ऊपर डाल दी है। जिसके चलते रोका तो गाली गलौज कर मारपीट की है। पीडिता ने पति संतोष यादव के खिलाफ थाने में मारपीट की शिकायत की है। पीड़िता द्वारा पति के खिलाफ थाने में शिकायत किए जाने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### देवी जागरण में भजन सुनकर श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** चैत्र नवरात्र के चलते कस्बा लखना के मुहाल ठाकुरान स्थित रामजानकी मंदिर प्रांगण में बिराजमान मां जगतजननी आरम्भा के दरबार में नवदुर्गा सेवा समिति के तत्वावधान में कालिका मां म्यूजिकल ग्रुप द्वारा देवी जागरण का आयोजन विभिन्न झांकियों को दिखाकर किया गया। जिसका शुभारंभ अवनीश यादव फूड इस्पेक्टर ने पूजन करके किया। श्री नवदुर्गा सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहे 9 दिवसीय कार्यक्रम के तहत बीती रात्रि मां के दरवार में मां कालिका म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा देवी जागरण का आयोजन किया गया इसकी डायरेक्टर दिव्यांशी खाटू श्याम बाबा का प्रचलित गीत साथी हमारा कौन बनेगा ,तुम न सुनोगे तो कौन सुनेगा गाकर शमा बांध दिया इसके साथ लंगुरियां भजनों को गाने पर उपस्थित दर्शक गण थिरकने को मजबूर हो गये। पूरी रात चले इस देबी जागरण में बुन्देलखंड से आये श्याम दीबाना ने आते ही अपने भजन में लगा है दरबार मैया का भजन सुनाकर लोगों को थिरकने को मजबूर किया। इसके अलाबा अन्य भजनों को गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पूर्व देबी जागरण का शुभारंभ अवनीश यादव फूड इस्पेक्टर कानपुर व पत्नी रेनू यादव द्वारा हवन पूजन करके किया गया। इसके साथ पूरी रात चले इस जागरण में झांकी भी शंकर जी,मां जगतजननी आरम्भा,सुदामा,काली देबी,व शेराबाली मां की प्रस्तुत की गयी जिसको अंशू अलबेला वृन्दावन द्वारा पेश किया गया। इस देबी जागरण में लेडीज सिंगर जया रसूलाबाद व शिवकान्त दुबे व संचालनकर्ता दीपू के द्वारा उपस्थित देबी भक्तों को फूलों व रंग गुलाल की होली खेलने के साथ मां के दरबार में थिरकने को पूरी रात मजबूर किया। वहीं सुबह कार्यक्रम समापन के साथ हलुआ चना का प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर कमेटी के पदाधिकारी मिन्टू यादव,भीम शर्मा,पारुल सभासद,बृजेश शर्मा, मनोज कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, हर्षित महेश्वरी, संजय कुशवाहा, अन्ना यादव,रमेश यादव, रमेश पाल,रामू श्यामू यादव,वैभव राठौर, मनीष कुशवाहा, शिवम शर्मा,रेशू शर्मा,राजेश कुशवाहा, सहित तमाम अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से लखना चौकी इंचार्ज ललित कुमार मय पुलिस फोर्स के उपस्थित रहे।

# महिला सहित बच्चों को लाठियों से पीटा, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

- जिले के पनवाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई घटना

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

रंजिश को लेकर पड़ोसी के घर जाकर महिला व उसके पुत्र व पुत्री की लाठियों से पिटाई कर दी। जिससे वह लहूलुहान हो गए। किसी से शिकायत करने पर दोबारा मारने की धमकी दी।

पीड़ितों की सूचना पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पनवाड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भरवारा गांव निवासी दरसी राजपूत ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह 12 अप्रैल की दोपहर करीब 2 बजे अपने पुत्र चंद्रपाल व पुत्री गीता के साथ घर पर थी। तभी दरवाजे पर अर्जुन, लोकेंद्र आदि हाथों में लाठियां लेकर आए और पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगे। मना करने पर इन लोगों ने उसे व बच्चों को लाठियों से पीटकर घायल कर दिया। जिससे सभी के शरीर में गंभीर चोटें आयी है। इन लोगों ने धमकी दी कि यदि किसी से शिकायत की तो दोबारा मारेंगे।

पीड़िता ने सूचना पनवाड़ी थाने में दी। पुलिस ने आरोपी अर्जुन, उसे पुत्र लोकेंद्र, पत्नी मालती व पुत्री अंजू के खिलाफ धारा 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# घरों व देवी मंदिरों में भक्तों ने किया कन्या भोज का आयोजन

- देवी गीतों और जयकारों से माहौल हुआ भक्तिमय

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



चैत्र नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि के दरबार में भक्त उमड़े और पूजा अर्चना कर परिवार की सुख समृद्धि व विश्व कल्याण की कामना की। पं गौरव द्विवेदी के अनुसार सप्तमी को मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की जाती है। ऐसा करने से भक्तों की सारी बाधाएं दूर हो जाती है। मां कालरात्रि की पूजा करने से शनिदेव भी शांत हो जाते है।

सप्तमी को शहर के शक्तिपीठ मां बड़ी चंद्रिका देवी मंदिर, मां छोटी चंद्रिका देवी मंदिर, शारदा माता मंदिर, पहाड़ पर विराजी मां विंध्यवासिनी मंदिर, चरखारी के मां मदारन देवी मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। बता दें कि चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर मां अंबे की प्रतिदिन विशेष पूजा आराधना की जा रही है। बड़ी चंद्रिका और छोटी चंद्रिका मंदिर में मां भगवती का सुबह शाम विशेष श्रृंगार किया जा रहा है।बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रृंगार का सामान और साड़ी सहित विभिन्न सामग्री भेंट कर रहे हैं। नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की विशेष आराधना की गई। सभी मंदिरों में सुबह शाम की दिव्य आरती में जनसमूह ने मातारानी के सामने श्रद्धापूर्वक शीश झुकार प्रणाम करके सुख समृद्धि की कामना की। गायत्री शक्तिपीठ में हर दिन पांच कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें तमाम भक्त गायत्री मंत्र के साथ हवन वेदी में आहूति देकर मां से मनोकामना मान रहे हैं।

शहर के शेखनपुरा स्थित शहर का एक मात्र लक्ष्मी माता मंदिर में पूजा अर्चना करने को बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। सभी देवी मंदिरों, धार्मिक स्थानों और घरों में मंत्र जप, बीज मंत्र का जाप, सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा पाठ, दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन पूजन और कन्या पूजन के बाद कन्या भोज कराया जा रहा है। बड़ी चंद्रिका मंदिर में लगे नौ दिवसीय मेले का भी श्रद्धालु लुत्फ उठा रहे हैं। हर ओर माता रानी के गीत और जयकारे गूंज रहे है। जिससे शहर का माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

# भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा समन्वयक व भाजपा जिलाध्यक्ष ने की पत्रकार वार्ता

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



सोमवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भाजपा के संकल्प पत्र के विषय में जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता की मौजूदगी में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि लोकसभा समन्वयक अविनाश चौहान एमएलसी (पूर्व जिला अध्यक्ष, कानपुर देहात) भी मौजूद रहे।

पीएम मोदी की गारंटी 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा का संकल्प पत्र के बारे में अविनाश चौहान ने पत्रकारों को बताया कि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र 76 पन्नों का है। घोषणा पत्र समिति को करीब 15 लाख सुझाव मिले हैं इसमें नमो ऐप से चार लाख और वीडियो वैन से 10 लाख सुझाव मिले। संकल्प पत्र को 24 समूह में बांटा है 10 सोशल ग्रुप में गरीब युवा, मध्यम वर्ग, मछुआरे, वंचित, वर्ग सीनियर सिटीजन पिछड़े एवं कमजोर वर्ग शामिल है वहीं गवर्नेंस को 14 सेक्टर में बांटा गया है इसमें भारत के अन्य देशों से संबंध आंतरिक एवं बाहरी सुरक्षा समृद्ध भारत, ईज ऑफ लिविंग विरासत का विकास, गुड गवर्नेंस सुशासन, स्वस्थ भारत शिक्षा खेल सभी सेक्टर का विकास इनोवेशन और टेक्नोलॉजी और पर्यावरण को रखा है। संकल्प पत्र का सार और विशेषताएं भी बताई। घोषणा पत्र में किस वर्ग के लिए क्या है जैसे युवाओं के लिए, किसानों के लिए, महिलाओं के लिए ,रेलवे के लिए ,संस्कृत के लिए, भ्रष्टाचार के खिलाफ, ठोस कदम समान, नागरिक संहिता आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री गणेश यादव, जिला मीडिया प्रभारी सत्येन्द्र प्रताप भी मौजूद रहे।

## पुलिस ने जनता को सुरक्षा के प्रति किया आश्वस्त

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 एवं जनपदीय कानून, सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत पैदल गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति,वाहन चेकिंग की गयी।

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 एवं जनपद की कानून व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थानाध्यक्ष, थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

# हमीदिया इस्लामिया इंटर कालेज का परीक्षा परिणाम घोषित



**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज।**

2023-24 परीक्षा परिणाम घोषित हुआ हमीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज पनवारी महोबा उ. प्र. मे प्रबंधक. मु. नईम, प्रधानाचार्य मुशर्रफ हयात, खान साहब, रज़िया गाँधी, मु. ताज़ीम, विद्यालय के समस्त अध्यापकगण व कर्मचारी की उपस्थिति मे बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमे सभी बच्चों को अंक पत्र के ट्राफी, मेडल, प्रशत्र पत्र, एक एक बैग, T-shirt और डायरी वितरित की गयी जिससे बच्चों के चेहरे खिलखिला उठे।

प्रबंधक ने बच्चों तथा अविभावको को विश्वास दिलाया कि पनवारी मे शिक्षा के क्षेत्र मे वो तब तक नही रुकेंगे जब तक एक एक बच्चा समाज का न पढ़े। शिक्षा की अलख जलायेंगे और समाज के लिए जो भी बन पड़ेगा वो करेंगे। सभी अध्यापकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने बाले छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों को आभार व्यक्त किया और अभिवावोको से अपील की बेहतर शिक्षा के लिए यह एक अच्छा प्लेटफार्म है यहाँ पर तहजीब एवम तालीम दोनों पर जोर दिया जाता है जिससे स्टूडेंट्स देश के बेहतर नागरिक बनकर देश का नाम रोशन कर गौरव बढ़ाये



## किताबें पाकर खिल उठे छात्रों के चेहरे

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** शहर के गाड़ीपुरा में स्थित शिव नारायन इण्टर कालेज, इटावा में बच्चों को निशुल्क किताबों का वितरण किया गया। जिन्हें पाकर बच्चें खुश नजर आएं। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार वर्मा ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को निशुल्क किताबों का वितरण किया गया। बच्चों के शैक्षिक सर्वांगीण विकास के साथ प्रयास है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह पाएं। बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया निरन्तर चल रही है। किताबों को पाकर बच्चें काफी उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर शिक्षक कवि राजीव राज, आशुतोष तिवारी, प्रहलाद प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा का संकल्प 2047 तक विकसित भारत का निर्माण : कमलावती

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संगठनात्मक जनपद प्रभारी कमलावती सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी मुख्यालय में बीजेपी का घोषणापत्र जारी किया।

पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी गरीब, युवा, अन्नदाता व नारीशक्ति को लेकर आगे बढ़ रही है और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प ले रही है। आने वाले 5 साल भी सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के होंगे, ये है मोदी की गारंटी। अगले 5 वर्ष तक मुफ्त राशन योजना लागू रहेगी, भाजपा सरकार ने 25 करोड लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है इसी क्रम में आगे भी भाजपा द्वारा निरंतर प्रयास किए जाएंगे, दाल, खाद तेलों और सब्जियों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनकर गरीब की थाली को सुरक्षित बनाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे। जन औषधि केंद्र 80 पर्सेंट छूट के साथ सस्ती सस्ती दवाएं देना जारी रखेंगे और इन केंद्रों का विस्तार किया जाएगा। भाजपा सरकार ने गरीबों के लिए 4 करोड़ पक्के घर बनाए हैं परिवारों के विस्तार को देखते हुए अब 3 करोड़ और पक्के घर बनाने का संकल्प लिया गया है। हर घर जल से नल पहुंचना सुनिश्चित किया जाएगा । प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, जिला मंत्री रजत चौधरी, लोकसभा/जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, मुकेश यादव, उपस्थित रहे।

# हज ट्रेनिंग शिविर आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अंजुमने हुसैनिया कमेटी के बैनर तले विवार को एक होटल में हज पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए हज ट्रेनिंग शिविर का आयोजन किया गया।

हज ट्रेनिंग शिविर का शुभारंभ हाफिज मोहम्मद कैफ ने कुरान की तिलावत से किया, कारी शहवाज कादरी ने नात शरीफ पेश की। शिविर में कानपुर से आये हज प्रशिक्षक अल्हाज शारिक अल्वी एवं मौलाना जाहिद रज़ा ने प्रशिक्षण प्राप्त करने आये हज यात्रियों को उमरे से लेकर हज तक की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझाया ताकि उन्हें हज के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत न हो। शिविर में इटावा सहित ओरैया, मैनपुरी, कन्नौज, जालौन, फिरोजाबाद, फर्रुखाबाद, भिंड, ग्वालियर, मुरैना



- हाजी गुड्डू मंसूरी के आवास पर हुआ हज ट्रेनर का स्वागत

आदि जनपदों से हज यात्रियों ने हज प्रशिक्षण में भाग लेकर हज की पूरी प्रक्रिया को समझा। शिविर मौलाना जाहिद रजा की अध्यक्षता और मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी की देखरेख में आयोजित हुआ। शिविर का संचालन नदीम अहमद एड. ने किया। कमेटी की ओर से हज यात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। शिविर में प्रमुख रूप से हाजी अब्दुल वहाब अशरफी, कारी सरफराज आलम सहित अंजुमने हुसैनिया कमेटी के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में बाह अड्डा स्थित मंसूरी वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी गुड्डू मंसूरी के आवास पर कानपुर से आये हज प्रशिक्षक अल्हाज शारिक अल्वी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में हाजी गुड्डू मंसूरी, शफ़ी अहमद बालक, हाजी हबीब वारसी, हाजी लड्डन, मो. जब्बार, सतीक मंसूरी, शाहनवाज आलम, राजू मंसूरी, मो. अनीस मुन्ना, शकील अहमद, मसूद तैमूरी, शावेज़ नक़वी, इंतजार अहमद, हाजी समी उद्दीन मंसूरी, हाजी मो. अल्ताफ, हाजी मसरूर अहमद, नफीस अहमद, गुड्डू आदि मौजूद रहे।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर डीएम ने की नेताओं के साथ बैठक

- नामांकन कक्ष में भगदड़, शोर-सराबा न करने की अपील
- राजनीतिक दलों के साथ नामांकन कक्ष में पांच कैंडिडेट से ज्यादा अनुमन्य नहीं

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु एवं आदर्श आचार संहिता नामांकन तथा अन्य बिंदुओं पर चर्चा किए जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उन्होंने अवगत कराया कि समस्त राजनीतिक दल जिलाधिकारी आवास चौराहा से पश्चिम की ओर स्थित कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के पास खाली पड़े मैदान में अपना वाहन खड़ा करेंगे ।उन्होंने कहा कि समस्त प्रत्याशी जिला अधिकारी चौराहे से विकास भवन की ओर विकास भवन के सामने से जिलाधिकारी कार्यालय गेट नंबर 1 से नामांकन हेतु प्रवेश करेंगे।

उन्होंने समस्त राजनीतिक दल प्रत्याशियों के साथ गेट नंबर 1 से चेकिंग के उपरांत नामांकन कक्ष के लिए अंदर आएंगे तत्पश्चात जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में जाकर नामांकन रिटर्निंग ऑफिसर को प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि नामांकन के समय जो भी व्यक्ति अपने निजी कार्य से कोर्ट कार्य से आएंगे वह कलैक्ट्रेट नंबर तीन प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के बराबर वाले गेट से प्रवेश करेंगे।



उन्होंने कहा कि समस्त राजनीतिक दल 18 अप्रैल 2024 से 25 अप्रैल 24 तक पूर्वाहन 11 से अपराह्न 3 बजे तक रिटर्निंग ऑफिसर को जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में नामांकन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि अंदर नामांकन कक्ष में भगदड़ शोर सराबा न करें इसका सम्मान किया जाए जिससे नामांकन प्रक्रिया में कोई भी समस्या न हो साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया की राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव प्रचार किया जाएगा उसका खर्चा कैंडिडेट पर जोड़ा जाएगा । उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के साथ नामांकन कक्ष में पांच कैंडिडेट से ज्यादा अनुमन्य नहीं है। उन्होंने समस्त राजनीतिक दलों से अपील की कि जुलूस आदि की परमिशन अवश्य ले ली जाए, साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर कार्रवाई अवश्य की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, क्षेत्राधिकारी शहर अमित कुमार सिंह ,सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार,मलखान सिंह यादव कांग्रेस पार्टी, उदय भान सिंह यादव समाजवादी पार्टी, विक्रम अग्रवाल भाजपा ,रविंद्र कुमार बिल्लू महासचिव बीएसपी, संजीव शाक्य जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी, जिला अध्यक्ष अपना दल, इकरार अहमद जिला महासचिव आम आदमी पार्टी सहित समस्त राजनीतिक दल आदि उपस्थित रहे।

# सॉफ्टवेयर रेंडमाइजेशन प्रक्रिया में शामिल 3730 कार्मिकों का हुआ चयन

## 22 से 26 अप्रैल 2024 तक राजकीय मेडिकल कॉलेज में दो पालियों में होगा कार्मिकों को प्रशिक्षण



**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सोमवार को एनआईसी कक्ष पहुंचकर कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया। सॉफ्टवेयर रेंडमाइजेशन प्रक्रिया में शामिल 3730 कार्मिकों का चयन किया गया।

उन्होंने निर्देशित किया कि रेंडमाइजेशन में चयनित कार्मिकों को 22 अप्रैल से 26 अप्रैल 2024 तक राजकीय मेडिकल कॉलेज में प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से 1 बजे तक व द्वितीय पाली में दोपहर 02 बजे से शाम 05 बजे तक कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी विभाग के कर्मचारियों को ड्यूटी स्लिप के साथ ही प्रपत्र 12 के प्रारूप वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन कार्मिकों की ड्यूटी निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए लगाई गई है, उनकी ड्यूटी न तो हटाई जाएगी और न ही बदली जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनपद की मतदाता सूची में दर्ज जनपद के मतदान कार्मिक लोकसभा सामान्य निर्वाचन में जिस स्थान पर तैनात होंगे, उसी बूथ पर ईडीसी के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। तथा जनपद की मतदाता सूची में दर्ज जनपद के निर्वाचन से जुड़े जो कार्मिक जो बूथ से हटकर तैनात किए गए हैं, वह ईडीसी के माध्यम से नजदीकी बूथ पर मतदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि अन्य जनपदों के निर्वाचन से जुड़े कार्मिक पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण में प्रपत्र 12 के संबंधित प्रारूप नियमानुसार भरकर लाने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नियुक्त पीठासीन एवं मतदान अधिकारी प्रथम कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे निर्वाचन प्रक्रिया की सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण की जानकारी प्राप्त कर लें, ताकि मतदान व मतगणना में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि सभी प्रपत्रों का गंभीरतापूर्वक अध्ययन कर लें ताकि जनपद में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने में उन्हें कोई कठिनाई न हो। नियुक्त किए गए पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम को निर्देशित किया कि वह नियत तिथि को प्रशिक्षण समय से 1 घंटा पूर्व प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए गंभीरता पूर्वक गहन प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

# डीएम ने मतगणना स्थल, पार्टी रवानगी स्थल, स्ट्रॉन्ग रूम का किया निरीक्षण



नवीन गल्ला मंडी में मतगणना स्थल, पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश पाडेय।

**उरई (जालौन)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कालपी रोड नवीन गल्ला मंडी में मतगणना स्थल, पार्टी रवानगी स्थल, स्ट्रांग रूम आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रांग रूम और उसकी सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि शीघ्र ही शत-प्रतिशत तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम से संबंधित सभी कक्षो को रंगाई पुताई व साफ सफाई कर सुव्यवस्थित कर लिया जाए। इसके साथ ही परिसर की नियमित साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था और बैरिकेडिंग आदि व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए।

उन्होंने निर्देशित किया कि रूट प्लान तैयार करते हुए वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कार्मिकों के लिए पेयजल सहित सभी मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें, जससे उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या न हो। इसके उपरांत राजकीय मेडिकल कॉलेज में पहुंच कर 22 अप्रैल से होने वाले मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण हेतु व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्मिकों को बेहतर ढंग से मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाए।

### कच्ची शराब ले जाते युवक पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जालौन (उरई)।** अवैध रूप से कच्ची शराब लेकर जा रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की।

कोतवाली में तैनात एसआई गोविंद सक्सेना को सूचना मिली कि चुर्खीरोड पर एक संदिग्ध युवक कोई नशीला पदार्थ बेचने के लिए ले जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मदन कुमार निवासी फर्दनवीस को रोककर जब उसके हाथ की शीशी की तलाशी ली तो पुलिस ने उसमें 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की। आरोपी ने बताया कि वह उसे बेचने के लिए जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दज कर ली है।

# खाद्य आयुक्त ने गेहूं खरीद केंद्रों का किया निरीक्षण

- मौके पर मिले किसानों का सत्यापन भी किया



गेहूं खरीद केंद्र का निरीक्षण करते खाद्य आयुक्त चंद्रभान यादव।

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को क्षेत्रीय खाद्य आयुक्त ने गल्ला मण्डी स्थित गेहूं खरीद केन्द्र की हकीकत देखी। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों का भी सत्यापन किया। विदित हो कि एमएसपी पर गेहं खरीद को लेकर शासन सख्त है।

इसके लिए मण्डी प्रशासन के साथ क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों को भी एमएसपी से कम कीमत पर गेहूं की बिक्री न होने देने की हिदायत दी गई है। जिसका असर भी हुआ कि मण्डी में गल्ला व्यापारियों की आढ़तों पर गेहूं की बिक्री पूरी तरह बंद हो गई है हालांकि व्यापारियों ने इस बंदिश को लेकर एक दिन की हड़ताल भी की थी लेकिन कोई असर नहीं हुआ है और इसी के चलते सोमवार को क्षेत्रीय खाद्य आयुक्त चन्द्रभान यादव ने गल्ला मण्डी परिसर स्थित विभाग के खरीद केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर गेहूं बेंचने आए किसानों का सत्यापन भी किया तथा किसानों से अन्य जानकारियां भी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि अभी तक 4 हजार कुन्तल गेहूँ की खरीद हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि किसानों को परेशान होने और केन्द्र पर भीड़ लगाने की जरूरत नहीं है तथा नम्बर आने पर केन्द्र प्रभारी उन्हें सूचित करेगा। इस मौके पर केन्द्र प्रभारी रिन्टू साहू मण्डी सचिव आनन्द गुप्ता भी मौजूद रहे।

# बारिश से खरीद केंद्रों पर रखा कुंटलों गेहूं भीगा

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



सरकारी क्रय केंद्रों के बाहर खुले आसमान रखा गेहूं बारिश से भीगता।

नवीन गल्ला मंडी में नीलामी चबूतरे के बाहर रखे गेंहू की नियमित उठान न होने से सोमवार को हुई बारिश में सैकड़ों क्विंटल गेंहू भीग गया है।

नवीन गल्ला मंडी में किसानों से एमएसपी दर पर गेंहू खरीदने के लिए 19 केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों पर किसान लगातार गेंहू बेचने के लिए ला रहे हैं। अब तक इन क्रय केंद्रों पर 25 हजार क्विंटल से अधिक गेंहू की खरीद हो चुकी है। लेकिन ठेकेदार द्वारा इस गेंहू के उठान की व्यवस्था सही नहीं हैं। ठेकेदार द्वारा नियमित गेंहू की उठान न कराने से नीलामी चबूतरे पर टिन शैड के नीचे गेंहू की बोरियां भर चुकी हैं। नीलामी चबूतरे पर जगह न बची होने से केंद्र प्रभारियों ने गेंहू को नीलामी चबूतरे के नीचे रखवाना शुरू कर दिया है। सैंकड़ों क्विंटल गेंहू खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है। हालांकि कुछ केंद्रों पर बाहर रखे गेंहू को तिरपाल से ढक दिया गया है। फिर भी कुछ केंद्रों के बाहर खुले में गेंहू की बोरियां रखी हुई हैं। सोमवार की शाम अचानक बेमौसम बारिश ने खुले में रखे गेंहू को भिगो दिया है। इसके अलावा कुछ किसान भी अपना गेंहू बेचने के लिए लाए थे जो भीग गया है। हालांकि बारिश अधिक न होने से उतना अधिक नुकसान नहीं हुआ है। फिर भी यदि अधिक बारिश होती है तो पूरा गेंहू खराब होने की आशंका है। इस बाबत मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार ने बताया कि ठेकेदार को गेंहू के नियमित उठान के आदेश दिए हैं। साथ ही केंद्र प्रभारियों को भी खुले में रखे गेंहू को तिरपाल आदि से ढांककर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### कार्यकर्ता सम्मेलन में सपा-कांग्रेस नेताओं ने भरी हुंकार, बनाई रणनीति

**कालपी,जालौन।** सोमवार को नगर स्थित राम वाटिका गेस्ट हाउस में सपा का तहसील स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमें पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया गया। इस दौरान कांग्रेसी क्षत्रप भी मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। यहां पर पाँचवें चरण में मतदान होना है जिसके लिए अभी एक माह का समय है पर प्रमुख राजनैतिक दलों ने अपने अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है जिसमें इंडिया गठबंधन की ओर से सपा ने नारायण दास अहिरवार को अपना लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। चुनाव में विजय हासिल करने के लिए सपा और गठबंधन के नेताओ ने अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी है जिसके चलते सोमवार को नगर स्थित गेस्ट हाऊस में सपा का तहसील स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ।

## खबरें एक नजर में

### डीएम से गौशाला संचालन की लगाई गुहार

**जालौन (उरई)।** कुठौंदा बुजुर्ग में बार बार शिकायत के बाद भी गोशाला का संचालन नहीं कराया जा रहा है। गांव में गोशाला न होने के कारण खुले में घूमते आवारा जानवर किसानों के लिए परेशानी का सबब बने हुए। जानवर खेत में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से गांव में गोशाला का संचालन कराने की मांग की है। ग्राम पंचायत कुठौंदा बुजुर्ग में अन्ना जानवरों की समस्या के समाधान के लिए लंबे समय से गोशाला के निर्माण की मांग की जा रही है। गांव के गजेंद्र सिंह सेंगर, अवधेश सिंह, गौरीशंकर, राजा सिंह, राघवेंद्र सिंह, ग्याप्रसाद, जयकरन, वीरेंद्र, संजू, मुलायम सिंह, राजभान, विशंभर आदि ने बताते हैं कि गांव में गोशाला खोलने के लिए स्थानीय प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री तक से मांग की जा चुकी है। ग्रामीणों की मांग पर राजस्व विभाग ने गोशाला के लिए जगह की तलाश की। इसके बाद भी गांव में गोशाला का निर्माण नहीं हो सका है। गांव में गोशाला न होने के कारण अन्ना जानवर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसान देवप्रकाश सिंह बताते हैं कि उन्होंने छह बीघा खेत में मूंग की फसल बोई थी। मूंग की फसल खेत में खड़ी है। खेत में खड़ी मूंग को फसल को अन्ना जानवर खराब कर रहे हैं। ग्रामीणों ने खेत में खड़ी फसल को अन्ना जानवरों से बचाने के लिए गोशाला का निर्माण कराने की मांग की है।

### तीन पर शांतिभंग की हुई कार्रवाई

**जालौन (उरई)।** आपस में झगड़ा कर रहे तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रावतान में दुर्गेश, राजेश व नवीबक्श किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे थे। वहां मौजूद लोगों ने समझाने का प्रयास किया। न मानने पर उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

### श्रद्धालुओं ने किया कलश पूजन

**जालौन (उरई)।** चैत्र नवरात्र के सातवें दिन दुर्गा मां के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। मंदिर में भक्तों बड़ी संख्या में पहुंचकर आराधना की और काली माता पर गुड़हल के पुष्प चढ़ाकर मां को प्रसन्न कर शुभ फल मांगा। नगर व क्षेत्र में चैत्र नवरात्र का पर्व बड़े श्रद्धा व विश्वास के साथ मनाया जा रहा है। नगर व क्षेत्र में देवी मंदिरों पर ब्रह्ममुहूर्त से ही लोग देवी मंदिरों में पहुंचकर देवी मां की पूजा अर्चना एवं माता का जयघोष कर रहे हैं। नवरात्र की सप्तमी तिथि को महाशक्ति मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की गई। पंडित देवेंद्र दीक्षित ने बताया कि मां कालरात्रि काल का नाश करने वाली हैं, इसी वजह से इन्हें कालरात्रि कहा जाता है। मां दुर्गा के कालरात्रि रूप का अवतार असुरों के राजा रक्तबीज का वध करने के लिए हुआ था। इनकी पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। मां कालरात्रि का स्वरूप अत्यंत भयानक है, मगर वह सदैव अपने भक्तों को शुभ फल प्रदान करती हैं। मां कालरात्रि की पूजा करने से हमारे मन का हर प्रकार का भय नष्ट होता है। नगर के कोतवाली रोड स्थित काली माता मंदिर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता काली को गुड़हल के पुष्प अर्पित कर कलश पूजन किया।

# मुरारी इंटर कॉलेज में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**सहजनवां,गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**




मुरारी इंटर कॉलेज सहजनवा गोरखपुर में इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों में एक सार्वभौम अभ्युदय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें आनंद मार्ग के आचार्यों द्वारा जीवन में नैतिक मूल्यों का महत्व एवं किशोरावस्था में योगासन का औचित्य विषय पर प्रकाश डाला गया।

आचार्य सत्याश्रयानंद अवधूत ने अपने वक्तव्य में बताया कि नैतिकता वह गुण है जो हमें सही और गलत के बीच भेद करने में मदद करता है, सही कार्यों को प्रोत्साहित करता है और अच्छे मानवीय गुणों को बढ़ावा देता है। यह हमें अपने कर्मों की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करता है ताकि हम समाज में उपयुक्त और न्यायसंगत ढंग से जी सकें। वर्तमान में नैतिक मूल्यों का बहुत ह्रास हुआ है। जीवन के हर क्षेत्र हर स्तर में अनैतिकता ने अपना पांव फैला दिया है। उन्होंने बताया कि दिव्यता की प्राप्ति मानव जीवन का लक्ष्य है। नैतिकता आधार है योग साधना का अभ्यास दिव्यता प्राप्ति का साधन है। आचार्य जी ने बताया कि नैतिक मूल्यों की स्थापना के लिए योग साधना का अभ्यास आवश्यक है। आचार्य रागानुगानन्द अवधूत जी ने अपने व्याख्यान में बताया कि आसन का अर्थ होता है ÷एक स्थिति जिसमें व्यक्ति को सहज महसूस होता है-स्थिरसुखमासनम। आसन वे व्यायाम हैं जिनका नियमित अभ्यास करने से शरीर स्वस्थ और मजबूत रहता है और कई बीमारियाँ ठीक हो जाती हैं। लेकिन आसनों को सामान्य रूप से बीमारियों के उपचार के लिए नहीं निर्धारित किया जाता; केवल वे बीमारियाँ जो ध्यान के मार्ग में बाधा उत्पन्न करती हैं, वे विशेष आसनों की मदद से ठीक हो सकती हैं, ताकि साधना को आसानी से किया जा सके।

### नालियों में भरा गंदा पानी चुर्खी रोड पर बहने से भक्तों में दिखा रोष

**जालौन,उरई।** नगर पालिका परिषद द्वारा चुर्खी रोड पर लगभग एक किमी लंबे नाले का निर्माण पिछले लगभग छह माह से चल रहा है। अब तक कार्य पूरा न होने से नालियों में भरा गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर भर रहा है। नवरात्रि में गंदे पानी से होकर निकलने से भक्तों को दिक्कत हो रही है। चुर्खी बाबई मार्ग पर चुर्खीरोड पर देवनगर चौराहे से बालाजी मंदिर तक करीब एक किमी लंबे नाले का निर्माण कराया जा रहा है। यह निर्माण तीन ठेकेदारों द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण कार्य को शुरू हुए छह माह से अधिक समय बीत चुका है। इसके बाद भी अब तक काम पूरा नहीं हो सका है। नाला निर्माण होने से नालियों का पानी रूका हुआ है।

# बच्चे जितनी मेहनत करेंगे उतना अच्छा परिणाम मिलेगा

- मैस्कॉट पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल वितरण समारोह

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

मैस्कॉट पब्लिक स्कूल में रिजल्ट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

मैस्कॉट पब्लिक स्कूल के रिजल्ट वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपू त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को उनकी मेहनत का फल मिला है। आप जितनी मेहनत करेंगे उस मेहनत का उतना ही अच्छा परिणाम मिलेगा। इसलिए हमेशा यह ध्यान रखें कि कभी भी मेहनत करने से न घबराएं। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य रामेंद्र त्रिपाठी व एड., गजेंद्र बघेल ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया। भाषण प्रतियोगिता में जैनब फातिमा, आर्यन कोष्ठा ने बाजी मारी। रिजल्ट वितरण में कक्षा पीजी से आठ तक क्रमशः अनस, अंजलि, अलफिया, अनमोल, हर्ष सिंह, देव सोनी, तृषा गुर्जर, ध्रुव कुमार, इशिका द्विवेदी, रेनू, दिलशान, अर्जन अंसारी ने पहला स्थान प्राप्त किया। पहले तीन स्थान पर आने वाले छात्रों को अतिथियों ने शील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। अंत में प्रबंधक डॉ. ओसाफ अंसारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# अंबेडकर जयंती पर निकाली शोभायात्रा, विचारों को किया याद

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर एक तरफ जहां देशभर में उनके अनुयायियों के बीच उत्साह है, तो वहीं गोरखपुर में भी कई जगह अंबेडकर जयंती के मौके पर कार्यक्रम आयोजित थे। ऐसे में गोरखपुर के वार्ड नंबर 22 और 23 में भी अंबेडकर जयंती मनाई गई, इस अवसर पर अकोलवा स्थित अंबेडकर की मूर्ति पर लोगों ने माल्यार्पण किया और फिर सैकड़ो की संख्या में शोभायात्रा में लोग शामिल हुए। यह शोभायात्रा अकोलवा से होकर ताड़ीखाना, बिछिया, आजाद नगर, होते हुए हनुमान मंदिर पहुंची और वहां से हरी लाल में जाकर समाप्त हुई। जहां सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में एक विचार गोष्ठी आयोजित थी उपस्थित लोगों में लोगों ने उनके विचारों को एक दूसरे से साझा किया, इस अवसर पर वार्ड न 23 पूर्वी के पार्षद चंद्रभान प्रजापति वार्ड नंबर 22 के पूर्व पार्षद पिंटू मौर्य डॉक्टर राकेश लाल दिवाकर, डॉ उपेंद्र चौधरी, अनिल यादव एवं एससी एसटी रेलवे मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर भी मौजूद रहे।

# सौ बड़ी एलईडी स्क्रीन से होगा राम जन्मोत्सव का प्रसारण

- यात्री सुविधा केंद्र पर रेल आरक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय ने सोमवार को श्रद्धालुओं के लिए की जा रही कुछ नयी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दर्शन मार्ग पर यात्री सुविधा केंद्र पर रेल आरक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा।

साथ ही रामनवमी को ब्रह्म मुहूर्त में तड़के साढ़े तीन बजे से श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध होने का इंतजाम किया जाएगा। महामंत्री श्री राय ने दर्शन द्वार के समीप यात्री सुविधा केंद्र में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी प्रकार के विशिष्ट पास/दर्शन आरती आदि की बुकिंग को पहले ही रद्द किया जा चुका है। सभी को एक ही मार्ग से जाना होगा। दर्शन का समय बढ़ाकर 19 घंटे कर दिया गया है,जो मंगला आरती से रात 11बजे तक चलेगा।चार बार लगने वाले भोग के लिए केवल पांच पांच मिनट को ही पर्दा बंद होगा। उन्होंने प्रोटोकॉल के साथ आने वाले विशिष्ट महानुभावों से 19 अप्रैल के बाद ही दर्शन के लिए आने का अनुरोध किया। महामंत्री ने यह भी दोहराया कि राम जन्मोत्सव का प्रसारण तकरीबन सौ बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया जाएगा। परेशानी और समय की बरबादी से बचने के लिए दर्शनार्थियो को अपना मोबाइल आदि साथ नहीं लाना चाहिए।इस दौरान उनके साथ ट्रस्ट पदाधिकारी डॉ अनिल मिश्रा भी मौजूद रहे।

### देवी का आशीर्वाद पाने के लिए भक्तों ने दर्ज कराई अपनी उपस्थिति

**उतरौला/बलरामपुर।** नगर क्षेत्र के हृदय स्थल में स्थित ज्वाला महारानी मंदिर कई दशकों से स्थानीय लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। वर्ष के बारहों महीने सोमवार व शुक्रवार को मनोकामनाएं पूरी होने पर लोग कड़ाह प्रसाद का आयोजन करते हैं। शारदीय व वासंतिक नवरात्र में यहां नारियल-चुनरी चढ़ाने के साथ पूजन-अर्चन का क्रम चलता रहता है। राजस्थानी शैली में निर्मित सुनहरे रंग का मंदिर आकर्षक है।

**सूचना**

मेरी हाई स्कूल की मार्कशीट रेलवे स्टेशन फर्रूखाबाद के पास वास्तव में कहीं गिर गई है जो की बहुत ढूंढने पर नहीं मिली।

शुभम तिवारी
3/54 सेना पथ स्ट्रीट फर्रूखाबाद
मो.नं.-6394505068




### पैराडाइज संस्था पर मसूद आलम खान का हुआ आगमन

**बलरामपुर।** पैराडाइस संस्था, एक समाज सेवा और विकास के क्षेत्र में काम करने वाली एक प्रमुख संगठन है। इस संस्था के संस्थापक उस्मान खान है, जो एक प्रेरणादायक और कुशल नेतृत्व प्रदान करते हैं। मसूद आलम ने संस्था के सदस्यों के सामने एक उत्कृष्ट भाषण दिया, जिसमें उन्होंने संगठन की महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों पर चर्चा की। उन्होंने संस्था के उद्देश्यों और मिशन के प्रति अपनी पूरी आस्था को व्यक्त किया और सदस्यों को उन उद्देश्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। मसूद आलम ने अपने भाषण में संगठन की योजनाओं और कार्यक्रमों की महत्वपूर्णता पर भी बल दिया। उन्होंने संस्था के विभिन्न क्षेत्रों में योजनाएं और परियोजनाओं के बारे में चर्चा की, जो समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने संगठन के सदस्यों से उनके योगदान और समर्थन के लिए धन्यवाद भी दिया।

# समाजसेवियों ने की नया कॉलेज भवन बनाने की मांग

- ब्रिटिश हुकूमत में बने भवन में संचालित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शासन-प्रशासन की उपेक्षा का है शिकार

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**



नगर में राजस्व विभाग के भवन में संचालित राजकीय बालिका इंटर कालेज के जर्जर भवन को ढहाकर नया कॉलेज भवन बनाए जाने की मांग लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी, समाजसेवी आदिल हुसैन व ऐमन रिज़वी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की है। उतरौला नगर वासियों का कहना है कि ब्रिटिश हुकूमत में बने भवन में संचालित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शासन-प्रशासन की उपेक्षा का शिकार है। छात्राएं जान जोखिम में डालकर जर्जर भवन में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भवन लगभग 166 साल पुराना है। भवन इतना जर्जर हो चुका है कि कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है।

यहां सैकड़ों की संख्या में छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। इसका जर्जर भवन छात्राओं के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। 1857 में बने इस भवन को लगभग डेढ़ सौ साल से अधिक बीत चुका है। इस भवन में पहले तहसील कार्यों का संचालन होता था। खपरैल छत के ऊपर घास-फूस उगे होने से विषैले जीव-जंतुओं की भरमार है।क्षेत्र के समाज सेवियों समेत लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहम गद्दी इस भवन को शिक्षा विभाग में हस्तांतरित करने की मांग काफी अरसे से करते आ रहे हैं।

# करोड़ों की लागत से बनी सड़क कार्य पूरा होने से पहले उखड़ी

- आगरा की अग्रवाल एण्ड कंपनी ने कराया था सीसी सड़क का निर्माण

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**

टरननगंज बाजार की नवनिर्मित सड़क की गुणवत्ता ठीक नहीं है। 3 करोड़ 73 लाख की लगत से बनी यह सड़क कार्य पूरा होने से पहले उखड़ने लगी है। टरननगंज बाजार की 1 किलोमीटर 700 मीटर सड़क बर्षो से खराब पडी थी जिसके नव निर्माण की मांग एक दशक से अधिक समय से होती चली आ रही थी और जनता की जरूरत और मांग को संज्ञान में लेकर शासन ने इस सड़क को सीसी बनाने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया था जिसकी लागत का आंकलन लगभग 5 करोड़ रुपए हुआ था। टेन्डर हुआ तो प्रतिस्पर्धा में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा कराई गई टेन्डर प्रक्रिया में यह ठेका आगरा की अग्रवाल एण्ड कंपनी को सड़क निर्माण की जिम्मेदारी 3 करोड़ 73 लाख रुपये में मिली थी। ठेकेदार ने लगभग 5 माह पहले मन्थर गति से कार्य शुरू किया था और होली तक सीसी रोड निर्माण का कार्य भी पूरा हो गया था हालाकि अभी सड़क के दोनों किनारे दुरुस्त करने का कार्य बाकी है।

**सूचना**

मेरे पिता के आर्मी रिकार्ड में मेरा नाम कुमारी अंकिता लिपिकीय त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है, जबकि आधार कार्ड व पेन कार्ड आदि दस्तावेजों में सही नाम अंकिता देवी (Ankita Devi )दर्ज है, जो सही है। जिसे मेरे पिता के आर्मी रिकार्ड में दर्ज किया जाये।

**अंकिता देवी पुत्री शिवप्रकाश सिंह आर्मी नं0 JC-481702K रैंक Sub/ Hony Lt निवासी 195 मंगला बिहार-2 न्यू पी0ए0सी लाइन कानपुर नगर, पिन 208015**

**INFORMATION**

ARMY No 3008028X/Hav Sandeep S/o Krishan Lal vill Kalanaur, tehsil Kalanaur Distt. Rohtak (Haryana) has declared that my daughter Name ASH-WARYA is Wrongly written in my service records . cor-rect daughter Name is AISHWARYA & DOB 27.04.2009.

# मतदान केन्द्र व बूथों पर सभी व्यवस्थाएं पूर्व से सुनिश्चित कर लें: जिला निर्वाचन अधिकारी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

- कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में बैठक कर जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने मतदान केन्द्रों एवं बूथों की तैयारियों के संबंध में अफसरों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**मतदान केन्द्रों** एवं बूथों की तैयारियों के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में बैठक कर अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारियो को निर्देश देते हुये कहा कि जनपद में 13 मई को चुनाव सम्पन्न होने हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केन्द्रो/बूथो में सुविधाओं हेतु जो निर्देश दिये गये हैं, समय से दुरूस्त कर लिये जाये। मतदान केन्द्र व बूथो में किसी प्रकार की कमी नही होना चाहिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि अपने स्तर से प्रत्येक बिंदु की समीक्षा करें और अपनी निगरानी में सभी काम त्रुटि रहित संपन्न कराएं। उन्होने निर्देश देते हुये कहा कि सभी मतदान केन्द्रो/बूथों पर मतदान भवन केन्द्र पर साफ-सफाई की व्यवस्था, बिजली, पानी, रैंप, फर्नीचर, कुर्सी, शेड, महिला एवं पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जायें। कहा कि चुनाव के समय अत्यधिक गर्मी रहने की संभावना को देखते हुए सभी मतदान केंद्रों पर छाया हेतु पर्याप्त शेड की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। शुद्व पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रुप से सुनिश्चित की जाये। बूथ स्तर पर मतदान के दिन आम वोटर के लिए कोई भी असुविधा न हो इसकी बूथवार समीक्षा की जाए। सभी मतदान केन्द्रो में विद्युत की व्यवस्था सुचारु रुप से होना चाहिये। पंखो की उपलब्धता पर्याप्त रुप से होना चाहिये। उन्होने कहा कि अभी समय है जो मतदान केन्द्रो में कमियां आ रही है उसे ठीक करा लिया जाये। जिससे पोलिंग पार्टियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मिड डे मील में रसोइयां शुद्व और अच्छा व स्वच्छता के साथ भोजन बनायेगी। इसके साथ ही मतदान करने हेतु लोगो को प्रेरित किया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि विद्यालयों में विद्युत और शौचालय आदि की जो समुचित व्यवस्था की जाये स्थाई होनी चाहिये। विद्यालय में बच्चो को किसी प्रकार की परेशानी नही होना चाहिये। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का किया गया स्वागत

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**नव मनोनीत** समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का सपा कार्यकर्ता के आवास पर किया गया स्वागत। सपा सुप्रीमो उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नेता विरोधी दल अखिलेश यादव की अनुमोदन के बाद समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाजवादी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर संतोष गुप्ता का मनोनीत किया मोहम्मद रहीस मंसूरी के घर पर ईद मिलाई करने गया तो वहां पर बैठे हुए सैकड़ो लोगों ने माला मगवाकर सम्मानित किया मैंने उन लोगों से कहा कि आप लोग चिंता मत करें मैं समाजवादी मजदूर सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया हूं आपकी हर समस्या को मैं उठाऊंगा तथा आप लोगों के कंधे से कंधा मिलाकर मैं चलूंगा लोगों ने माला पहन के सम्मानित किया मैं उन लोगों को दिल की गहराइयों से बहुत-बहुत धन्यवाद दिया तथा बधाई दी माला पहनने वालों में मोहम्मद रईस मंसूरी परवेज मंसूरी राशिद फारूकी सोहेल खान आजम खान अफाक खान लाला खान वीरसिंह धर्म सिंह आरिफ सहित काफी लोग थे।

# सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयुक्त संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**पूर्व मुख्यमंत्री** नेता विरोधी की फोटो के ऊपर पेशाब करते हुए भद्दी भद्दी गलियां लिखकर जो वीडियो वायरल हो रहा है उसको लेकर सपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है मुख्य चुनाव आयुक्त संबोधित्र ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सोपा गया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता विरोधीदल विधानसभा उत्तर प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री में राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव के फोटो पर बनारस के एक व्यक्ति के द्वारा फोटो पर पेशाब करता हुआ गंदी गालियां देता हुआ वीडियो अभद्र भाषा का प्रयोग कियाजिसमें समस्त तहसील एवं जिले में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता में आक्रोश प्राप्त है ऐसी स्थिति में उपयुक्त व्यक्ति जिसमें सोशल मीडिया पर अशोभनीय वीडियो वायरल की तथा जो भी व्यक्ति वीडियो में सपा सुप्रीमो नेता विरोधी दल उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के फोटो पर पेशाब कर रहा है वह बहुत ही निंदयीय है जितनी भी निंदा की जाये वह कम है जो अपराध की सीधी में है उसके खिलाफ करवाई किया जाना आवश्यक है आता निवेदन है कि उपरोक्त वायरल वीडियो के आधार पर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने कृपा करें इस मौके पर चंद्रजीत यादव एडवोकेट राजेश सिंह शाक्य अंकुर सिंह यादव मीडिया प्रभारी हरिकिशन शाक्य अमित दिवाकर संजीव यादव एडवोकेट कमलेश यादव प्रधान सहनोज यादव एडवोकेट संतोष गुप्ता रजनीश यादव एडवोकेट रत्नेश एडवोकेट शहीद दर्जनों सपा कार्यकर्ता मैजूद रहे।

## एसपी ने शूटिंग रेंज, टेबल टेनिस कोर्ट व स्नूकर रूम का फीता काटकर उद्घाटन किया

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पुलिस लाइन्स स्थित मनोरंजन हॉल के जीर्णोद्धार व एयर राइफल एयर गन शूटिंग रेंज, टेबल टेनिस कोर्ट व स्नूकर रूम का फीता काटकर उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभागार का प्रयोग लोकसभा चुनाव में गोष्ठी करने हेतु तथा पुलिसकर्मियों को ब्रीफिंग व ट्रेनिंग करने हेतु उपयोगी रहेगा। साथ ही यहां पर पुलिस कर्मियों के लिए टेबल टेनिस की व्यवस्था को भी चालू किया गया है तथा एक स्नूकर रूम का भी उद्घाटन किया गया है। साथ ही यहां पर एयर गन और एयर राइफल शूटिंग की व्यवस्था का निर्माण किया गया है जो पुलिसकर्मियों की निशाना बाजी को इंप्रूव करने में बहुत उपयोगी रहेगी। यह सभी सुविधाएं कन्नौज की आम जनता के लिए भी खुली रहेगी जिससे कोई भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी यहां पर अपनी प्रेक्टिस कर जनपद का नाम रोशन कर सके।

# सामूहिक आरती में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज




**नगर के** मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई पड़ती है। वही शक्तिपीठ गमा देवी में भी प्रातः व सायं माता रानी जी की आरती में सैकड़ो श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिलती है भक्ता बड़ी श्रद्धा भक्ति से माता जी की आरती में सम्मिलित होते हैं इसी तरह से साय्कालीन माता जी की आरती में भी बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ सैकड़ो श्रद्धालु आरती में सम्मिलित होते हैं। महा आरती के बाद श्रद्धालु जनों को बड़ी श्रद्धा के साथ प्रसाद वितरण किया जाता है। शक्तिपीठ गमा देवी के पुंजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने बताया कि सभी भक्तजन प्रतिदिन प्रातः व सायं सामूहिक आरती में सम्मिलित होकर माता जी की कृंपा प्राप्त करें। प्रतिदिन माता जी की आरती में संजय सैनी ,मृदुल दुबे सौरभ वर्मा, पीयूष वर्मा, जितेंद्र यादव, लखन ठाकुर मुकेश शर्मा,गोलु दुबे,रोहित तिवारी, लाल वर्मा, हरिशंकर प्रजापतिआदि श्रद्धालु जन बड़ी श्रद्धा भक्ति से आरती के बाद जो साथ बांटने में सहयोग करते हैं।

# खबरें चलते-चलते

## भाजपा को दर्द देने के लिए बसपा ने क्रांति पाण्डेय को उतारा मैदान में



छात्र नेता क्रांति पाण्डेय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कट्टर कांग्रेसी रहे छात्र नेता को आखिर बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन कु0 मायावती का आशीर्वाद मिल ही गया। फर्रुखाबाद लोकसभा से बसपा से टिकट पाने के लिए कई लोग अंदर खाने से प्रयास कर रहे थे। सोमवार को सभी अटकलों पर उस समय विराम लग गया, जब कट्टर कांग्रेसी कहे जाने वाले छात्र नेता क्रांति पाण्डेय का नाम सामने आया। बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने हमारे संवाददाता को बताया कि पार्टी की मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती ने फर्रुखाबाद लोकसभा प्रत्याशी के रुप में छात्र नेता क्रांति पाण्डेय को टिकट दिया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि घोषणा होना बाकी है। पार्टी मुखिया का आशीर्वाद मिलते ही प्रत्याशी को चुनाव पूरी दमदारी से लड़ाया जायेगा। बताते चलें कि क्रांति पाण्डेय खानदानी कांग्रेसी हैं और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद के भी खासमखास माने जाते हैं। ब्राह्मणों के अलावा छात्र राजनीति में सक्रिय रहने के चलते युवाओ में उनकी अच्छी पकड़ है। ब्राह्मण प्रत्याशी के उतरने से देखा जाये, तो सबसे ज्यादा भारतीय जनता पार्टी को दर्द होगा। नगर क्षेत्र में अधिकांश ब्राह्मण पहले से ही बसपा के पूर्व मंत्री व सदर विधानसभा से विधायक रहे अंटू मिश्रा के संपर्क में हैं।

## सात वर्षीय गुमशुदा बालक को मात्र 02 घण्टे के अन्दर सकूशल बरामद कर परिजनों को किया सपुर्द

**छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षकअमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के पर्यवेक्षण में कोतवाली छिबरामऊ पुलिस द्वारा किया गया सराहनीय कार्य । कुर्वान अली पुत्र सरवर अली निवासी शास्त्री नगर थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद ने थाना छिबरामऊ पर उपस्थित आकर अपने 07 वर्षीय बच्चे अयान पुत्र भूरा निवासी ग्राम ऊँचा थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज जो अपने मौसा के यहां बारात में छिबरामऊ आया था, के गुम हो जाने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी । इस सूचना पर कोतवाली छिबरामऊ पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये तत्काल टीमें रवाना कर गुमशुदा बच्चे की तलाश की गयी । जिसे 02 घण्टे के अन्दर ऑपरेशन मुस्कान के तहत मो0 कोलियान कस्वा छिबरामऊ से गुमशुदा अयान को सकुशल बरामद किया गया तथा गुमशुदा को उसके मौसा- कुर्वान अली पुत्र सरवर अली निवासी शास्त्री नगर थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद व मामा- मोहर्रम अली पुत्र सहमत अली निवासी हैवतपुर कटरा थाना व जिला कन्नौज को सकुशल सुपुर्द किया गया । बच्चे को सकुशल पाकर परिवारीजन द्वारा थाना पुलिस छिबरामऊ की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी ।उ0नि0 ज्ञानेन्द्र सिंह.का0 मनीचन्द्र.म0का0 रश्मि पुलिस टीम ने बरामद कर परिजनों को सौंपा।

## पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों में अंकुश लगाए जाने हेतु कुल 36 अभि0गणों के विरुद्ध की गई गुंडा एक्ट की कार्रवाई

**तालग्राम छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के कुशल निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी नगर कन्नौज कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कन्नौज दिग्विजय सिंह व थाना प्रभारी तालग्राम पारुल चौधरी के नेतृत्व मे कोतवाली कन्नौज व थाना तालग्राम पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र मे आपराधिक गतिविधियो मे लिप्त कुल अभियुक्तगणो के आपराधिक कृत्यो पर अंकुश लगाए जाने हेतु गुण्डा एक्ट (धारा 3/5 गुण्डा अधि0) के तहत कार्यवाही की गई।

# ईओ ने नलकूप चालकों की समीक्षा बैठक में दिये टिप्स

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



पालिका में नलकूप ऑपवरेटरों की बैठक लेते ईओ अनिल पंडित

**नगर पालिका** परिषद सभागार में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित नें समस्त नलकूप चालकों की समीक्षा बैठक लेते हुये जहां एक ओर नलकूपों के संचालन के संबन्ध में आवश्यक टिप्स दिये तो वही दूसरी ओर उनके द्वारा क्लोरीन चेक किये जानें की टेस्टिंग किट का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। सोमवार को पालिका सभागार में आयोजित नलकूप ऑपरेटरों की समीक्षा बैठक में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित नें सभी नलकूप ऑपरेटरों को टिप्स देते हुये बताया कि बिजली आने पर वोल्ट एम्पीयर का अवलोकन कर ही नलकूप चलायें। क्लोरीन डोजर को संचालित रखें एवं नियमित रूप से क्लोरीन की मात्रा की जाँच करते रहें। इसके बाद सभी नलकूप ऑपरेटरों को क्लोरीन चेक किए जाने की टेस्टिंग किट उपलब्ध कराकर अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया कि नागरिकों को न केवल साफ बल्कि शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना पालिका की प्राथमिकता है। इस दौरान जलकल पटल इंचार्ज आरपी सिंह, नलकूप देखेरख प्रभारी जर्नादन मिश्रा, अकील खॉन, मो. कैसर, मनोज तिवारी आदि मौजूद रहे।

# बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के प्रति किया जागरूक

- स्वीप कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शिक्षक-अभिभावक बैठक संपन्न

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़



पीएम श्री पीएस जसपुरापुर में बैठक को संबोधित करती प्रधानाध्यापिका रेनू कमल समृद्धि न्यूज

**मतदान हम** सबका अधिकार है। हम सभी को अपने- अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। और अपने आस पास मतदान करने लिए जागरूक करना चाहिए। एक मत बहुत मांयने रखता है। यह बात प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने कही।

सोमवार को क्षेत्र के जसपुरापुर सरैया स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय प्रथम में स्वीप कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में अध्यनरत के अभिभावक व ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। इसमें बच्चों द्वारा बनाई गई सेल्फी प्वाइंट व विभिन्न प्रकार के स्लोगनों के माध्यम से अभिभावकों को आने वाली 13 मई को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ उपहार भेंट किया गया साथ ही अभिभावकों से संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर किए एवं मतदान के लिए शपथ भी ली। बच्चों के द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक व गीत प्रस्तुत किया गया। सभी अभिभावकों में सेल्फी प्वाइंट के प्रति उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका रेनू कमल, जागृति, सुमन, लोकेंद्र, सौरभ, श्वेता, अंजली वर्मा, मनोज, सुनील, रामबालक, राधा, रेणुका, काजल, अंबिका आदि लोग रहे।

## प्रथम चरण के चुनाव के लिए कन्नौज से रवाना होगा पुलिस बल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में पुलिस की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सभी आवश्यक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं के साथ प्रथम चरण के चुनाव के लिए कन्नौज जनपद से 16 अप्रैल को पुलिस बल रवाना होगा। एसपी अमित कुमार आनन्द ने पुलिस के अधिकारियों और जवानों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मानको का अनुपालन हेतु निर्देशित किया। सकुशल एवं निष्पक्ष चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन ड्यूटी में लगाए गये पुलिस बल को पुलिस अधीक्षक द्वारा ब्रीफ किया जा रहा है। इसके अलावा निर्वाचन ड्यूटी पर लगाये गये पुलिस बल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। निर्वाचन में किसी प्रकार की शारीरिक समस्या होने पर पुलिस बल को प्राथमिक उपचार किट प्रदान की जा रही है।

# कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय समधन में अभिभावक शिक्षक मासिक बैठक हुई संपन्न



समधन समृद्धि न्यूज़

- मतदाता जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन
- संकल्प वृक्ष पर चला हस्ताक्षर अभियान

**हम भारत** के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे सोमवार को कस्बा समधन में स्थित कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक संकुल शिक्षक संजीव कुमार राजपूत के नेतृत्व में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया

जिसमें अध्यापक संजीव कुमार ने अभीभावको व स्थानीय गणमान्य नागरिकों को जानकारी देते हुए बताया कि नवीन सत्र 2024 -025 प्रारंभ हो चुका है हम सभी मिलकर यह ध्यान देंगे की 6 वर्ष से बड़ा कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे। नामांकन के साथ-साथ बेहतर दैनिक उपस्थिति का ध्यान रखा जाने स्वच्छता पर ध्यान देते हुए हम ध्यान रखें कि बच्चों की नियमित साफ सफाई का ध्यान रखते हुए प्रेरित करें। उसके बाद विद्यालय परिसर में सभी ने एक साथ मिलकर संकल्प वृक्ष पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया । इस अवसर पर समधन चेयरमैन आसमा बेगम, पूर्व सभासद फैहमीर हुसैन, खुशनूर हुसैन, मोहम्मद कासिद, राशिद खान, मुज्जमिल हुसैन, सलमान हुसैन, मंसूर, मुहीद आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

जागरुकता अभियान | सदर विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय बेहरिन में आयोजित हुआ मतदाता जागरुकता अभियान

# लोकतन्त्र के महापर्व में भागीदार बनकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें: डीएम

- जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने मतदान हेतु शपथ दिलाई, संकल्प वृक्ष पर हस्ताक्षर कर इस महापर्व को मनाने हेतु छात्र-छात्राओं के अविभावकों को किया प्रेरित

कन्नौज, समृद्धि न्यूज





**सदर विकास** खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय बेहरिन में आयोजित मतदाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के अविभावकों को जागरुक करते हुए जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने मतदान करने व लोगो को मतदान करने हेतु प्रेरित करने की अपील की। उन्होने कहा कि लोकतन्त्र के महापर्व 13 मई को मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र पर अपना वोट डालने अवश्य आयें। कहा कि गर्मी को देखते हुये यदि आप लोगो को दोपहर में मतदान केन्द्र आने में कठिनाई हो तो सुबह या सायंकाल के समय अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। कहा कि सभी मतदान केन्द्रो में धूप से बचने हेतु छाया की व्यवस्था की जायेगी। शुद्व पेयजल की भी व्यवस्था रहेगी।

उन्होने कहा कि लगभग दो माह से सभी कार्य छोड़कर चुनाव के कार्य की तैयारी वृहद स्तर से चल रही है। मतदान केन्द्र बनाये जा रहे हैं, मतदाता सूची तैयार की जा रही है। कार्मिको को चिन्हित कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की तैयारी चल रही है। उन्होने कहा कि मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु व्यापक रुप से तैयारी चल रही है, जिससे सभी लोग बिना प्रलोभन के निडर, निष्पक्ष और सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने मत का प्रयोग कर सके। उन्होने कहा कि आप सभी एक जिम्मेदार मतदाता बने, जिम्मेदार नागरिक बने और लोकतंत्र को मजबूत बनायें। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ने मतदान हेतु शपथ और संकल्प वृक्ष पर हस्ताक्षर कर इस महापर्व को मनाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्ग दर्शन में लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत विद्यालयो में नुक्कड़, नाटक समेत अन्य मतदाता जागरुकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं। उन्होने अभिभावको से कहा कि आप सभी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतन्त्र को मजबूत करें। कहा कि जो वोटर हैं उन्हे भी साथ लायें।

# हीट वेव से बचाव एवं बाढ़ के संबध में तैयारियां पूर्ण करने के डीएम ने दिये निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष** जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण की अध्यक्षता में हीट वेव से बचाव एवं सूखा न्यूनीकरण व बाढ़ के संबध में आवश्यक तैयारियों के लिये राजस्व, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, श्रम रोजगार विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग, नगर निगम विभाग, विद्युत विभाग एवं पुलिस विभाग के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी बाढ़ चौकियां के स्थल का चिन्हीकरण कर लिया जाये। बाढ़ चौकियों पर लगने वाले सभी विभागों के कार्मिकों के नाम मोबाइल नम्बर की सूची बना ली जाये। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में मौजूद नावों का भौतिक सत्यापन तहसीलदार के माध्यम से करा लें। सभी नाव मालिकों व नाविकों के नाम, पता और मोबाइल नंबर का वेरिफिकेशन करा लें। अपने क्षेत्र के सभी गोताखोरों की सूची बनाकर सत्यापन करा लेंष सभी बाढ़ प्रभावित एरिया मैं ड्रिंकिंग वॉटर की व्यवस्था कर लें। सिंचाई विभाग अपनी सभी मैन व ब्रांच नहरों की मरम्मत करा लें व उनकी पटरी को सही करा लें। सभी पार्कोपाइन को चेक कर सही कर लें। एसडीएम इसका स्थलीय निरीक्षण करें। चाचूपुर की ओर जो गाँव नदियों के किनारे हैं उनको कटान से बचाने के इंतजाम किये जायें। सभी विभाग 15 मई तक अपनी कार्ययोजना बनाकर उपलब्ध कराएं।

जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये गये कि हीट वेव से बचाव के लिये आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कर लिये जायें। सभी सी0एच0सी0ए पी0एच0सी0 पर डॉक्टरों की टीमों के साथ ओ0आर0एस0 व प्राथमिक उपचार हेतु आवश्यक दवाईयां उपलब्ध रहें। नगर निगम को निर्देश दिया गया कि साफ-सफाई कर जगह-जगह पर प्लाऊ लगायें जायें व साथ ही साथ कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में लगे स्पीकरों के माध्यम से हीट वेव से बचाव हेतु क्या करें और क्या न करें का प्रचार-प्रसार किया जाये। पशु पालन विभाग को निर्देश दिये गये कि सभी गौशालाओं में गायों के लिये पानी, छाया और हरा चारा व भूसे की पर्याप्त व्यवस्था कर ली जाये। पंचायतीराज विभाग को निर्देशित किया गया कि पानी के खराब हैण्डपम्पों की मरम्मत कर ली जाये। ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधानों के माध्यम से बैठक कर लोगों को हीट वेव के बारे में बताया जाये। शिक्षा विभाग के अधिकारियों से कहा कि सभी विद्यालायों में पेयजल एवं पखों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। बच्चों को हीट वेव से बचने की ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाये।अग्निशमन विभाग से उन्होंने कहा कि हर समय एक्शन मोड में रहें। विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुये कहा कि जर्जर, टूटे हुये बिजली के खम्भों को सही कर लिया जाये। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) द्वारा किया गया। बैठक में महेंद्र सिंह आईएएस (प्रशिक्षु), समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदारए आपदा विशेषज्ञ एवं सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



बैठक लेते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

## यदि दूध निकालकर पशु छोड़ा, तो देना होगा पांच हजार जुर्माना

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 वी के सिंह द्वारा सभी ईओ व बीडीओ को निर्देशित किया गया कि उनके क्षेत्र में यदि कोई छुट्टा पशु आवारा घूमता हुआ पाया जाएगा तो संबंधित ईओ व बीडीओ की जिम्मेदारी तय की जाएगी। यदि कोई पालतू पशु खुला हुआ घूमता हुआ पाया जायेगा तो उसको कांजी हाउस में बंद कर दिया जाएगा व उसके मालिक पर 5000 रु का जुर्माना लगाया जाएगा। यदि वहीं पशु बार-बार घूमता हुआ पाया जाएगा तो उसके मालिक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कराया जाएगा।

## डीएम ने क्रॉप कटिंग का किया शुभारंभ



क्रॉप कटिंग का शुभारंभ करते डीएम — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0सिंह के निर्देशन में तहसील सदर परगना पहाड़ा के ग्राम ढिलावल में किसान विश्वनाथ के खेत गाटा संख्या 283/0.214 है0 में से 43.5 वर्ग मी0 में क्रॉप कटिंग की गई। जिलाधिकारी द्वारा गेहूँ की कटाई कर क्रॉप कटिंग का शुभारंभ किया गया व महेंद्र सिंह आईएएस (प्रशिक्षु) एवं प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी आशीष भारद्वाज को क्रॉप कटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। उक्त एरिया में क्रॉप कटिंग के परिणाम स्वरूप 18.600 कि0ग्रा0 गेहूँ उत्पादित हुआ। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी व तहसील कर्मी मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

### बीडीओ को सीडीपीओ कार्यालय के निरीक्षण में मिलीं खामियां

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड अधिकारी में विकास खंड कार्यालय सहित सीडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण कर अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिये। वही मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के एडीओ पंचायत को निर्देश दिये। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर सोमवार को विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने कार्यालय के सभी पटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम साफ-सफाई पर जोर दिया। सभी लिपिकों को उनके पटलों पर राखी फाइलों को देखा। निरीक्षण में कई खामियां मिलीं। जिनको उन्होंने सुधारने के निर्देश दिए। वही स्टोर रूम में जाकर कंडम पड़ी फाइलों को भी सही तरीके से रखने के निर्देश दिए। वरिष्ठ अकाउंटेंट अवनीश सक्सेना को कार्यालय में कम पड़ने वाली वस्तुओं के सूची बनाकर सभी कागजात तथा स्टेशनरी मंगवाने के निर्देश दिए तथा अन्य रखरखाव की चीजों को भी उन्होंने सुधारने के निर्देश दिए। स्टोर लिपिक सुरेश कुमार को भी बताया कि वह हर तरीके से हर व्यवस्था को व्यवस्थित करके कार्यालय में साफ-सफाई करवायें, क्योंकि चुनाव नजदीक है। मनरेगा सेल में एपीओ गौरव दिवाकर से मनरेगा के कार्यों का हाल जाना। इस मौके पर अकाउंटेंट अवनीश सक्सेना, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, लिपिक सुरेश चंद्र, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, मनरेगा सहायक आलोक पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

### ट्रेन के शौचालय में लटका मिला युवक का शव, नहीं हुई शिनाख्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** टूण्डला से फर्रुखाबाद चलने वाली ट्रेन जब रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो अंतिम कोच का शौचालय का दरवाजा अंदर से बंद होने पर सफाई कर्मियों ने सूचना आरपीएफ को दी। आरपीएफ ने पहुंचकर जांच पड़ताल की तो एक युवक की शव फांसी के फंदे पर शौचालय के अंदर लटका मिला। पुलिस ने उसे नीचे उताकर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह 10:30 बजे टूंडला से फर्रुखाबाद के मध्य चलने वाली पैसेंजर ट्रेन जब रेलवे स्टेशन पर पंहुची। ट्रेन के अंतिम कोच के शौचालय का दरवाजा भीतर से बंद होने पर सफाई कर्मियों ने सूचना आरपीएफको दी। मौके पर पहुंची आरपीएफ ने जांच पड़ताल की तो 35 वर्षीय युवक का शव शौचालय के फ्लेश टैंक से जुड़े पाइप में गमछे से फांसी पर लटका था। दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी।आरपीएफ थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। शिनाख्त होने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### नशेड़ी विकलांग रिक्शा चालक ने वृद्ध को मारी टक्कर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** कस्बा फैजबाग में एक विकलांग रिक्शा चालक जो शराब के नशे में रिक्शा दौड़ता हुआ जा रहा था। फैजबाग चौराहे से गुजरते समय अचानक रिक्शा एक वृद्ध से टकरा गया। जिसको लेकर वृद्ध को गुस्सा आ गया और वृद्ध ने विकलांग नशेड़ी की पिटाई कर दी। इस घटना के बाद लोगों की तमाम भीड़ एकत्रित हो गयी। बताते हैं कि विकलांग युवक शराब के नशे में धुत्त था और तेजी से भगाकर ई-रिक्शा ले जा रहा था। कुछ लोगों ने मामले को रफादफा कराया।

### जहरीले कीड़े ने काटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव पपड़ी मिलकिया निवासी सुबोध के 7 वर्षीय पुत्र सूर्यांश को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मार्ग दुर्घटना में घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल क्षेत्र के गांव भैंसरी निवासी सरस्वती (28) पत्नी सोनू मार्ग दुर्घटना मे घायल हो गयी। लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

## पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज व मारपीट मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**थाना क्षेत्र** के ग्राम गंगाइच निवासी आदिल पुत्र वसीम ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 13 अप्रैल को समय करीब दिन के 12.00 बजे पीड़ित एवं वसीम पुत्र फईम, अमन पुत्र फईम, आर्य पुत्र वसीम दरवाजे पर बैठे थे। पुरानी रंजिश को लेकर मेरे गांव के मुजीब पुत्र बसरुद्दीन, कमर उर्फ मंगलू पुत्र समद, अफजल पुत्र बकरुद्दीन, शाहरूख पुत्र नन्हें दरवाजे पर गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर हाथों में लिये लाठी-डंडों से पीड़ित को घर में घुसकर पीटा। इस घटना में अमन के भी चोटें आयीं। उपरोक्त लोगों ने मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 504, 452, 427 में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# ससुराल के निकट गड्ढे में पड़ी मिली नौटंकी कलाकार की लाश

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**ससुराल के** निकट युवक का शव गड्ढे में पड़ा मिलने क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही सूचना परिजनों को मिली, तो कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम छिछौनापुर पट्टी निवासी 25 वर्षीय आकाश पुत्र राम रतन नौटंकी में कलाकार का कार्य करता था। बीते तीन साल पूर्व उसका विवाह थाना अमृतपुर के ग्राम गलारपुर निवासी मैकूलाल की पुत्री रूबी के साथ हुआ थी। उसके एक पुत्र दो वर्षीय केशव है। आकाश की पत्नी रूबी होली से अपने मायके में थी। परिजनों के अनुसार बीती रात लगभग 3 बजे आकाश बाइक से अकेले ही बिना बताए निकला। सोमवार सुबह उसका शव थाना अमृतपुर के ग्राम पंचम नगला के निकट खड्डु में पड़ा मिला। सूचना पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस का कहना है की बाइक फिसलने से आकाश की मौत हुई, लेकिन परिजनों ने किसी अनहोनी की आशंका जाहिर की। थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया की बाइक फिसलने से मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



गुमशुम बैठे मृतक के परिजन



मृतक का फाइल फोटो — समृद्धि न्यूज

### दो वारंटी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 28/24 धारा 3/5/8 गोवध अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम से संबंधित अभियुक्त गौतम वर्मा पुत्र राम अवतार वर्मा निवासी नूरपुर करई थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर तथा अपराध संख्या 1477/22 धारा 60 आबकारी एक्ट व 272 आईपीसी से संबंधित वारंटी देवेंद्र पुत्र विष्णुदयाल निवासी रतनपुर पमारान थाना अमृतपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## रेलवे टिकट की दलाली करने वाला युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुखबिर की सूचना पर रेलवे की तत्काल टिकट की दलाली करने वाले आरोपी को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार, प्रधान आरक्षक रामसूरत यादव, आरक्षक संजीव कुमार, आरक्षक देवेंद्र सिंह राघव, महिला आरक्षक कृष्णावती के साथ रेलवे आरक्षण केंद्र फर्रुखाबाद पर एक व्यक्ति को एक तत्काल टिकट के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम दिलीप कुमार पुत्र भूरेलाल निवासी सिंधी कॉलोनी सरदार खान मोहल्ला फर्रुखाबाद बताया। आरोपी रेलवे आरक्षण केंद्र पर तत्काल टिकट बनाकर अधिक कीमत पर यात्रियों को बेचता था। पुलिस ने धारा 143 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# एडीओ पंचायत कमालगंज/मोहम्मदाबाद से स्पष्टीकरण तलब

- कमालगंज, राजेपुर में नालियों की स्थिति खराब पायी गयी
- संचारी रोग नियंत्रण अभियान की डीएम ने की समीक्षा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अभियान के तहत अभी तक किये गए कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र में नालियों की सफाई कम पाई गई। कमालगंज, राजेपुर में नालियों की स्थिति खराब पाई गई। एडीओ पंचायत कमालगंज व मोहम्मदाबाद से स्पष्टीकरण तलब किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिले के जो भी अधिकारी व कर्मचारी जिस जगह पर तैनात हैं वहीं पर निवास करें। ऐसा न करने पर अप्रैल माह का वेतन रोक दिया जाएगा। एडीओ को सभी कर्मचारी तैनाती स्थल पर निवास कर रहे हैं इसका प्रमाणपत्र देने के निर्देश दिये गये। यूनिसेफ ने बताया कि एन्टी लार्वा ट्रीटमेंट जनपद में कम हुआ है। ईओ नगर पालिका को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।





बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

## रामेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में लगा होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर

कंपिल, समृद्धि न्यूज

**ऐतिहासिक** मंदिर के विश्राम गृह में महंत के निर्देशन में एक निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सालय का शुभारंभ किया गया। जिसमें दूर दराज से आए मरीजों को परामर्श व दवाई वितरित की गयी। नगर में स्थित रामेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण में सोमवार को होम्योपैथिक चिकित्सालय शिविर का शुभारंभ महंत आनन्द गिरी ने पूजा अर्चना व फीता काटकर किया। शिविर में लगभग साठ मरीजों की बीमारियों का उपचार कर दवाई वितरित की गयी। इस अवसर पर महंत ने कहा यह शिविर माह के चार रविवार लगेगा। इसमें आसपास व दूरदराज से आए गरीब व असहाय लोगों को निःशुल्क परामर्श मिलेगा।

## कपड़ा व्यापारी नें फांसी लगाकर दी जान



मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस व इन्सेट में मृतक का फाइल फोटो

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कपड़ा** व्यापारी ने गृह कलह में चलते अपनी गोदाम में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के मोहल्ला बजरिया शेख ईनायत अली निवासी 50 वर्षीय अनीस उल रहमान मोहल्ले में ही कपड़े का शोरूम चलाते थे। जानकारी में मुताबिक अनीस उल रहमान सुबह पांच बजे घर से कानपुर जानें के लिए निकले। सुबह लगभग 9.30 बजे उनका पुत्र आसिफ गोदाम से माल निकालने गया, तो अनीस उल रहमान दुपट्टे से पंखे के कुंडे में फांसी पर झूल रहे थे। अनीस उल रहमान की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना पर कोतवाल जेपी शर्मा व तिकोना चौकी इंचार्ज येतेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस नें शव को कब्जे में ले लिया। मृतक की पत्नी नसरीन बानो आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं मोहल्ल के लोगों का कहना कि कपड़ा व्यापारी ने गृह कलेश के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

# भक्तों ने मां कालरात्रि की पूजा अर्चना कर मांगी सुख समृद्धि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**चैत्र नवदुर्गा** के सातवें दिन नगर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर दुर्गा देवी के सातवें स्वरुप कालरात्रि का विधि विधान से पूजन किया। लोगों ने उपवास रखकर मां की उपासना की। मंदिरों में बाहर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात रहा।

माँ दुर्गाजी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गापूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्त्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्माण्ड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। कहा जाता है कि कालरात्रि की उपासना करने से ब्रह्माण्ड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुलने लगते हैं और तमाम आसुरी शक्तियां उनके नाम के उच्चारण से ही भयभीत होकर दूर भागने लगती हैं। इनकी कृपा से भक्त हर तरह के भय से मुक्त हो जाता है। सोमवार को पूजन करने के लिए देवी मंदिरों पर सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा। नगर के पल्ला मठिया मंदिर, गुरगांव देवी मंदिर, महाकाल मंदिर, काली देवी मंदिर मऊदरवाजा, बढ़पुर स्थित शीतला देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, भोलेपुर स्थित वैष्णोदेवी मंदिर, फतेहगढ़ के कालीबाड़ी मंदिर सहित नगर के कई छोटे-बड़े सभी मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने माथा टेंका और माता कालरात्रि की पूजा अर्चना कर सर्वमंगल की कामना की। वहीं घरों में व्रत रखे भक्तों ने मां की पूरे दिन आराधना की। शाम को महिलाओं ने मां के भजन कीर्तन किये। मंदिरों से बज रहे घंटा घड़ियालों की धुन से नगर का माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक नजर आया। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों पर पुलिस तैनात रही।



मठिया देवी मंदिर पर पूजा अर्चना करते भक्तगण

# आजादी के बाद पहली बार गांव में पहुंची लाइट

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**हमारे देश** की आजाद हुए 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी अमृतपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम मांझा अभी तक विद्युत व्यवस्था से कोसों दूर था। बिजली न होने के कारण लोग अपनी लड़कियों की शादी यहां के लड़कों से नहीं करते थे। जैसे तैसे लड़कों की शादी हो भी जाती थी तो दहेज में मिला हुआ सामान एक सो पीस की तरह रखा रहता था। इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी किसी भी राजनीतिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव में विद्युत व्यवस्था पहुंचाने के विषय में नहीं सोचा। 2015 में यहीं के प्राथमिक विद्यालय में एक बृजेश कुमार नाम के प्रधानाध्यापक की नियुक्ति हुई, जो उस गांव के बच्चों के भविष्य को लेकर काफी चिंतित हुए, क्योंकि विद्युत ना होने से बच्चों का भविष्य अंधेरे में नजर आ रहा था। फिर प्रधानाध्यापक ने अपने विभाग को पत्र लिखना शुरू किया। काफी लंबे समय के बाद उस पत्र के फलस्वरुप राज्य परियोजना विभाग व बेसिक शिक्षा विभाग के अथक प्रयासों से जेई होरीलाल वर्मा के नेतृत्व में बनी टीम के द्वारा कार्य करने से गांव मांझा में लाइट पहुंच सकी। जैसे ही गांव में लाइट पहुंची वहां के ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आ रही थी। जेई होरीलाल वर्मा ने बताया है कि जिस ठेकेदार को यह कार्य दिया गया था वह कार्य को अधूरा छोड़कर भाग गया। फिर मैंने अपनी टीम को लगाकर इस कार्य को किया है। हमारा प्रयास है कि हम जल्द से जल्द इस गांव के हर घर को लाइट की रोशनी से रोशन करने का काम करेंगे।





स्कूली में जलती लाइट व मौजूद शिक्षक व बिजली कर्मचारी — समृद्धि न्यूज

## दलित युवक के साथ मारपीट करने एक ही परिवार के चार लोगों को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष एससी/एसटी न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने सतीश बाथम पुत्र रामलड़ैते, कल्लू, बंटी पुत्रगण सतीश, मंजू पत्नी सतीश बाथम निवासीगण गाढ़ी इज्जत खां कोतवाली कायमगंज को दोषी करार देते हुए दो वर्ष की परिवीक्षा से दण्डित किया। बीते 10 वर्षो पूर्व कोतवाली कायमगंज के मोहल्ला निवासी गढ़ी इज्जत खां निवासी मिथलेश पत्नी राजराम ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मैं अपने घर की दीवार पर मिट्टी लग रही थी। थोड़ी सी मिट्टी पड़ोस के घर पर गिर गयी। उक्त लोग बाहर आकर जातिसूचक गाली-गलौज देने लगे। विरोध करने पर मारने पीटने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अशोक कटियार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने सतीश बाथम, कल्लू, बंटी, मंजू को दोषी करार देते हुए दो वर्ष की परिवीक्षा से दण्डित किया है।

# छात्राओं ने हस्ताक्षर कर मतदाता जागरुकता कार्यशाला में लिया भाग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिला** निर्वाचन अधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा के निर्देशन में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कम मतदान वाले बूथ संख्या 204 एन0ए0के0पी 0इंटर कॉलेज लोहाई रोड में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा के निर्देशन में पोस्टर तथा स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा स्वीप से संबंधित जानकारी दी गई। महिला मतदाता जागरूकता प्रभारी भारती मिश्रा द्वारा छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा गया कि आप में से कई ऐसी छात्राएं हैं जिनका प्रथम अवसर है मतदान करने का, इस अवसर को



हस्ताक्षर अभियान में भाग लेती छात्रायें — समृद्धि न्यूज

त्योहार के रूप में मनाएं। अपने साथ अपनी गली मोहल्ले के समस्त लोगों से भी मतदान कराने की जिम्मेदारी उठाएं। बालिकाओं में अपार शक्ति होती है, इस शक्ति का प्रयोग राष्ट्रहित से जुड़े कार्यों में करें, यह उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। छात्राओं ने पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से अपने भाव प्रकट किए तथा अधिक से अधिक मतदान का संकल्प लेते हुए हस्ताक्षर भी किए। साथ ही सभी को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी गई। नीरज शुक्ला ने गीत के माध्यम से सभी को मतदान हेतु प्रेरित किया। वैभव सोमवंशी ने सभी से अपील की 13 मई को बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें। इस अवसर पर वसुधा, नीता दुबे, लक्ष्मी प्रजापति, प्रीति, मीनू आनंद, रुचि यादव, निहारिका सिंह, वर्षा शर्मा, विजय कुमारी, प्रगति शुक्ला, हेमलता शर्मा, अर्चना त्रिवेदी, ऋतु सक्सेना, मालती, सीमा दुबे, साधना मिश्रा, श्वेता शाक्य, रूपाली गुप्ता, पुष्पा तिवारी, अनूप कुमार मिश्र, आनंद प्रकाश द्विवेदी, हेमंत कुमार, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार, दिलीप कुमार, वीरेंद्र, कांति, रेखा, ललित चतुर्वेदी, दुर्गेश, लक्ष्मी, साधना, रूपाली, नीति, श्वेता, मीनू, रुचि, कल्पना, प्रगति, सीमा, सेजल, वंशिका, सपना, नेहा, सगुन, विनीता शाक्य, मोनिका राजपूत, श्रुति वर्मा आदि ने शपथ लेकर हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर किए। भारती मिश्रा ने नारे लगाते हुए कहा द्वार द्वार पर नोट करो, 13 मई को वोट करो, देश का होगा तब कल्याण, जब होगा शत-प्रतिशत मतदान।

# जनसत्ता दल छोड़कर रमन सिंह राठौर हुए सपा में शामिल

▸ समीर यादव बने सपा की प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारसी की मौजूदगी में जन सत्ता दल छोड़कर आये रमन सिंह राठौर को पार्टी में शामिल किया गया। मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव रोहित शाक्य ने उन्हें सदस्यता ग्रहण करायी।

उन्होंने बताया कि वो वर्तमान सरकार की नीतियों से आहत है। जिले में सरकार द्वारा कोई ऐसा कार्य नहीं किया गया जो धरातल पर दिखायी पड़े। आज युवा बेरोजगार घूम रहा है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शशांक


सपा में शामिल होते रमन सिंह राठौर — समृद्धि न्यूज

सक्सेना, गौरव यादव आदि लोग मौजूद रहे। वहीं समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से समीर यादव को समाजवादी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य नामित किया है। वह शुरु से पार्टी में रहकर लोहिया वाहिनी युवजन सभा, यूथ ब्रिगेड के अलावा, जिला महासचिव भी रह चुके है।

# संस्कार भारती के पदाधिकारियों को दिलायी गई मतदाता जागरुकता की शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी के** निर्देशन में चल रहे मतदाता जागरुकता अभियान के तहत पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में महिला मतदाता जागरुकता प्रभारी भारती मिश्रा ने बैनर लेकर संस्कार भारती के सभी पदाधिकारियों को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी। संस्कार भारती द्वारा आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में नवीन मिश्रा नब्बू ने मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए जागरुक किया। भारती मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु स्वीप द्वारा चुनाव पाठशाला के तहत मतदाताओं को शपथ दिलायी



संस्कार भारती के कार्यक्रम में मतदाताओं को शपथ दिलाती भारती मिश्रा

और कहा कि मतदान रुपी इस त्योहार में 13 मई को भागीदारी करते हुए विकास के लिए मतदान करें। इस मौके पर संस्कार भारती के अध्यक्ष डा0 नवनीत गुप्ता, आदेश अवस्थी, रजनी लौगानी, अर्पण शाक्य, अनुभव सारस्वत, कुलभूषण, कविता शुक्ला, रीतू शुक्ला, दिलीप कश्यप, हेमलता शर्मा, नीरज शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में पांच घायल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** दो तेज रफ्तार बाइकों की भिड़ंत में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद शाहजहाँपुर के कलान रसोईया निवासी 40 वर्षीय लाला राम पुत्र रामस्वरूप अपने 22 वर्षीय पुत्र संजीव के साथ फर्रुखाबाद की तरफसे अपने घर कला जा रहे थे। वहीं सामने से अमृतपुर निवासी 40 वर्षीय संतोष पुत्र शिवपाल, 35 वर्षीय पत्नी ज्योति और 5 वर्षीय पुत्र के साथ फर्रुखाबाद शादी के कपड़े लेने जा रहे थे। उसी दौरान दोनों बाइक सवारों की ग्राम मोतीपुर के निकट आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। जिससे दोनों बाइकों पर सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायलों को राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डा0 अमित वर्मा ने लालाराम व संजीव की हालत गंभीर होने पर जिला लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

# सिटी गर्ल्स इंटर कॉलेज में अम्बेडकर जयंती का हुआ आयोजन



अम्बेडकर जयंती मनाती शिक्षिकायें — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सिटी गर्ल्स** इंटर कालेज में अम्बेडकर जयन्ती कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साहपूर्वक किया गया। राधा देवी द्वारा अम्बेडकर के जीवन के बारे में बड़ी ही गहनता से बताया गया। प्रधानाचार्या ऐस्तर रोज दयाल ने बताया कि अम्बेडकर जैसे महापुरुषों के प्रयास ने ही हाशिये पर पड़े समुदायों के उत्थान, सामाजिक न्याय की वकालत और समानता की निरन्तर खोज में उनके योगदान ने भारतीय समाज पर एक अमिट छाप छोड़ी है। ममता यादव ने बोर्ड सजाकर अपना योगदान दिया। इस अवसर पर मीनाक्षी विल्किंसन, संध्या दयाल, अमन मनीला मैसी, शिवानी प्लोमर, आकांक्षा विल्किंसन, निधि सिंह व अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### 16 अप्रैल को भाकियू के समर्थन में राकेश टिकैट करेंगे महापंचायत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। ब्लाक राजेपुर के ग्राम कमालुद्दीनपुर निवासी रामनारायण पांडे की जमीन पर आरआरसी सेंटर कूड़ादान बनाने का काम शुरु हुआ था। जिस पर तहसीलदार, कानूनगो व लेखपाल एवं प्रधानपति ने काम शुरु करवाया था। रामनारायण पांडे द्वारा कीटनाशक पीने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई। उन्हें लोहिया से गंभीर हालत में रेफर किया गया। उनकी पत्नी नीता पांडे ने एसडीएम, तहसीलदार व प्रधानपति पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। किसान यूनियन के प्रवक्ता अजय कटियार सहित लोगों ने पहुंचकर मुकदमा लिखवाना चाहां। 36 घंटे बाद मुकदमा लिखा गया। पुलिस की ओर से भी आचार संहिता व लेखपाल की ओर से व प्रधानपति की ओर से तीन मुकदमे लिखे गये थे। जिसका किसान यूनियन ने विरोध किया था। इस संबंध में राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैट से मिलकर जानकारी दी गई। राकेश टिकैट के निर्देश पर महापंचायत होने का ऐलान किया गया। किसान यूनियन ने कहा कि फर्जी मुकदमे वापस लिये जाये। साथ ही तीन वर्ष से एक ही जनपद में डटे थानाध्यक्ष आमोद कुमार सिंह का स्थानांतरण किया जाये। इन बिन्दुओं पर चर्चा करने के बाद महापंचायत करने का निर्णय लिया गया है। 16 अप्रैल को नेकपुर चौरासी में राकेश टिकैट आकर महापंचायत करेंगे।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने छापे मारकर संग्रह किये नमूने



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चैत्र नवरात्र के अवसर पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिजेन्द्र कुमार, डॉ0 शैलेंद्र रावत, विमल कुमार व आशीष कुमार वर्मा ने निकट पंजाब नेशनल बैंक बाजार कला शमशाबाद स्थित सूरज पुत्र प्रमोद कुमार के खाद्य प्रतिष्ठान किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ साबूदाना का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया। संतोषापुर शमशाबाद स्थित संजय कुमार पाल पुत्र रामरहीश पाल के खाद्य प्रतिष्ठान किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ मैदा का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया। संतोषापुर शमशाबाद स्थित कृपाल सिंह पुत्र रामपाल सिंह के खाद्य प्रतिष्ठान पाल प्रोविजन स्टोर से खाद्य पदार्थ छुआरा का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया। मेन रोड चिलसरा स्थित मुकेश कुमार पुत्र रामप्रकाश के खाद्य प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ पनीर का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया। नैनिया नगला चिलसरा रोड स्थित भगवान नन्द सिंह पुत्र शिव सिंह के खाद्य प्रतिष्ठान किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ किशमिश का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया। चिलसरा रोड स्थित सुखदेव पुत्र रामसिंह के खाद्य प्रतिष्ठान सुखदेव किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ किशमिश का 01 नमूना जांच हेतु संग्रह किया गया। कुल मिलाकर आधा दर्जन नमूने संग्रह किये गये।

### बच्चों से भरी स्कूली बस के दो टायर फटे, हादसा टला




**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्कूल से वापस आ रही बच्चों से भरी बस के एक तरफ के दोनों टायर फटने से बड़ा हादसा टल गया। अनियंत्रित हुई बस को चालक ने आनन-फानन में काबू करते हुऐ थाना गेट के सामने ही बस को रोड पर ही रोक दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार को सीपी विद्या निकेतन कायमगंज के बस चालक योगेश कुमार छुट्टी के बाद बच्चों को शमसाबाद छोड़ने जा रहे थे। शमशाबाद थाने गेट के सामने फैजबाग शमशाबाद रोड पर बस के पीछे के एक ही पहिए के दोनों टायर गर्मी के चलते फट गए। जिससे बस अनियंत्रित हो गयी। जिससे बच्चों में अफरा तफरी मच गयी। चालक ने साहस का परिचय देते हुए बस को तुरंत रोक दिया। बीच रोड पर बस रोकने से जाम जैसी स्थति उत्पन्न हो गयी। चालक ने टायरों को बदलकर लगभग 40 मिनट बाद बच्चों को गंतव्य तक पहुंचाया। चालक योगेश ने बताया टायर फटने से रोड पर ही बस को रोकना पड़ा।

### मासूम की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना अलीगंज के गांव समोर भट्टा निवासी अमर मलिक का 9 माह के पुत्र की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन अस्पताल लाये जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

# रामदास सागर की अध्यक्षता में धूमधाम से मनायी गई अम्बेडकर जयन्ती


शोभायात्रा में मौजूद लोग — समृद्धि न्यूज

मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज

**मोहम्मदाबाद** ब्लाक कार्यालय गेट के पास लगी अम्बेडकर मूर्ति पर रामदास सागर की अध्यक्षता में केक काटकर उनके अनुयायियों ने जयंती मनायी। यदुवीर सिंह यादव, वीरसिंह, रामलड़ैते, श्यामदयाल गौतम, राजू चक, रामनिवास, सूरजपाल सागर, शैलेन्द्र वर्मा आदि ने बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण किया। बाबा साहब की झांकी और शोभायात्रा संकिसा रोड रोड एक कोल्ड स्टोरेज से प्रारम्भ करके नगर घूमती हुई मूर्ति पर माल्यार्पण कर समापन हुई। शोभायात्रा में मौजूद लोग बाबा साहब अमर रहे के नारे लगा रहे थे।

# लोकसभा संयोजक शिव महेश दुबे ने घोषणा पत्र पढ़कर सुनाया

▸ पत्रकारों के सवालों का जबाव देने से कतराते रहे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**भारतीय जनता** पार्टी के लोकसभा संयोजक शिवमहेश दुबे ने पत्रकार वार्ता में कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र 2047 का भारत विकसित पत्र है। इसमें हर वर्ग को सौहलियत देते हुए संकल्प पत्र की घोषणा की गई है। आवास विकास स्थित भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर शिवमहेश दुबे ने घोषणा पत्र पढ़कर सुनाया और केंद्र सरकार की योजनाओं का बखान किया। पत्रकारों के पूछे गये सवालों का जबाव देने से कतराते रहे। बाद में यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि केवल


वार्ता में घोषणा पत्र पढ़ते शिव महेश दुबे — समृद्धि न्यूज

घोषणा पत्र के लिए प्रेस वार्ता बुलायी है। पत्रकार वार्ता के दौरान संवाददाताओं को ऐसा महसूस हो रहा था कि लिखा लिखाया बयान मेरा सुनो और अखबार में छाप दो। इसके अलावा हम कुछ नहीं बोलेंगे और न ही सुनेगें। जिला स्तर पर विकास के बारे में चुप्पी साध ली। केंद्र व प्रदेश में सरकार भाजपा की है। सांसद के अलावा लोकसभा क्षेत्र में पांच विधायक भाजपा के है। एमएलसी भी भाजपा का है। अब चेयरमैन भी वॉशिंग मशीन में धुलने के बाद भाजपा के हो गये है। उसके बावजूद भी सवाल किससे पूछे जाये। इस तरह से अखबार वालों के प्रश्नों का उत्तर न देने से यह साफ महसूस हो रहा था कि हम जो कह रहे है उसी को मानो। वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, पीयूष, संजीव गुप्ता, दिलीप भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

# संस्कार भारती द्वारा नव संवत्सर के उपलक्ष्य में भजन संध्या का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कला एवं** साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा भारतीय नववर्ष नव संवत्सर के उपलक्ष्य में भजन संध्या का आयोजन किया गया।

रविवार देर शाम को नगर के प्राचीन कालीन पांडेश्वर नाथ शिव मंदिर में आयोजित भजन संध्या का शुभारंभ संस्था के ध्येय गीत से हुआ।

अरविंद दीक्षित ने भारतीय नव वर्ष पर प्रकाश डाला। आदेश मिश्रा ने गणेश वंदना की। साधना श्रीवास्तव, हेमलता श्रीवास्तव ने भारतीय नव वर्ष की रंगोली बनाई। गौरव मिश्रा बंटी ने श्राम नाम अति मीठा है कोई गाजे देखे, आ जाते है राज कोई बुलाके देखे भजन प्रस्तुति किया। दीपक मिश्रा


भजन प्रस्तुत करती आस्तिकि मिश्रा — समृद्धि न्यूज

ने ओ मेरे श्याम सलोने सरकार, बना दो बिगड़ी मेरी भजन प्रस्तुत किया। वैभव मिश्रा ने अरज सुनो मोरी शेरा वालिएं, आशुतोष मिश्रा हे हरि मैं तो प्रेम दीवानी, मेरो दर्द न जाणै कोय। लोक गायिका आस्तिकि मिश्रा ने देखो मिथिला मगन भई आज, सिया को जन्म भयो, जन्म भयो रामा जन्म भयो व जन्मे है राम रघुरैया, अवधपुर में बाजे बधैया।

संयोजक नरेन्द्र नाथ मिश्रा ने मां मुझे अपने आंचल में छिपा ले, गले से लगा ले आदि भजन पर शानदार प्रस्तुति दी। अन्नू शुक्ला, आशुतोष मिश्र, प्रीति तिवारी आदि ने भजन गीत गाए। मिष्ठी मुकर्जी ने महिषासुर मर्दिनी स्तोत्रम् नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। कुलभूषण श्रीवास्तव ने सभी का चंदन तिलक लगाकर अभिनंदन किया। अध्यक्ष डॉ0 नवनीत गुप्ता ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर दिलीप कश्यप, अर्पण शाक्य, अरविंद दीक्षित, सुरेन्द्र पाण्डेय, संजय गर्ग, रविन्द्र भदौरिया, अर्चना द्विवेदी, प्रभात मिश्रा, अनुपम मिश्रा, आदेश अवस्थी, समरेंद्र शुक्ल, शशिकांत पाण्डेय, रीतू शुक्ला, शिवम शर्मा, कुलभूषण श्रीवास्तव, नवीन मिश्रा नब्बू, भारती मिश्रा, सिमरन सिंधी, अमित सक्सेना, राज गौरव पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# खड़ी ओमनी कार में अचानक लगी आग, मची अफरातफरी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सीएचसी में** खड़ी ओमनी कार में अचानक आग लग गई। जिससे अपरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर तत्काल सीएचसी प्रभारी डॉ0 आरिफ सिद्दीकी, डॉ0 अमित वर्मा, फार्मासिस्ट आलोक कटियार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बाल्टी से पानी डलवाकर आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार राजेपुर सीएचसी पर खड़ी ओमनी कार में सोमवार को दोपहर में अचानक आग लग गयी। जिससे अफरातफरी मच गयी। घटना की सूचना सीएचसी प्रभारी डॉ0 आरिफ सिद्दीकी को दी गयी। जिस पर वह डॉ0 अमित वर्मा


ओमनी कार में लगी आग बुझाता माली

तथा फार्मासिस्ट आलोक कटियार के साथ मौके पर पहुंचे। डियूटी पर तैनात माली व अन्य कर्मचारियों से पानी डलवाकर आग पर काबू पाया। डॉ0 आरिफ सिद्दीकी ने बताया कि किसी व्यक्ति के द्वारा बीड़ी, सिगरेट पीकर उसमें डाल दी गई। जिससे खड़ी ओमनी कार में आग लग गई। डयूटी पर मौजूद गार्डन कर्मचारी के द्वारा आग पर काबू पा लिया गया

# आलू के भाव में तेजी, जमाखोरों की बल्ले-बल्ले

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सातनपुर** आलू मण्डी में 50 रुपये कुंटल का उछाल आया। अब दिनों-दिन आलू मण्डी में कम होता जा रहा है। सोमवार को लगभग 20 से 25 मोटर आलू की आमद रही। पुखराज व ख्याती आलू के भाव में 50 रुपये कुंटल का उछाल रहा। पुखराज ख्याती आलू 1501 रुपये से 1801 रुपये कुंटल तक बिका। वहीं लाल हालैंड आलू में 50 रुपये कुंटल रुपये की गिरावट रही। 1551 रुपये से 2001 रुपये कुंटल आलू बिका। हालैंड छट्टा आलू की मांग उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों में भी


मण्डी में आलू भरते पल्लेदार

है। इस बार किसानों को आलू के भाव में ठीक-ठाक मुनाफा हुआ है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष आलू में किसानों ने मुनाफा कमाकर पिछले वर्ष की क्षति पूरी की है। आलू आढ़तियों के अलावा आलू किसान, आलू व्यापारी सभी की इस वर्ष बल्ले-बल्ले रही। वहीं आलू जमाखोरों ने भी जमकर मुनाफा कमाया। शुरुआत में 700 से 800 रुपये कुंटल आलू खरीदकर जमाखोरों ने कोल्ड स्टोरेज में रख लिया था। अब वह जनपद के अलावा बाहर की मंडियों में ले जाकर अच्छाखासा मुनाफा कमा रहे है। आम जनता को आसानी से 10 से 15 रुपये किलों मिलने वाला आलू अब 20 से 25 रुपये किलों में मिल रहा है। ऐसे में जमाखोरों की बल्ले-बल्ले हो रही है। किसानों को मात्र लागत के अनुसार कुछ ही मुनाफा मिला है, जबकि जमाखोरों को जमकर आलू के भाव में मुनाफा मिला है।

# कृष्ण-सुदामा चरित्र की कथा सुन भक्त हुए भाव विभोर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**श्री राधाबल्लभ** धर्मार्थ सेवा समिति में चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्तम दिवस में कथा व्यास साध्वी आर्या पंडित ने बड़े भाव से गोपी गीत को श्रवण कराया। बैठे हुए समस्त श्रद्धालु भक्त भाव विभोर हो गए। साथ में मीरा चरित्र का श्रवण पान कराते हुए बताया मीरा ने प्रभु प्रेम को अपने हृदय में प्रकट कर प्रेम के रूप में जगत को दर्शन कराया और बताया भगवान से मिलाने का कार्य एक मीरा जैसी संत भक्त ही करा सकती है और सुदामा चरित्र की कथा का श्रवण पान कराया। उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र श्री कृष्ण से



साध्वी आर्या पंडित का स्वागत करती प्रीती तिवारी


कथा का रसपान करती महिलायें — समृद्धि न्यूज

मिलने द्वारिका पहुंचे। जब वह द्वारिका पहुंचे तो वहां पर खड़े हुए द्वारपाल ने उन्हें रोक लिया। उन्होंने बताया कि वह भगवान श्री कृष्ण के मित्र हैं जब द्वारपाल ने जाकर प्रभु को बताया कि आपके मित्र सुदामा आपसे मिलने आए हैं। इतना सुनते ही भगवान दौड़े दौड़े बाहर महल के आए और सुदामा को सीधे अपने हृदय से लगा लिया। दोनों की मित्रता को देखकर वहां पर खड़े सभी अचंभित हो गए और भगवान श्री कृष्णा सुदामा को अपने राज सिंहासन पर ले जाकर बिठाया। कहते हैं कि जब भी भक्तों पर विपदा आती है प्रभु उनका तारण करने अवश्य आते हैं। बताया मित्रता करनी है तो भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी जैसी करो। इसी के साथ बड़े ही धूमधाम से होली महोत्सव को मनाया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तजन एकत्रित रहे। कथा विराम होने के पश्चात कथा व्यास साध्वी आर्या पंडित का भव्य फूलों से कई मीटर तक स्वागत किया गया। प्रीती तिवारी ने साध्वी आर्या पंडित का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण एवं महिलायें मौजूद रही।

# कांग्रेस भ्रष्टाचार व परिवारवाद की गारंटी देने वाली पार्टी : पुष्कर धामी

## विकसित उत्तराखंड व विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए 400 पार के नारे को करना है सिद्ध

समृद्धि न्यूज



**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री धामी ने सोमवार को मसूरी में चुनावी जनसभा में कहा कि उत्तराखण्ड के मूल स्वरूप से किसी भी कीमत पर खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मोदी को हराने के लिए भ्रष्टाचारियों ने ठगबंधन बना लिया है। कांग्रेस भ्रष्टाचार और परिवारवाद की गारंटी देने वाली पार्टी है। साल 2014 से पूर्व कांग्रेस के शासनकाल में हर दिन कोई घोटाला होता था।

सोमवार को गांधी चौक मसूरी में टिहरी लोकसभा के पार्टी उम्मीदवार माला राज्यलक्ष्मी शाह के समर्थन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के देवभूमि आगमन पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज देश के 17 राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकार है। उन्होंने कहा कि आपकी सरलता, सहजता और शालीनता से हम सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के 140 करोड़ नागरिकों को अपना परिवार मानकर अंत्योदय के लक्ष्य को लेकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। 10 सालों में हर पल हर क्षण देशवासियों को समर्पित किया है। उन्होंने कहा विकसित उत्तराखंड और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए 400 पार के नारे को सिद्ध करना है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास के कई कीर्तिमान स्थापित किये हैं। आधुनिक भारत के साथ आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की ओर से जारी संकल्प पत्र में हर क्षेत्र के उदय की बात कही गई है और विकसित भारत का संकल्प लिया गया है। प्रदेश सरकार ने भी राज्य के हित में कई ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। जो उत्तराखंड को बेहतर और श्रेष्ठ राज्य बनाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उन्होंने कहा कि 2022 विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में हमने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का संकल्प रखा था। जनता के आशीर्वाद से हमें सरकार में आने का अवसर मिला। हमने मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए समान नागरिक संहिता विधेयक पारित कर दिया। भाजपा की ओर से जारी संकल्प पत्र में पूरे देश के अंदर यूसीसी की जरूरत बताई है। यूसीसी को लागू करने की बात कही है। उत्तराखंड के अंदर से निकली समान नागरिक संहिता की गंगा देश के कोने कोने में पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि नकल विरोधी कानून को भी संकल्प पत्र में स्थान दिया गया है, जिसे हम राज्य में पहले ही लागू कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में लैंड जिहाद पर कार्रवाई हुई है। प्रदेश में दंगारोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किया हुआ है। उन्होंने कहा पिछले दिनों हमने अतिक्रमण हटाने के अभियान को जारी रखने की बात कही थी। जिसका कांग्रेस के लोगों ने दुष्प्रचार शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा उत्तराखंड के मूल स्वरूप को बिगाड़ने वाले, हमारी संस्कृति को नुकसान पहुंचाने वाले अतिक्रमण पर भी कांग्रेस राजनीति कर रही है।

### कांग्रेस ने इमरजेंसी लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस सरकार में हर दिन घोटाले और घपले सामने आते थे। देश में सभी बड़े घोटालों के पीछे कांग्रेस का हाथ है। मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार किया जा रहा है। यही कारण है कि कांग्रेस और देश के अन्य भ्रष्टाचारी दलों ने मिलकर गठबंधन कर लिया है। जनता का भरोसा खोने के बाद विपक्ष ईवीएम को दोष देता है, तो कभी लोकतंत्र को खतरे में बताते हैं। कांग्रेस ये कभी नहीं बताएगी कि हज़ारों सिखों का कत्लेआम करने वाले लोकतंत्र की झूठी बात करते हैं। इन्हीं लोगों ने सत्ता हथियाने के लिए देश में इमरजेंसी लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया था। उन्होंने कहा कांग्रेस के काले कारनामों की सूची बहुत लंबी है। आज देश में जितनी भी समस्याएं हैं उनके पीछे कांग्रेस है। आज मोदी के नेतृत्व में हर एक समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टिहरी गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र का रिकॉर्ड कायम रखते हुए हैट्रिक लगानी है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 19 अप्रैल को पहले मतदान करें, फिर जलपान करें। माला राज्यलक्ष्मी को विजयी बनाकर मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान दें।

## दिग्विजय सिंह सबसे बड़े रामद्रोही, हर जगह रंग बदलकर करते हैं बात : डॉ. मोहन यादव



**राजगढ़।** यह लोकसभा का चुनाव राम के भक्तों, पक्षधरों और राम के विरोधियों के बीच है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण को लेकर राजनीति करने का कार्य किया है। कांग्रेस ने हिंदू-मुसलमानों को लड़ाकर वोट बैंक की राजनीति की है। कांग्रेस में भी सबसे बड़े रामद्रोही दिग्विजय सिंह हैं, जो हर जगह रंग बदलकर बात करते हैं।

दिग्विजय सिंह 10 वर्षों तक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन वे राजगढ़ का विकास नहीं कर सके। राजगढ़ का विकास अगर किसी ने किया है तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने किया है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजगढ़ लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी रोडमल नागर के नामांकन रैली में शामिल होकर मंगल भवन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा पर दुनिया भर में खुशी मनाई गई, लेकिन कांग्रेस पार्टी को खुशी नहीं हुई। जनसभा से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राजगढ़ लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी रोडमल नागर का नामांकन दाखिल कराया।

### पीएम ने गरीब कल्याण कर बढ़ाया भारत का मान : शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने जनसभा में कहा कि यह सामान्य चुनाव नहीं है। यह चुनाव भारत को विकसित बनाने के साथ देश को विश्व गुरू बनाने के लिए हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने बीते 10 वर्षों में गरीब कल्याण के कार्यों से लेकर विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है। 500 वर्षों के संघर्ष और बलिदान के बाद 22 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भगवान श्री रामलला की प्राणप्रतिष्ठा हुई और भारत ही नहीं पूरी दुनिया में इतिहास बना। कांग्रेस और सोनिया गांधी, राहुल गांधी और राजगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह ने भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का बहिष्कार कर भारतीय संस्कृति का अपमान और हिंदुत्व पर हमला करने काम किया है। आतंकवादियों से गले मिलने का काम दिग्विजय सिंह ने किया। राजगढ़ तो रामभक्तों की धरती है, राजगढ़ की धरती पर भगवान श्री राम का अपमान करने वाले नहीं चलेंगे। यह वही दिग्विजय सिंह हैं, जिन्होंने मध्यप्रदेश का बंटाढार किया था।

## अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर की तलाशी पर भड़की ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के हेलीकॉप्टर में इनकम टैक्स के अधिकारियों की छापेमारी को लेकर सीएम ने नाराजगी जताई है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा है कि वे केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहे हैं ताकि हमें परेशान कर सकें लेकिन कोई फायदा होने वाला नहीं है। कूचबिहार के रासलीला मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि अभिषेक बनर्जी का हेलीकॉप्टर चेक कर रहे हैं। कहते हैं कि उसमें सोना और रुपया लेकर चल रहे हैं। हम लोग ऐसा नहीं करते।उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जलपाईगुड़ी आए थे लेकिन तूफान पीड़ितों की कोई मदद नहीं की। सबसे बड़ी डकैत पार्टी है भाजपा। उन्होंने भाजपा से केंद्र सरकार के कार्यों पर श्वेत पत्र प्रकाशित करने की मांग की।

# अमरनाथ यात्रा के लिए शुरू हुआ अग्रिम पंजीकरण परमिट के लिए निर्दिष्ट बैंक शाखाओं में पहुंचे लोग

एजेंसी



**जम्मू।** वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण सोमवार से शुरू हो गया और यात्रा का परमिट प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में लोग यहां निर्दिष्ट बैंक शाखाओं में पहुंचे। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की घोषणा के अनुसार, दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर की 52 दिवसीय यात्रा 29 जून से शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त होगी।

यात्रा के लिए दो मार्ग हैं, पहला दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में पहलगाम से होता हुआ पारंपरिक 48 किलोमीटर का मार्ग और दूसरा मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर छोटा लेकिन खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग। पंजीकरण प्रक्रिया में शामिल एक अधिकारी ने बताया, अग्रिम पंजीकरण आज (सोमवार) से बैंक की शाखाओं में शुरू हो गया।

पंजीकरण प्रक्रिया देशभर के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की 540 शाखाओं में की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि पहले फार्म हाथ से भरकर जमा कराए जाते थे लेकिन 2022 में आधार प्रमाणीकरण के आधार पर फार्म भरने की पद्धति को अपनाया गया था इसलिए फार्म अब कंप्यूटर से ही भरे जाएंगे। रेहारी की पीएनबी शाखा को अमरनाथ यात्रियों के स्वागत के लिए फूलों से सजाया गया था, जहां पंजीकरण के लिए लोग सुबह से ही कतारों में खड़े दिखाई दिए। जानीपुर की सुमन देवी ने कहा- हम अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे का हिस्सा बनना चाहते हैं। हमारा पंजीकरण हो गया है। यह हमारे लिए खुशी का क्षण है। बोर्ड ने तीर्थयात्रियों के पंजीकरण के लिए देश भर में कुल 542 बैंक शाखाओं को नामित किया गया है। बोर्ड की वेबसाइट पर भी पंजीकरण की सुविधा है।

## 21 पूर्व जजों ने कोर्ट को कमजोर करने के प्रयासों पर सीजेआई को लिखा पत्र

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के लगभग 21 पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायपालिका पर दबाव बनाने और उसे कमजोर करने के लिए किए जा रहे कथित प्रयासों से भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को एक पत्र के जरिए अपनी चिंताओं से अवगत कराया है। पूर्व न्यायाधीशों ने पत्र में मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली न्यायपालिका से ऐसे दबावों के खिलाफ मजबूत होने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि हमारी कानूनी प्रणाली की पवित्रता और स्वायत्तता संरक्षित रहे।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को भेजी गई चिट्ठी पर हस्ताक्षर करने वालों में शीर्ष अदालत के चार पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक वर्मा,न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एम आर शाह शामिल हैं। इनके अलावा हस्ताक्षर करने वालों में बाकी 17 विभिन्न उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश हैं। पूर्व न्यायाधीशों ने अपने पत्र में कहा, हम विशेष रूप से गलत सूचना की रणनीति और न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने के प्रयासों में चिंतित हैं। यह कोशिश न केवल अनैतिक हैं, बल्कि हमारे लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए नुकसानदायक भी हैं। पत्र के जरिए पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ से कहा, यह हमारे संज्ञान में आया है कि ये तत्व (न्यायपालिका पर कथित दबाव बनाने और कमजोर करने का प्रयास करने वाले) संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित होकर हमारी न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### मैरिंगो हॉस्पिटल्स ने रीढ़ की हड्डी की बीमारी के बारे में फैलाई जागरुकता



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मारेंगो एशिया हॉस्पिटल्स, फ़रीदाबाद को रीढ़ की हड्डी से संबंधित काइफ़ोस्कोलियोसिस नामक एक गंभीर बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अपने सहयोग और प्रतिबद्धता की घोषणा करते हुए गौरव का अनुभव हो रहा है। दुनिया भर में लाखों लोग रीढ़ की हड्डी से संबंधित इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं, जिसे देखते हुए ब्रेन एंड स्पाइन सर्जरी विभाग में डॉक्टरों की टीम ने इस बीमारी से पीड़ित लोगों को सही जानकारी देने, उनकी हिमायत करने और सहायता उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। इस टीम की कमान डॉ. तरुण शर्मा, डायरेक्टर एवं एचओडी, के हाथों में है, जिसमें उन्हें डॉ. सचिन गोयल, सीनियर कन्सलटेंट, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल, फ़रीदाबाद का सहयोग प्राप्त है। काइफ़ोस्कोलियोसिस एक गंभीर बीमारी है, जिसमें रीड की हड्डी में दो सतहों का कर्वेचर यानी काइफोसिस, जो आगे से पीछे की ओर कर्वेचर है, तथा स्कोलियोसिस जो अगल-बगल की ओर कर्वेचर है, असामान्य हो जाता है। डॉ. तरुण शर्मा, डायरेक्टर एवं एचओडी, न्यूरोसर्जरी विभाग, मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फ़रीदाबाद, कहते हैं, हम काइफ़ोस्कोलियोसिस से पीड़ित लोगों के लिए शुरूआत में डायग्नोसिस, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता और उनके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए इसके बारे में जागरूकता फैलाने की अहमियत को अच्छी तरह समझते हैं।

### तीन भाइयों की चार करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस टीम ने सोमवार को तीन भाइयों की चार करोड़ रुपये से अधिक की चल-अचल संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर लिया। तीनों भाई हिस्ट्रीशीटर हैं। अपर पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश कुमार मिश्र ने बताया कि मोहल्ला सविता नगर निवासी सुखबीर सिंह, रामवीर सिंह और रिंकू सिंह की संपत्ति कुर्क की गई है। इस दौरान थाना उत्तर पुलिस टीम, तहसीलदार व राजस्व टीम मौजूद रही। सुखबीर के खिलाफ विभिन्न पुलिस स्टेशनों में 12 से अधिक मामले दर्ज हैं। वह एक गैंग लीडर है और अपने भाइयों के साथ आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देता है। उसने और उसके भाइयों ने अपराध के जरिए करोड़ों की संपत्ति बनाई है।

### जब्ती के मामले में राजस्थान देश में पहले स्थान पर

**जयपुर।** राजस्थान में स्वतंत्र, निष्पक्ष, भय मुक्त और प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने के लिए नकदी सहित अन्य संदिग्ध वस्तुओं की जब्ती की जा रही है। प्रदेश की अलग-अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और अवैध नकद राशि के रूप में की गई जब्ती का आंकड़ा 800 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान जब्ती के मामले में देश में पहले स्थान पर है। गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहित लागू होने के बाद 16 मार्च से अब तक एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई संदिग्ध वस्तुओं की कीमत 712 करोड़ रुपये से ज्यादा है। वर्ष 2019 के लोकसभा आम चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता की पूरी अवधि के दौरान कुल 51.42 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी सहित अन्य संदिग्ध सामग्री जब्त की गई थी। इस बार यह आंकड़ा प्रथम चरण के मतदान से पूर्व ही 700 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। राजस्थान में जब्ती के मामले में 1,390 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### खजुराहो सीट पर फारवर्ड ब्लॉक का समर्थन करेगा इंडिया

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्यप्रदेश में खजुराहो लोकसभा सीट पर ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के प्रत्याशी आर बी प्रजापति इंडिया समूह के उम्मीदवार होंगे। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां बताया कि खजुराहो लोकसभा सीट पर ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक के प्रत्याशी आर बी प्रजापति इंडिया समूह के संयुक्त प्रत्याशी होंगे।

### क्राइम ब्रांच ने शुरू की सलमान के आवास पर फायरिंग की जांच

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सलमान खान के आवास के सामने हुई फायरिंग की जांच मुंबई क्राइम ब्रांच ने शुरू कर दी है। बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम ने रविवार को जांच सौंपी थी। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने सोमवार को मौके पर जाकर घटना का जायजा लिया है और छानबीन कर रही है। क्राइम ब्रांच के सूत्रों ने बताया कि सलमान खान के आवास पर फायरिंग करने वाले दोनों आरोपितों के फोटो सीसीटीवी के जरिये मिल गए हैं। साथ ही फायरिंग के लिए उपयोग में लाई गई मोटसाइकिल भी बरामद कर ली गई है। यह मोटरसाइकिल रायगढ़ जिले की है और आरोपितों ने इसे सेकंड हैंड खरीदा था। अब मोटरसाइकिल के पहले मालिक की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि दोनों आरोपितों ने सलमान खान के आवास के सामने फायरिंग करने के बाद मोटरसाइकिल बांद्रा में ही छोड़ दी थी।

## बाबा साहेब के 134वें जन्म दिवस पर बड़ौदा हाउस में हुआ समारोह



समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** सोमवार को उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बडौदा हाउस, नई दिल्ली में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर के 134वें जन्म दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया।

इस समारोह में उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक, शोभन चौधुरी, अपर महाप्रबन्धक अजय सिंघल सहित सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर श्री चौधुरी ने पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहेब के जीवन चरित्र पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी के विचारों पर अमल करना चाहिए तथा कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वाह करना चाहिए। यह बाबा साहेब को हमारी सच्ची पुष्पांजलि होगी।

## हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे : अमित शाह

**इंफाल।** केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह, जो लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए मणिपुर के इंफाल में हैं, ने कहा कि आगामी चुनाव भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं हैं, बल्कि उन लोगों के बीच जो हिंसाग्रस्त राज्य में लोगों को बांटना चाहते हैं और भाजपा, जो इसे बचाना चाहती है। सोमवार को इम्फाल में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई कितनी भी कोशिश कर ले- हम मणिपुर को टूटने नहीं देंगे। अमित शाह ने कहा कि जल्द ही लोकसभा चुनाव शुरू हो जायेंगे। हमें मोदी जी को फिर से अपना प्रधानमंत्री बनाना होगा। यह चुनाव बीजेपी और कांग्रेस के बीच नहीं है. बल्कि, यह उन लोगों के बीच है जो मणिपुर को विभाजित करना चाहते हैं और भाजपा, जो मणिपुर की रक्षा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, मोदी जी ने न केवल भारत को समृद्ध बनाया है बल्कि भारत की सुरक्षा को भी बढ़ाया है।

## भाजपा के संकल्प पत्र से विकसित व समृद्ध भारत की गारंटी : गोयल

एजेंसी



**मुंबई।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मोदी की गारंटी अर्थात गारंटी पूर्ण होने की सकारात्मकता होती है। विश्वास होने के कारण जनता तीसरी बार भाजपा और एनडीए सरकार को आशीर्वाद देगी और फिर एक बार मोदी सरकार बनेगी। केन्द्रीय मंत्री गोयल सोमवार को मुंबई स्थित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश कार्यालय पर आयोजित पत्रकार सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

गोयल ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा का संकल्प पत्र विकास, विरासत और गरीब कल्याण के तीन सिद्धांतों पर जोर देकर समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इसमें युवा, किसान, महिलाएं, गरीब, वरिष्ठ नागरिक, छोटे व्यापारी, श्रमिक सभी का विचार किया गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने युवाओं, किसानों, महिलाओं और उत्पीड़ितों, वंचितों और गरीबों को सम्मान हासिल करने और अपने जीवन को आसान बनाने के कई अवसर दिए गए। आज 80 करोड़ नागरिकों को मुफ्त अनाज, उज्ज्वला योजना से 10 करोड़ से अधिक महिलाओं का स्वास्थ्य सुधार, जल जीवन मिशन के तहत 14 करोड़ परिवारों को पीने का पानी और अन्य अनेक योजनाओं से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गये हैं।

गोयल ने यह भी बताया कि मोदी सरकार ने वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में किए गए अधिकांश वादे पूरे कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण, धारा 370 को रद्द करना, तीन तलाक कानून को रद्द करना, नारी शक्ति वंदन कानून, नागरिकता संशोधन कानून इनमे से कुछ चुनिंदा उदाहरण हैं। गोयल ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में मोदी सरकार ने चार करोड़ गरीबों को पक्का घर दिया है और तीन करोड़ लोगों को घर देने की गारंटी मोदी ने संकल्प पत्र में दी है।

## राहुल गांधी के हेलीकॉप्टर की तमिलनाडु में तलाशी

**चेन्नई।** राहुल गांधी ने अपने और कांग्रेस पार्टी के समर्थन में नारे के बीच भीड़ की ओर हाथ हिलाया। कांग्रेस सांसद दो दिवसीय दौरे पर राज्य में पहुंचे और वह शाम को कोझिकोड में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट की रैली भी करेंगे और अपने निर्वाचन क्षेत्र में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। केरल, जिसके सभी 20 निर्वाचन क्षेत्रों में 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान होना है। चुनाव आयोग के उड़न दस्ते के अधिकारियों ने सोमवार को तमिलनाडु के नीलगिरी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को ले जा रहे एक हेलीकॉप्टर की जांच की। पुलिस ने बताया कि हेलीकॉप्टर के नीलगिरी में उतरने के बाद उड़नदस्ते के अधिकारियों ने तलाशी ली। राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड जा रहे थे, जहां उनकी कई प्रचार गतिविधियां हैं, जिनमें सार्वजनिक बैठकें भी शामिल हैं। राहुल गांधी लगातार कार्यकाल की तलाश में वायनाड से 26 अप्रैल का लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। राहुल गांधी ने वायनाड में एक बड़ा रोड शो किया।

# शरीर को ठंडक देगा सत्तू, डायबिटीज समेत इन बीमारियों से भी मिलेगी राहत



गर्मियों में सत्तू का सेवन कई लोग करते हैं। स्वादिष्ट होने के साथ-साथ यह शरीर को हेल्दी रखने में भी मदद करता है। यह काफी पौष्टिक होता है। मुख्यतौर पर पेट संबंधी समस्याओं को ठीक रखने के लिए यह बेहद लाभकारी होता है।

सत्तू का सेवन करने से गैस, अपच और एसिडिटी से राहत मिलती है। इसका सेवन करने से शरीर में मौजूद टॉक्सिन्स भी बाहर निकलते हैं। इसमें फाइबर, आयरन, मैग्नीशियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। तो चलिए आज इस आर्टिकल के जरिए आपको बताते हैं कि सत्तू का सेवन करने से आपके शरीर को क्या-क्या फायदे होंगे।

### शरीर को मिलेगी ठंडक

बढ़ती गर्मी में सत्तू का सेवन करने से शरीर को अंदर से ठंडा रखने में मदद मिलती है। रोज सुबह इसका सेवन करने से आपका शरीर हाइड्रेट रहेगा। एक्सपर्ट्स की मानें तो खाली पेट सत्तू पीने से पेट और शरीर में ठंडक का एहसास होता है। सत्तू की तासीर ठंडी होती है ऐसे में गर्मियों में सत्तू पीना फायदेमंद होता है।

### कोलेस्ट्रॉल होगा कम

सत्तू में फाइबर पाया जाता है। फाइबर कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा रोज सत्तू खाने से रक्त वाहिकाओं में मौजूद कोलेस्ट्रॉल भी बाहर निकालता है। इसका सेवन करने से ब्लड प्रेशर और हार्ट संबंधी परेशानियों का खतरा भी कम होता है।

### पाचन रहेगा स्वस्थ

इसमें पाया जाने वाला फाइबर पाचन संबंधी समस्याओं से राहत दिलवाने में भी मदद करता है। इसका सेवन करने से मल त्यागने की प्रक्रिया ठीक होती है।

इसके अलावा यह पेट साफ करने में भी मदद करता है। सत्तू का सेवन करने से कब्ज, एसिडिटी जैसी समस्याओं से आराम मिलता है।

### ब्लड शुगर रहेगी कंट्रोल

डायबिटीज रोगियों के लिए सत्तू का सेवन करने से ब्लड शुगर भी कंट्रोल में रहता है। सत्तू में ग्लाइसेमिक इंडेक्स बहुत कम होता है। ऐसे में यह डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद हो सकता है। यदि आप डायबिटीज से जूझ रहे हैं तो इसे अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### बॉडी रहेगा एनर्जेटिक

सत्तू का सेवन करने से आपका शरीर एनर्जेटिक रहता है। इसका सेवन करने से रेड ब्लड सेल्स का तेजी से विकास होता है और शरीर को पर्याप्त ऊर्जा और ऑक्सीजन मिलता है। खाली पेट इसका सेवन करने से थकान और कमजोरी भी दूर होती है।

## गुणों की खान है मुनक्का, पेट व फेफड़ों के रोगों से दिलाता है मुक्ति



मुनक्के का सेवन हमारी सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। मुनक्का खाने में ना सिर्फ सवादिष्ट होता है बल्कि ये काफी पोष्टिक तत्वों से भरपूर भी होता है। इस में विटामिन-ए और विटामिन-ई पाया जाता है जो स्किन से लेकर वात, पित्त और कफ जैसी परेशानियों के लिए लाभदायक होता है। इसकी तासीर गर्म होती है और यह पेट और फेफड़ों के रोगों में भी बहुत लाभकारी है। सिर्फयही नहीं बल्कि इससे कई प्रकार के और भी फायदे होते हैं जिनके बारे में हम आपको आज बताने जा रहे है।

**भीगो कर खाने से :** 10 -12 मुनक्के धोकर रात को पानी में भिगो दें। सुबह को इनके बीज निकालकर खूब चबा -चबाकर खाएं , तीन हफ्तों तक यह प्रयोग करने से खून साफहोता है तथा नकसीर में भी लाभ होता है।

**मुनक्के में लहसुन मिलाकर :** भूने हुए मुनक्के में लहसुन मिलाकर सेवन करने से पेट में रुकी हुई वायु (गैस) बाहर निकल जाती है और कमर के दर्द में लाभ होता है।

**हिमोग्लोबिन की कमी को करे पूरा :** मुनक्के के सेवन से कमजोरी मिट जाती है और शरीर पुष्ट हो जाता है। मुनक्के में लौह तत्व आयरन की मात्रा अधिक होने के कारण यह हिमोग्लोबिन खून के लाल कण को बढ़ाता है।

**चक्कर आने बंद :** 4-5 मुनक्के पानी में भिगोकर खाने से चक्कर आने बंद हो जाते हैं।

**खून को करे साफ:** 10 -12 मुनक्के धोकर रात को पानी में भिगो दें। सुबह को इनके बीज निकालकर खूब चबा-चबाकर खाएं, तीन हफ्तों तक यह प्रयोग करने से खून साफहोता है तथा नकसीर में भी लाभ होता है।

**खांसी से निजात :** 5 मुनक्के लेकर उसके बीज निकल लें, अब इन्हें तवे पर भून लें तथा उसमें कालीमिर्च का चूर्ण मिला ले। इन्हें कुछ देर चूस कर चबा लें ,खांसी में लाभ होगा।